


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-235 ▶ मुंबई, सोमवार, 24 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4

अवनीत कौर का ट्रांसफॉर्मेशन ...पेज 11



बेंगलुरु में संघ का तीन दिवसीय बैठक संपन्न

## भारत विरोधी नहीं हो सकते आईकॉन : होसबोले

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का रविवार (23 मार्च) को समापन हो गया। आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तीन दिवसीय इस सभा में निकले निष्कर्षों को मीडिया के साथ साझा किया। इसके साथ ही सरकार्यवाह ने उन सभी सवालों के भी जवाब दिए, जो देश में वर्तमान में सबसे बड़े मुद्दों से जुड़े हुए थे। दत्तात्रेय होसबोले ने औरंगजेब से लेकर मुस्लिम आरक्षण और बीजेपी अध्यक्ष तक के मुद्दों पर आरएसएस का रुख जानने के लिए पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि भारत के जो विरोधी रहे है उनको आईकान नहीं बनाया जा सकता है।



गंगा-जमुनी तहजीब की बात करने वाले लोग औरंगजेब के भाई दारा शिकोह को याद क्यों नहीं करते हैं? दिल्ली में औरंगजेब रोड को बदलकर अब्दुल कलाम रोड किया तो उसका कोई मतलब है न। तो जो हमारी संस्कृति की बात करेंगे, उसको हम लोग फॉलो करेंगे।

### धर्म आधारित रिजर्वेशन संविधान का उल्लंघन

इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्म आधारित किसी भी तरह का आरक्षण मान्य नहीं है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने भी भारत के संविधान में इसे स्वीकार नहीं किया था। एक बार महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का ऐलान कर दिया था लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इसे लागू नहीं होने दिया।

### जातिगत जनगणना से आएगा बिखराव

हमारे समाज में जाति-बिरादरी के हिसाब से आपस में झगड़े नहीं होने चाहिए। जब खेलों में कोई मेडल आता है या फिर कोई सैनिक बॉर्डर पर शहीद होता है तो हम उसका धर्म-जाति नहीं देखते। हमें उन पर गर्व होता है। यही सद्भाव है। जातिगत जनगणना से समाज में बिखराव आएगा; इससे समाज बंट जाएगा।

### मुस्लिम आरक्षण पर संघ का रूख स्पष्ट

### देश के 1443 प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

बेंगलुरु में आयोजित तीन दिवसीय इस सभा में देशभर के 1443 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें नॉर्थ ईस्ट से लेकर कन्याकुमारी और जम्मू कश्मीर तक के वर्कर्स शामिल थे। सभा में संघ के पिछले एक साल के कार्यकाल की समीक्षा की गई और आने वाले वक्त में संघ के विस्तार और कार्यकुशलता पर जोर देने की बात की गई। होसबले ने कहा, 'विजयादशमी के दिन 100 साल पूरे हो जाएंगे। यह आत्मचिंतन का वक्त है और समाज तक हमारे काम को पहुंचाने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्र निर्माण के लिए आगे का रोड मैप तैयार किया गया है।'

राणा सांगा पर टिप्पणी से राजस्थान में उबाल

## सपा सांसद पर भड़के मुख्यमंत्री

**जयपुर।** राजपूत योद्धा राणा सांगा पर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन की विवादास्पद टिप्पणी से राजस्थान में सियासी उबाल देखने को मिल रहा है। इस टिप्पणी की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी समेत बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने कड़ी निंदा की। समाजवादी पार्टी के सांसद राजमीलाल सुमन के बयान की निंदा करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "शूरवीरों की धरती राजस्थान के लाडले सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सदा अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मेवाड़ के महान योद्धा राणा सांगा के बारे में समाजवादी पार्टी के सांसद का निम्नस्तरीय बयान, न केवल राजस्थान की 8 करोड़ जनता को, बल्कि सम्पूर्ण देशवासियों को आहत करता है।"



### घटिया मानसिकता का प्रदर्शन : सीएम शर्मा

सीएम ने आगे लिखा, "जिस महान योद्धा ने मुगलों से युद्ध में अपने शरीर पर 80 घाव झेले, उनको गद्दार कहना विपक्षी नेताओं की घटिया मानसिकता को दर्शाता है। वोटों के तुष्टिकरण के लिए ये लोग इतिहास पुरुषों का अपमान करने से भी नहीं चूकते हैं। इसके लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को तुरंत देश से माफी मांगनी चाहिए और अपने सांसद पर अविलम्ब कार्रवाई करनी चाहिए।"

### ऐसी टिप्पणी माफी योग्य नहीं : खाचरियावास

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "अस्सी घाव लगे थे तन पे, फिर भी व्यथा नहीं थी मन में। मातृभूमि की रक्षा में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पण करने वाले, अदम्य साहस, वीरता, त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा सांगा पर सासंद राम लाल सुमन द्वारा संसद में अमर्यादित टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है व माफी योग्य नहीं है। मैं भारत सरकार से अपील करूंगा की संसद में ऐसा प्रस्ताव लेकर आए जिससे इतिहास के महापुरुषों पर अमर्यादित टिप्पणी करने वालो की संसद सदस्यता रद्द की जा सके।"

### शौर्य और बलिदान का अपमान : दीया कुमारी

उनके अलावा प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा, "वीर शिरोमणि महाराणा सांगा जी, जिनके शौर्य की गाथा राजस्थान की मिट्टी के कण-कण से सुनाई देती है। जिनकी वीरता की कहानी सुनकर यहां बच्चे बड़े हुए हैं, 80 घाव खाकर भी देश के लिए लड़ने वाले देशभक्त योद्धा के लिए कहा गया 'गद्दार' शब्द, ना सिर्फ महाराणा सांगा और राजस्थान, बल्कि देश के शौर्य और बलिदान का भी अपमान है।"

नागपुर: सभी इलाकों से हटा कर्फ्यू



## संवेदनशील इलाकों में जारी रहेगी गश्त

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हिंसा के छह दिन बाद, रविवार को शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था। हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगज़ेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किए गए विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली 'चादर' जला दी गई। हालांकि, अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि ये अफवाहें पूरी तरह झूठी और भ्रामक थीं। इससे पहले, 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से तथा 22 मार्च को पांचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया था। रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर थाना क्षेत्रों से भी दोपहर 3 बजे से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया।

### उपद्रव में घायल हुए थे 33 पुलिसकर्मी

17 मार्च को बड़े पैमाने पर पथराव व आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इसमें तीन डीसीपी रैंक के अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने हिंसा से जुड़े 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि हिंसा के दौरान हुई तोड़फोड़ और संपत्ति के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि हिंसा फैलाने वाले नुकसान की भरपाई नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्ति जब्त कर नीलाम की जाएगी।

पाक-बलूचिस्तान में संघर्ष तेज

## चार पुलिसकर्मियों समेत आठ की मौत



**कराची।** पाकिस्तान-बलूचिस्तान के बीच संघर्ष और अधिक व्यापक हो गया है। पुलिस और जनता के बीच हुए संघर्ष में चार पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग मारे गए हैं। नोश्की शहर के गरीबाबाद इलाके में शनिवार को पहली घटना हुई, जहां गश्त कर रहे पुलिस दल पर मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें चार पुलिसकर्मी मारे गए। कलात के मंगोचर शहर के मलंगजई इलाके में दूसरा हमला हुआ, जिसमें पंजाब प्रांत के चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी हाशिम खान ने मीडिया को बताया कि अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान के क्वेटा में पुलिस द्वारा सीधे प्रदर्शनकारियों के सिर में गोली मारने का वीडियो सामने आया है।

### बलूची नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन

## जस्टिस वर्मा के घर के बाहर मिले जले नोट



▪ दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के घर के बाहर का एक नया वीडियो सामने आया है। उनके आवास के पास जला हुआ मलबा देखा गया। जिसमें जला हुआ 500 का नोट भी मिला है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। अब उनके घर के बाहर का एक नया वीडियो सामने आया है। उनके आवास के पास जला हुआ मलबा देखा गया। जिसमें जला हुआ 500 का नोट भी मिला है। जिसके बाद यह मामला काफी पेचीदा हो गया है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा ने आरोपों को नकारा

▪ उधर, जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोपों से साफ इनकार किया है और दावा किया है कि स्टोररूम में उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य के द्वारा कोई नकदी नहीं रखी गई। जस्टिस वर्मा ने कहा कि उन्हें बदनाम करने की साजिश हो रही है। दरअसल मुख्य न्यायाधीश ने नकदी मिलने के मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने जस्टिस वर्मा से उनके ऊपर लगे आरोपों पर जवाब मांगा था।

## शिवाजी का तिलक बाएं पैर के अंगूठे से हुआ : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद यूपी की राजनीति गर्मा गई है। भाजपा के कई नेता सपा सांसद पर निशाना साध रहे हैं। हालांकि इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सांसद का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इतिहास के पन्ने न पलटे। शिवाजी का तिलक बाएं पैर के अंगूठे से हुआ था। अखिलेश ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, इतिहास के पन्ने सब पलट रहे हैं। बीजेपी के लोग औरंगजेब की बहस छेड़ना चाहते हैं। अगर रामजी लाल सुमन ने भी अगर इतिहास का कोई पन्ना पलट दिया। जिसमें इस तरह का भाव है। 200 साल पहले हमने तो इतिहास लिखा नहीं। इसलिए भाजपा से निवेदन है कि इतिहास के पन्ने न पलटे। अगर पन्ने पलटे जाएंगे तो शिवाजी का तिलक हाथ से नहीं बल्कि पैर से तिलक किया गया था। आप इतिहास के पन्ने पलटिएगा। कभी गैलीलियो ने कहा था कि धरती कैसे घूमती है, किसका चक्कर लगाती है। इस पर उसे मौत की सजा दे दी गई। 400 साल बाद उस चर्च ने इसके लिए माफी मांगी। छत्रपति शिवाजी महाराज काका बाएं पैर के अंगूठे से तिलक हुआ इसके लिए भाजपा अब माफी मांगेगी?"



ब्रिटेन में कुदरत का कहर

## एक दिन में 400 बार गिरी बिजली गिरी

**लंदन।** ब्रिटेन के दक्षिणी इंग्लैंड और ईस्ट मिडलैंड्स में मौसम ने तांडव मचाया। अचानक हुई भारी बारिश, ओले और गड़गड़ाहट से कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई। करीब 400 आकाशीय बिजली की स्ट्राइक्स ने हड़कंप मचा दिया। मौसम विभाग ने बताया कि बारिश 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक जारी रही। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि बढ़ते जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसे घटनाओं की संभावना अब और बढ़ सकती है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने बताया कि कुछ हिस्सों में बाढ़ भी आई, जबकि नेशनल हाईवे ने बताया कि शनिवार को यॉर्कशायर में एम18 के कुछ हिस्से बंद कर दिए गए थे और रविवार को वार्विक के पास एम40 के कुछ हिस्सों को भी बंद रखा गया था। मौसम विज्ञानी एली ग्लेज़ियर ने बताया, "लंदन और बकिंघमशायर के कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्के तूफान आए थे, जबकि और अधिक तूफान पूर्वी मिडलैंड्स से लेकर दक्षिणी लिंकनशायर तक फैल गए थे।" उन्होंने यह भी बताया कि "बारिश का स्तर अधिकतर 10 से 15 मिलीमीटर के बीच था और यह बारिश 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक जारी रही।"



## भारत की जीडीपी 10 वर्षों में हुई दोगुनी

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था बीते 10 वर्षों में तेजी से बढ़ी है और इसकी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में दोगुनी हो गई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत की जीडीपी 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी, जो 2025 में बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के चलते भारत 2025 में जापान और 2027 में जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। इससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

आईएमएफ ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि का मुख्य कारण मजबूत नीतिगत सुधार और स्थिर आर्थिक विकास है। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि साहसिक आर्थिक नीतियों, संरचनात्मक सुधारों और व्यापार करने में आसानी पर फोकस के कारण भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के बाद किसी भी सरकार को यह सफलता हासिल नहीं हुई थी। इस महीने की शुरुआत में आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने भी भारत की आर्थिक नीतियों की तारीफ की।



▸▸ 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ने का अनुमान

इजराइल-हमास युद्ध

## अब तक 50 हजार फिलस्तीनी मारे गए

**गाजा पट्टी।** इजरायल और हमास में संघर्ष विराम टूटने के बाद फिर से जंग शुरू हो गई है। अब यह जंग एक बार फिर मध्य-पूर्व में भयानक रूप धारण करने जा रही है। पिछले पांच दिनों में गाजा में इजरायली हमले में 600 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। वहीं लेबनान में ताजा हमले में काफी संख्या में लोग मारे गए हैं। गाजा पर हमले के जवाब में हमास आतंकी, यमन के हूतिये और लेबनान से हिजबुल्लाह लड़ाके मिलकर इजरायल पर हमला कर रहे हैं। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने युद्ध में मौतों का खौफनाक मंजर दर्शाने वाला आंकड़ा जारी किया है। गाजा का कहना है कि इजरायल-हमास युद्ध में 50,000 से अधिक फिलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि युद्ध में अब तक 1,13,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रविवार को साझा की गई। इस जानकारी में वे 673 मृतक भी शामिल हैं।



▸▸ हिजबुल्लाह का इजरायल पर हमला जारी

## अमेरिका में दो भारतीयों की हत्या

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वर्जीनिया में एक स्टोर में भारतीय मूल के 56 वर्षीय पुरुष और उसकी 24 वर्षीय बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। मारे गए व्यक्ति का नाम प्रदीप कुमार पटेल बताया जा रहा है। वह अपनी बेटी के साथ वर्जीनिया के पूर्वी तट पर स्थित एकोमैक काउंटी में लैंकफोर्ड हाईवे पर एक स्टोर में काम कर रहे था। घटना एकोमैक काउंटी शेरिफ कार्यालय में 20 मार्च को सुबह 5:30 बजे के करीब हुई। गोली लगने के बाद घटनास्थल पर ही लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। इसी तरह की चोटों वाली एक महिला को इमारत के अंदर पाया गया और उसे सेंटारा नॉरफ़ॉक जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मृत्यु हो गई। दोनों की पहचान बाप-बेटी के तौर पर हुई। वर्जीनिया पुलिस के अनुसार एकोमैक काउंटी शेरिफ कार्यालय ने घातक गोलीबारी के सिलसिले में ओनानकॉक के 44 वर्षीय जॉर्ज फ्रेज़ियर डेवोन व्हार्टन को गिरफ़्तारी किया गया है।

▪ दोनों मृतक गुजरात के निवासी

## 83% इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स बेरोजगार

### कंपनियां कर रहीं स्किल-बेस्ड हायरिंग

**नई दिल्ली।** आज के समय में डिग्रियों की वैल्यू कम होती जा रही है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, 83% इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स और 46% बिजनेस ग्रेजुएट्स को नौकरी या इंटर्नशिप का ऑफर नहीं मिल रहा है। दूसरी ओर, कंपनियां अब कॉलेज की प्रतिष्ठा को नजरअंदाज करते हुए स्किल्स को ज्यादा महत्व दे रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 73% रिक्रूटर्स अब डिग्री की बजाय कैंडिडेट्स की स्किल्स पर फोकस कर रहे हैं। इससे उन युवाओं को फायदा मिल रहा है जो नए स्किल्स सीखने में रुचि रखते हैं और अपने हुनर को निखारने की कोशिश कर रहे हैं।



▪ 73% रिक्रूटर्स अब कैंडिडेट्स की स्किल्स पर
▪ कम होता जा रहा डिग्रियों का महत्व

### फ्रीलांसिंग और साइड हसल्स का ट्रेंड

▪ जेन जेड' प्रोफेशनल्स में फ्रीलांसिंग और साइड हसल्स का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 51% 'जेन जेड' युवा एक्स्ट्रा इनकम के लिए फ्रीलांसिंग कर रहे हैं। बिजनेस स्कूल के स्टूडेंट्स में यह आंकड़ा 59% तक पहुंच गया है।

### जेंडर पे गैप की समस्या

▪ भले ही कुछ क्षेत्रों में वेतन में समानता देखी गई हो, लेकिन आर्ट्स और साइंस ग्रेजुएट्स के मामले में जेंडर पे गैप अब भी मौजूद है। दो में से एक महिला प्रोफेशनल को छह एलपीए से कम का पैकेज मिल रहा है, जबकि पुरुष सहकर्मी इससे ज्यादा कमाते हैं।

### परफॉर्मेंस रिव्यू पर मतभेद

वर्कप्लेस कल्चर में भी 'जेन जेड' और रिक्रूटर्स के बीच मतभेद नजर आए। 77% युवा प्रोफेशनल्स चाहते हैं कि उनका परफॉर्मेंस रिव्यू हर महीने या प्रोजेक्ट बेस्ड हो, लेकिन 71% रिक्रूटर्स अब भी एनुअल या बाय-एनुअल रिव्यू को ही प्राथमिकता देते हैं।

### करियर चॉइस में बदलाव

इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स में अब ह्यूमन रिसोर्सेज (HR) जैसे सेक्टर को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है। वहीं, 2024 में एक चौथाई अंडरग्रेजुएट्स ने बिना वेतन वाली इंटर्नशिप की, जबकि 2023 में यह आंकड़ा एक-आठवां था।

## अफ्रीकन ट्रस्ट ने भारत को सौंपी गांधी की धरोहर

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'एक्स' पर दी जानकारी

### फीनिक्स सेटलमेंट ट्रस्ट-गांधी डेवलपमेंट ट्रस्ट का ऐतिहासिक कदम


**नई दिल्ली।** अफ्रीका के फीनिक्स सेटलमेंट ट्रस्ट-गांधी डेवलपमेंट ट्रस्ट ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को महात्मा गांधी से जुड़े कुछ प्रमुख दस्तावेज सौंप दिए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसकी जानकारी दी। सभी जानते हैं कि महात्मा गांधी ने अपने जीवन के शुरुआती दौर में काफी समय अफ्रीका में बिताया था। महात्मा गांधी को उनके आजादी में योगदान की वजह से राष्ट्रपिता भी कहा जाता है। ऐसे में उनसे संबंधित दस्तावेज लौटाए जाने पर विदेश मंत्री ने खुशी जाहिर की है। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि "दक्षिण अफ्रीका के फीनिक्स सेटलमेंट ट्रस्ट-गांधी डेवलपमेंट ट्रस्ट ने महात्मा गांधी से संबंधित कलाकृतियों व दस्तावेजों को राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, नई दिल्ली को सौंपे जाने के अवसर पर मुझे बहुत खुशी हुई। बापू का जीवन और संदेश आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।












न्यूज BRIEF

### राघवेंद्र स्वामी मठ में 3.5 करोड़ का चढ़ावा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के रायचूर जिले में स्थित राघवेंद्र स्वामी मठ में करोड़ों रुपए का दान दिया गया है। इस मंदिर में कुल 3.48 करोड़ 69 हजार 621 रुपए नकद, 32 ग्राम सोना व 1.24 किलोग्राम चांदी दान की गई है। एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें सौ से अधिक पुजारी राघवेंद्र स्वामी मठ में दान की रकम गिनते नजर आ रहे हैं।

### अमेरिकी कंपनी बोइंग ने निकाले 180 कर्मचारी

बेंगलुरु। एयरक्राफ्ट बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बेंगलुरू में अपने इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सेंटर से 180 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। कंपनी दुनिया भर के अपने ऑफिसेज में कर्मचारियों की संख्या कम कर रही है। भारत में बोइंग के लगभग 7,000 कर्मचारी हैं। कंपनी ने पिछले साल अपने वर्कफोर्स में 10 परसेंट कटौती की बात की थी। हालांकि, हाल ही में हुई छंटनी को लेकर कंपनी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### संभल के शाही मस्जिद का सदर गिरफ्तार

**संभल।** संभल के शाही जामा मस्जिद सदर प्रमुख और शाही मस्जिद कमेटी के प्रमुख जफर अली को उनके बेटे के साथ पूछताछ के लिए संभल थाने बुलाया गया था। शाही मस्जिद कमेटी के प्रमुख जफर अली को कोतवाली से चंदौसी कोर्ट ले जाया गया था और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अब गिरफ्तारी के बाद जफर अली को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

### सीएम के प्रयास से खिले नागरिकों के चेहरे

# 'खुशियों की बस' पहुंची गढ़चिरौली



- महाराष्ट्र का अंतिम जिला अब तक अविकसित
- इस जिले के पालकमंत्री स्वयं देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र का अंतिम जिला गढ़चिरौली अब तक अविकसित, अत्यंत दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस छवि को बदलने के लिए तेजी से विकास कार्य कर रहे हैं। यहां के नागरिकों को मुख्यधारा से जोड़ने और विकास का लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वयं इस जिले के पालकमंत्री का पद संभाला है और लगातार विकास कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से धानोरा तहसील के मुरुमगांव, पेंढरी और रांगी गांवों के नागरिकों की मांग पर राज्य परिवहन महामंडल ने बस सेवा शुरू की है। इन बस सेवाओं से संबंधित गांवों के नागरिकों के चेहरे पर खुशी झलक रही है और यह बस उनके लिए 'खुशियो की बस' बन गई है।

### आदिवासी समुदाय ने सौंपा था ज्ञापन

इन गांवों के नागरिकों ने मरीजों, छात्रों और आदिवासी समुदाय की सुविधा के लिए बस सेवा शुरू करने को लेकर तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और गढ़चिरौली जिले के पालकमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक ज्ञापन सौंपा था। संवेदनशील स्वभाव के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने इस ज्ञापन पर तत्काल संज्ञान लिया और राज्य परिवहन महामंडल के गढ़चिरौली डिवीजनल कंट्रोलर को बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। उसी के तहत धानोरा तहसील के मुरुमगांव, पेंढरी और रांगी गांवों के साथ ही इन मार्गों पर बसें चलाई गई हैं। साथ ही बस फेरे भी बढ़ाए गए हैं।

### गढ़चिरौली जिले को स्टील हब बनाने की तैयारी

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गढ़चिरौली जिले को स्टील हब बनाने और यहां बड़े पैमाने पर उद्योग लाने के लिए प्रयासरत हैं। हाल ही में, उन्होंने खुद इन दुर्गम इलाकों में बस से यात्रा कर यह संदेश दिया कि गढ़चिरौली अब केवल नक्सल प्रभावित क्षेत्र नहीं, बल्कि विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### गढ़चिरौली परिवहन विभाग ने शुरू किए कई फेरे

गढ़चिरौली परिवहन विभाग के अंतर्गत धानोरा तहसील के मुरुमगांव के लिए 03 बसों के माध्यम से 10 फेरे, पेंढरी के लिए 03 बसों के माध्यम से 08 फेरे और रांगी के लिए 02 बसों के माध्यम से 06 फेरे शुरू किए गए हैं। मुरुमगांव से प्रतिदिन 285, पेंढरी से 335 और रांगी से 242 यात्री यात्रा करते हैं। बस सेवाएं शुरू होने से इन आदिवासी बहुल गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब वे आसानी से तहसील मुख्यालय जा सकते हैं, जहां उन्हें प्रशासनिक कार्यों और अस्पताल की जरूरतों के लिए जाना पड़ता है। ये गांव गढ़चिरौली जिले के सबसे अंतिम छोर पर स्थित हैं, और यहां से मात्र नौ किलोमीटर की दूरी पर छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा है। ऐसे अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों को बस सेवाओं से बड़ी सुविधा मिली है।

## समय से पूरा करे कार्य नहीं तो होगी कार्रवाई

- ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा विकासकों को

**मुंबई।** झोपड़पट्टी पुनर्विकास योजना के कई कार्य विकासकों की लापरवाही के कारण लंबित हैं। इन कार्यों को समय पर पूरा न करने वाले विकासकों को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाएगी, यह जानकारी मंत्री शंभूराज देसाई ने विधान परिषद में दी। सदस्य मनिषा कायंदे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री देसाई बोल रहे थे। इस चर्चा में सदस्य प्रवीण दरेकर और सचिन अहिर ने भी भाग लिया। मंत्री देसाई ने बताया कि बोरिवली स्थित एक्सर गांव में झोपड़पट्टी पुनर्विकास की परियोजना विकासक की लापरवाही के कारण अटकी हुई है। इस परियोजना को उक्त विकासक से वापस लेकर नए विकासकर्ता के माध्यम से आगामी तीन से साढ़े तीन वर्षों में पूरा करने की योजना सरकार ने बनाई है। सभी एसआरए परियोजनाओं पर निगरानी रखने और उनकी प्रगति की मासिक समीक्षा करने का कार्य उपमुख्यमंत्री शिंदे द्वारा स्थापित समन्वय कक्ष के माध्यम से किया जा रहा है।

# काव्यात्मक वीडियो 'धरोहर' का लोकार्पण

### गजानन महतपुरकर ने लिखे हैं गीत

**मुंबई।** भारत की समृद्ध धरोहर के विभिन्न गौरवशाली पहलुओं की शानदार अभिव्यक्ति करने वाले विशेष काव्यात्मक वीडियो का अंतर्राष्ट्रीय लोकार्पण विश्व कविता दिवस के अवसर पर "द यश मंगलम शो-2025' के अंतर्गत यू-ट्यूब पर की गई है। इस शो के प्रस्तुतकर्ता यश मंगलम की उम्र सिर्फ़ 14





साल है। यश फिल्म एवं संगीत वीडियो निर्देशक तथा एडिटर अनुपम मंगलम और मशहूर कॉस्ट्यूम डिजाइनर कला मंगलम के सुपुत्र हैं। इस विशेष काव्यात्मक रचना के भावपूर्ण बोल मुंबई के सुपरिचित गीतकार, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्यकारी सदस्य तथा मीडिया एवं जनसंपर्क सलाहकार गजानन महतपुरकर ने लिखे हैं। उल्लेखनीय है कि गजानन महतपुरकर के लिखे तीन गीत "दुनिया को पहचान ले बेटा", "श्रीराम मंगलगान" और "कमळ फुलणार" पहले ही यू-ट्यूब पर धूम मचा चुके हैं।

**सरोज का संगीत, सुवर्णा की अवाज**

पहला गीत "ऑडियो करी" द्वारा रिलीज़ किया गया था, जबकि "श्रीराम मंगलगान" के सुमधुर भक्ति गीत का निर्माण मुंबई के प्रिंटोग्राफी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन गिरीश भाई शाह द्वारा नीलाक्षी एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया। मशहूर संगीतकार सरोज सुमन द्वारा स्वरबद्ध यह गीत स्वयं श्री सरोज के साथ बॉलीवुड की मशहूर गायिका सुश्री सुवर्णा तिवारी ने अपने मधुरिम सुरों से सजाया। निर्देशक और एडिटर की भूमिका अनुपम मंगलम ने बखूबी निभाई। वीडियोग्राफी संजय वैष्णव, वी एफ एक्स संयोजन गिनीलाल सालुंके और कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग कला मंगलम द्वारा सुनिश्चित की गई है। इसकी कार्यकारी निर्माता दीपशिखा चौधरी हैं। पोस्ट प्रोडक्शन वाइब्रेशन्स मीडिया वर्क्स, मुंबई ने किया है।

# ठाणे में तेल रिसाव और आग लगने की दो घटनाएं

**ठाणे।** ठाणे के पोखरण रोड नंबर 2 पर रविवार दोपहर एक बजे अज्ञात वाहन से तेल रिसाव की घटना घटी। श्रीनगर ग्राउंड क्षेत्र के पास एक क्षतिग्रस्त ऑटो रिक्शा के एक कार से टकराने की घटना रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई। आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि किसी भी घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। रविवार को दोपहर करीब एक बजे पोखरण रोड नंबर 2, ठाणे (पश्चिम), गांधीनगर, ठाणे में वोल्टास कंपनी के सामने सड़क पर एक अज्ञात वाहन से तेल फैल गया। घटनास्थल पर आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारियों ने सड़क पर फैले तेल पर मिट्टी डाली और सड़क को यातायात के लिए साफ कर दिया। रविवार को दोपहर करीब 1:30 बजे, श्रीनगर, वागले एस्टेट, ठाणे (पश्चिम) के श्रीनगर ग्राउंड में खड़े एक कबाड़ ऑटो रिक्शा में आग लग गई। घटनास्थल पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने रिक्शा में लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया। रिक्शा खंडहर हो चुका था।



# ठाणे दो महिला दलाल गिरफ्तार, चार लड़कियां रेस्क्यू

### मोबाइल पर ग्राहकों से संपर्क कर चलाया जा रहा सेक्स रैकेट

**ठाणे।** ठाणे शहर अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी को सूचना मिली थी कि मोबाइल फोन पर ग्राहकों से संपर्क कर सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। पुलिस की एक टीम ने कल्याण शहर के लालचौकी अनुभव स्पाइस तड़का होटल पर छापा मारकर दो महिला दलालों को गिरफ्तार किया। उनको हिरासत में लेकर चार युवतियों को सुरक्षित रिहा करा लिया गया। दलाल के खिलाफ बजरगई पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ चेतना चौधरी ने प्राप्त जानकारी की पुष्टि की। कल्याण शहर के 'अनुभव स्पाइस तड़का, फैमिली रेस्टोरेंट कामदार चेम्बर्स, सुभाष नगर, लालचौकी, अधरवाड़ी रोड, कल्याण पश्चिम' से पुलिस की एक टीम ने ग्राहकों को वेश्यावृत्ति के लिए लड़कियां उपलब्ध करा रही थीं। पुलिस की छापेमारी के दौरान दो महिला दलाल टीम के जाल में फंस गईं। पुलिस टीम इन दलालों के कब्जे से चार लड़कियों को छुड़ाने में सफल रही। गिरफ्तार दोनों महिलाओं के खिलाफ बजरगाई पुलिस स्टेशन में अनैतिक व्यापार (निषेध) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### चारों युवतियों को भेजा सुधारगृह

जरूरतमंद, आर्थिक रूप से संकटग्रस्त युवतियों को पकड़कर उनकी सुरक्षा के लिए उल्हासनगर पांच स्थित महिला सुधार गृह शांतिसदन में सुरक्षित रखा है।

# परियोजना प्रभावित कर्मी होंगे स्थायी

- जल्द ही लिया जाएगा अंतिम निर्णय

**मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के 164 परियोजना प्रभावित कर्मचारियों को स्थायी सेवा में शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा, यह जानकारी उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में दी। विधानसभा सदस्य मंदा म्हात्रे ने परियोजना प्रभावित कर्मचारियों को स्थायी सेवा में शामिल करने को लेकर ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी। उद्योग मंत्री सामंत ने बताया कि इन परियोजना प्रभावित कर्मचारियों को स्थायी सेवा में शामिल करने के संबंध में सिडको की रिपोर्ट के अनुसार, 164 आवेदकों के नाम सिडको के स्थापना रिकॉर्ड में नहीं पाए गए हैं। मनपा द्वारा उनके परियोजना प्रभावित प्रमाणपत्रों की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, और उनकी मूल वंशावली तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज जिला कलेक्टर कार्यालय को भेजे गए हैं। जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन कर्मचारियों की परियोजना प्रभावित होने की स्थिति की पुष्टि की जाएगी। मंत्री सामंत ने जानकारी देते हुए बताया कि ठाणे जिला कलेक्टर की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, इन कर्मचारियों को मनपा की स्थायी सेवा में शामिल करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा और इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### महाराष्ट्र सरकार की पीएम इंटर्नशिप योजना

# युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर होंगे उपलब्ध



**विरार।** सरकार की पीएम इंटर्नशिप योजना के माध्यम से देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवक/युवतियों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। वसई विरार शहर मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक अनिलकुमार पवार ने अपील की है कि वसई-विरार शहर के अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ लेकर रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं। इस योजना के लिए लाभार्थी की आयु 21 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। लाभार्थी ने 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक आदि शैक्षणिक योग्यता प्राप्त की होनी चाहिए।

**12 माह की होगी इंटर्नशिप**

इंटर्नशिप अवधि के दौरान प्रति माह रु.5,000 का मानदेय देय होगा, साथ ही एकमुश्त रु.6,000 का लाभ एवं बीमा सुविधा उपलब्ध होगी। यह राशि शासन स्तर से दी जाएगी। लाभार्थी युवक/युवती को स्वयं https://pminternship.mca.gov.in/login/ इस वेबसाइट पर जाकर 31 मार्च से पूर्व पंजीकरण करना होगा।

**दस्तावेज अपलोड कराएं**

इस संबंध में आवश्यक जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दी गई है, या फिर अपने मनपा/प्रभाग समिति कार्यालय में एनयूएलएम कक्ष से संपर्क करें। इस योजना में बेरोजगार युवक/युवतियां, बचत समूह के लाभार्थी, कचरा बीनने वाले, गिग वर्कर, निर्माण श्रमिक मजदूर भी पंजीकरण कर सकते हैं, ऐसी जानकारी डे-एनयूएलएम विभाग के उपायुक्त सुभाष जाधव ने दी।

सुशांत सिंह राजपूत केस

# रिया चक्रवर्ती सहित परिवार को क्लीन चिट



**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सीबीआई ने रविवार को मुंबई कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। सुशांत के पिता ने रिया चक्रवर्ती के ऊपर जो आरोप लगाए थे और रिया ने जो सुशांत के परिवार पर आरोप लगाए थे। दोनों केस में क्लोजर रिपोर्ट सीबीआई ने दाखिल की है। सीबीआई ने अगस्त 2020 में सुशांत सिंह राजपूत केस को टेकओवर कर जांच शुरू की थी। 4 साल की जांच के बाद अब जाकर सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट और सूत्रों के मुताबिक, रिया और उनके परिवार को इस मामले में क्लीन चिट दे दी गई है। सीबीआई को कोई ऐसा सबूत नहीं मिला कि किसी ने सुशांत सिंह राजपूत को सुसाइड के लिए फोर्स किया हो। सुशांत के परिवार के पास ये विकल्प है कि वो प्रोटेस्ट पेटिशन मुंबई कोर्ट में दाखिल कर सकते हैं। सीबीआई ने एम्स के एक्सपर्ट से सुशांत के के सुसाइड और फाउल प्ले केस में जांच की थी। सुशांत सिंह के सुसाइड केस में एम्स फॉरेंसिक टीम ने किसी भी तरह की फाउल प्लेस के इनकार किया था।

# नौपाड़ा पुलिस ने बरामद किए 101 मोबाइल

**ठाणे।** नौपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर खोए, गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायतें नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गईं। नौपाड़ा पुलिस इनमें से 101 मोबाइल फोन बरामद करने और उन्हें शिकायतकर्ताओं को सुपुर्द कर दिया। नौपाड़ा पुलिस थाने की सीमा के भीतर कई चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन के बारे में नागरिकों द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद जांच शुरू की गई। इसलिए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अभय महाजन ने एक टीम गठित कर दिशा-निर्देश दिए। गुम हुए मोबाइल फोन की जानकारी तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर अपडेट की गई। जांच दल के अधिकारियों और कर्मचारियों की मदद से पिछले तीन महीनों में विभिन्न कंपनियों के 101 गुम हुए मोबाइल फोन का पता लगाया गया और जिनके मोबाइल फोन गुम हुए थे, उन्हें रविववार को वापस कर दिया गया। उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख, पुलिस उपायुक्त सुभाष बुरसे, सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया ढकने, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अभय महाजन, पुलिस निरीक्षक (प्रशासन) सुनील तांबे, पुलिस निरीक्षक (अपराध) शरद कुंभार के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक प्रतापसिंह शेलके, पुलिस अंमलदार करण कुमार पाटिल, अशोक कोल्हे, प्रतीक बावने, गंगाधर तीर्थंकर ने की।

# 20 साल तक पुलिस ढूंढ़ती रही वह चोरियां करता रहा

### 60 की उम्र में लाखों रुपए के गहनों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर में अलग-अलग शहरों में चोरी करने वाला बीस साल से फरार कुख्यात आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। 60 वर्षीय चोर की करतूतों का खुलासा हुआ तो पुलिस भी चकरा गई। पुलिस ने सोचा भी नहीं था की जो चोर हत्ते चढ़ा है वो इतना शातिर और कुख्यात है। पुलिस ने जैसे-जैसे चोर से पूछताछ की तो एक के बाद एक दर्जन भर चोरियों का खुलासा हुआ और आरोपी के पास से लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी सुरेश महादेव कामरे का पुराना रिकॉर्ड निकाला तो पता चला की इस पर घरों में सेंधमारी के 12 मामले दर्ज हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों में सेंधमारी कर लाखों के आभूषणों पर हाथ साफ करने वाले कुख्यात चोर को स्थानीय अपराध शाखा ने हिरासत में लेकर 19 लाख 10 हजार का माल जब्त किया। स्थानीय अपराध शाखा की टीम जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिले में चल रहे अवैध धंधों पर कार्रवाई करने रवाना हुई थी। पुलिस को सूचना मिली कि यवतमाल जिले के पुनवट निवासी सुरेश महादेव कामरे चोरी के आभूषण बेचने जा रहा है। स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने उसके पास दो लाख 61 हजार रूपए के आभूषण मिले, जिसके बाद इस संदर्भ में और भी सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने पूरी बात बता दी।

# अभय योजना का लाभ उठाएं करदाता

- नोडल या क्षेत्रीय जीएसटी अधिकारी से करें संपर्क

**मुंबई।** जीएसटी कानून नया होने के कारण शुरुआती दौर में व्यापारियों और करदाताओं द्वारा जीएसटी कानून के अनुपालन और कर भुगतान में अनजाने में कुछ गलतियां हुई हैं। इन गलतियों के कारण ब्याज और जुर्माने का आर्थिक बोझ करदाताओं पर न पड़े, साथ ही वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित विवादों का आसानी से निपटारा हो सके, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार ने जीएसटी अभय योजना शुरू की है। पात्र करदाता इस योजना का 31 मार्च तक लाभ लें, ऐसी अपील वस्तु एवं सेवा कर विभाग द्वारा की गई है। यदि किसी स्पष्टीकरण या सहायता की आवश्यकता हो, तो अपने नोडल या क्षेत्रीय जीएसटी अधिकारी से संपर्क करें, ऐसी अपील वस्तु एवं सेवा कर विभाग द्वारा की गई है। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 से संबंधित सीजीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए मांग आदेश लाभ के लिए पात्र हैं। इसके अतिरिक्त, जिन मामलों में पहले धारा 74 के तहत मांग आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अपीलीय अधिकारी, अपीलीय न्यायाधिकरण या न्यायालय के निर्देशानुसार उन्हें धारा 73 में परिवर्तित किया गया है, वे भी अभय योजना के अंतर्गत लाभ के लिए पात्र हैं। योजना की शर्तों के अनुसार, केवल मूल कर राशि का भुगतान करने पर उस पर लगने वाला ब्याज और जुर्माना माफ किया जाएगा। ब्याज और जुर्माने की माफी के साथ इन मामलों का निपटारा करने का अवसर करदाताओं को इस योजना के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।

### शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के की मांग

# संजय राउत के खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो

**दिनेश चन्द्र रावल/ जागरूक टाइम्स**

**ठाणे।** उबाठा सांसद एवं राज्यसभा सांसद संजय राउत द्वारा मानसिक उत्पीड़न से पीड़ित स्वप्ना पाटकर को न्याय दिलाने के लिए शिवसेना महिला गठबंधन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को एक ज्ञापन सौंपेगी। संजय राउत 2016 से स्वप्ना पाटकर को परेशान कर रहे हैं। सांसद म्हस्के ने मांग की कि सरकार तुरंत राउत की जांच करे और स्वप्ना पाटकर को न्याय प्रदान करे ताकि महाराष्ट्र में दिशा सालियान मामला फिर न हो। वह ठाणे में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। स्वप्ना पाटकर ने 'एक्स' पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से न्याय की मांग की है, क्योंकि शिकायत के नौ साल और मामला दर्ज होने के तीन साल बाद भी पुलिस ने राउत के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। इसके बाद सांसद म्हस्के ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पाटकर के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि राउत के खिलाफ वकोला पुलिस स्टेशन में संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है। स्वप्ना पाटकर के प्रति संजय राउत की अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। राउत का समर्थन कौन कर रहा है और क्या किसी ने राज्यसभा सांसद को इस तरह से महिलाओं को परेशान करने की विशेष अनुमति दी है। राउत के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद भी अभी तक उसकी जांच क्यों नहीं की गई? क्या स्वप्ना पाटकर को भी दिशा सालियान जैसी युवती की तरह आत्महत्या करने के बाद ही न्याय मिलेगा? स्वप्ना पाटकर फिर न्याय की मांग कर रही हैं। सांसद म्हस्के ने सवाल उठाया कि इस संबंध में उद्धव ठाकरे और रश्मि ठाकरे की क्या भूमिका है। सांसद म्हस्के ने संजय राउत की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें महाराष्ट्र पर कलंक बताया। राउत चौबीसों घंटे सिर्फ राजनीति करते हैं। उन्होंने राज्य में एक किंडरगार्टन भी शुरू नहीं किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राउत अब शरद पवार की आलोचना कर रहे हैं। शरद पवार को कम से कम अब तो राउत जैसे धोखेबाज व्यक्ति को दूर रखना चाहिए।



- शिवसेना महिला मोर्चा सीएम को सौंपेगी ज्ञापन

# सच्चा भक्त मन से सरल और स्वच्छ होता : श्रीश्री आनंदमूर्ति

एक बार एक साधक ने पूछा, 'बाबा, भक्त को हम कैसे पहचानते हैं?' भक्ति का अर्थ है अपने मन को सभी सांसारिक आकर्षणों से हटाकर परमपुरुष की ओर केंद्रित करना। जब व्यक्ति अपने मन को ब्रह्मांड से जोड़ता है, तो उसे भक्ति कहते हैं, लेकिन जब वह सांसारिक चीजों में उलझ जाता है, तो उसे आसक्ति कहा जाता है। भक्ति का असली अर्थ यही है कि हम अपनी मानसिक प्रवृत्तियों को बाहरी चीजों से हटा कर केवल परमपुरुष की ओर लगाएं। यदि मन किसी अन्य चीज की ओर आकर्षित होता है, तो वह भक्ति नहीं, बल्कि लगाव कहलाता है। मनुष्य को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। पहली श्रेणी ऐसे लोगों की है जो अपनी सच्ची भावनाएं छिपाते हैं। वे अपने वास्तविक विचारों को मन में रखते हैं और उन्हें प्रकट नहीं करते। दूसरी श्रेणी के लोग जो सोचते हैं, वह कभी नहीं कहते, बल्कि कुछ और बोलते हैं। उनके शब्द उनके वास्तविक विचारों को प्रकट नहीं करते, लेकिन वे जो कहते हैं, उसे निभाते जरूर हैं। तीसरी श्रेणी के लोगों की सोच, वाणी और कर्म तीनों अलग-अलग होते हैं। वे कुछ सोचते हैं, कुछ और कहते हैं और फिर कुछ और करते हैं। ऐसे लोग अक्सर समाज को धोखा देते हैं और लोगों का विश्वास खो देते हैं। तीसरी श्रेणी के लोगों के भीतर तीन व्यक्तित्व हमेशा एक-दूसरे से टकराते रहते हैं। पहला व्यक्तित्व सोचता है, दूसरा तय करता है कि क्या कहा जाए और क्या छिपाया जाए, और तीसरा कुछ और ही कर बैठता है। यह आंतरिक संघर्ष व्यक्ति को अस्थिर और अविश्वसनीय बना देता है। उदाहरण के लिए, एक नेता ने सड़क बनाने का वादा किया, लेकिन जब समय आया, तो उसने टालमटोल कर दी। इस प्रकार के लोग केवल बहाने बनाते हैं और कभी भी अपनी बातों पर अमल नहीं करते। धीरे-धीरे, लोग उनका सम्मान खो देते हैं और अंततः उन्हें अपमान का सामना करना पड़ता है। भक्ति मार्ग में इस तरह की बातें नहीं होतीं। सच्चा भक्त मन से सरल, स्वच्छ और निर्मल होता है। वह वही सोचता है, वही कहता है और वही करता है। उसकी नीयत और कर्म में कोई अंतर नहीं होता। दूसरी श्रेणी के लोग भले ही अपने विचारों को प्रकट न करें, लेकिन वे जो कहते हैं, वही करते हैं। ऐसे लोग अपने कार्यों से अपनी सच्चाई साबित करते हैं और इसी वजह से समाज में उनकी प्रतिष्ठा बनी रहती है। लेकिन वास्तव में महान व्यक्ति वे होते हैं जिनका मन, वाणी और कर्म एक समान होते हैं। वे बिना किसी झूठ और छल-कपट के वही कहते और करते हैं जो वे सोचते हैं। वे ईमानदार होते हैं और उनके मन में किसी प्रकार का द्वंद्व नहीं होता। भक्ति का अर्थ केवल धार्मिक अनुष्ठानों से नहीं है, बल्कि यह एक मानसिक अवस्था है जिसमें मनुष्य अपने मन को परमपुरुष की ओर मोड़ता है। जो लोग सच्ची भक्ति के मार्ग पर चलते हैं, उनके मन में कोई झगड़ा या संघर्ष नहीं होता। उनका मार्ग स्वच्छ और स्पष्ट होता है। जो भी व्यक्ति सच्चे मन से परमपुरुष की ओर बढ़ता है, उसके जीवन से सभी बाधाएं धीरे-धीरे समाप्त हो जाती हैं। भक्ति मार्ग पर चलने वालों को चाहिए कि वे अपने पथ से सभी बाधाओं को हटा दें और इसे सरल, साफ और स्वच्छ बनाएं।



**प्रस्तुति : दिव्यचेतनानन्द अवधूत**

### संदीप देशपांडे को बनाया शहर अध्यक्ष

# मनसे ने किया संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव

- पार्टी ने शुरू की मनपा चुनावों की तैयारी
- कुणाल और योगेश के जिम्मे पश्चिमी उपनगर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** आगामी मुंबई नगर निगम चुनावों से पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने पार्टी संरचना में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। रविवार को मुंबई में मनसे की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें बदलाव का ऐलान किया गया और अमित ठाकरे को अहम जिम्मेदारी दी गई है। इतने वर्षों में यह पहली बार है कि इस तरह के बदलाव किए गए हैं। पार्टी अध्यक्ष राज ठाकरे ने खुद इसकी जानकारी दी। राज ठाकरे ने कहा, मुंबई में कुछ नए पद बनाए गए हैं। मुंबई में पहली बार एक शहर अध्यक्ष और एक उप शहर अध्यक्ष होगा। अब तक पार्टी में एक संभाग अध्यक्ष होता था। अब एक शहर अध्यक्ष और एक उप शहर अध्यक्ष होगा। शहर अध्यक्ष के रूप में संदीप देशपांडे के नाम की घोषणा की। कोलाबा से माहिम-शिव तक की जिम्मेदारी यशवंत किलेदार को सौंपी गई है। पश्चिमी उपनगरीय भाग कुणाल मेनकर को और पूर्वी भाग योगेश सावंत को सौंपा गया है।




यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बहुत बड़ा भरोसा दिखाया गया है। हमारा पहला काम मिशन मुंबई होगा। बीएमसी चुनाव जोरदार और जोरदार तरीके से लड़ा जाएगा। हम अधिक से अधिक नगरसेवकों का चुनाव करेंगे। राज ठाकरे ने नियुक्तियों के बारे में सोचा होगा। हम निश्चित रूप से बीएमसी में बदलाव देखेंगे। मनसे मिशन महानगरपालिका आज से शुरू होती है।
**संदीप देशपांडे**

### महाराष्ट्र में यह संरचना अप्रेल- मई में होगी लागू

राज ठाकरे ने बताया कि ठाणे में भी ऐसी ही एक केंद्रीय समिति होगी, जिसमें अविनाश जाधव, राजू पाटिल, अभिजीत पानसे, गजानन काले शामिल होंगे। यह दोनों तरफ एक पार्टी बनाने के लिए बनाई गई है। यह संरचना पूरे महाराष्ट्र में लागू की जाएगी। यह एक बदलाव है जो वर्तमान में मुंबई और ठाणे में किया जा रहा है। यह संरचना महाराष्ट्र में अप्रेल-मई के महीनों में लागू की जाएगी।

### नासिक में सीएम ने प्रस्तुत किया महाराष्ट्र के विकास का रोडमैप

# राज्य के औद्योगिक और सतत विकास को प्राथमिकता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नासिक।** महाराष्ट्र के विकास की प्रक्रिया को केवल एक क्षेत्र तक सीमित न रखते हुए संपूर्ण राज्य के समग्र विकास को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्यमियों के समक्ष महाराष्ट्र के विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) यंग इंडियंस की नासिक शाखा द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्र परिषद के संवाद सत्र में मुख्यमंत्री फडणवीस ने नासिक के विकास को भी गति देने का संकल्प व्यक्त किया। सीआईआई यंग इंडियंस नासिक शाखा की तीन दिवसीय बैठक का समापन रविवार को मुख्यमंत्री फडणवीस के संवाद से हुआ। इस मौके पर सीआईआईके राष्ट्रीय अध्यक्ष तरंग खुराना ने उनसे चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर बेबाकी से जवाब दिए और राज्य के विकास की दिशा स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रशासन और निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

**नासिक के विकास को भी गति देने का संकल्प**

## औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि नासिक में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां की मानव संसाधन क्षमता और जलवायु को ध्यान में रखते हुए पर्यटन और औद्योगिक विकास के लिए बड़ा अवसर है। एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) के कारण यहां एक डिफेंस इकोसिस्टम मौजूद है। मुंबई का औद्योगिक लाभ पुणे और छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) को मिला, अब समृद्धि महामार्ग के कारण नासिक का तेजी से विकास होगा। देश का सबसे बड़ा बंदरगाह वधावन में बन रहा है, और नासिक से वहां तक ग्रीनफील्ड रोड बनाया जाएगा, जिससे नासिक को बड़ा फायदा होगा।

## सबसे अधिक निवेश महाराष्ट्र में

देश में औद्योगिक और आर्थिक विकास की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। 10-12 राज्य उद्योग और आर्थिक विकास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन महाराष्ट्र इसमें अग्रणी बना हुआ है। राज्य में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण है, और देश में सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ( एफडीआई) महाराष्ट्र में ही हो रहा है। मुंबई और पुणे के साथ-साथ छत्रपति संभाजीनगर, नागपुर और गडचिरोली जैसे जिलों में भी निवेश हो रहा है।

## कृषि प्रसंस्करण उद्योग का बेहतरीन मॉडल

औद्योगिक विकास के साथ-साथ कृषि क्षेत्र के विकास के लिए भी सरकार प्रयासरत है। नासिक की पहचान उन्नत कृषि के लिए है। यह जिला अंगूर, प्याज और सब्जी उत्पादन में अग्रणी है। कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धित सप्लाई चेन को नासिक ने सफलतापूर्वक विकसित किया है, जिसे "नासिक मॉडल" कहा जाता है। इसके अलावा, सह्याद्री एग्रो ने कृषि प्रसंस्करण उद्योग का एक उत्कृष्ट मॉडल तैयार किया है। सरकार ने स्मार्ट योजना और एग्री-बिजनेस योजना शुरू की है, जिससे किसानों को बाजार सुविधाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 लाख घर बनाए जा रहे हैं।

## राज्य की अर्थव्यवस्था 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर

■ भारत की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर की ओर बढ़ रही है, जिसमें महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राज्य की अर्थव्यवस्था 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का रोडमैप तैयार है।

## आईटी-एआई के प्रभावी उपयोग पर जोर

महाराष्ट्र में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में क्रांति आई है। परिवहन और संचार सुविधाओं के विकास से नासिक को बड़ा लाभ मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी का अधिक प्रभावी उपयोग करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। गूगल के साथ साझेदारी कर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। कृषि और कानूनी क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग से नए रोजगार और उद्यमिता के अवसर बन रहे हैं। नई तकनीक को अपनाते हुए नए शैक्षणिक पाठ्यक्रम विकसित किए जा रहे हैं। रतन टाटा स्किल यूनिवर्सिटी ने इस संबंध में 10,000 महिलाओं को प्रशिक्षित किया है। सरकार ग्रामीण उद्यमियों को भी अधिक अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि



■ **मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्णन ने रविवार को राजभवन, मुंबई में शहीद दिवस के अवसर पर महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी एवं राज्य पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।



■ **नासिक।** शहीद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार की सुबह सरकारी विश्रामगृह में शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विभागीय आयुक्त डा. प्रवीण गेडाम, पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक, जिलाधिकारी जलज शर्मा आदि उपस्थित थे।



■ **मुंबई।** शहीद दिवस के अवसर पर रविवार को राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# भाजपा नेता मोहन मिश्र का अभिनंदन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बिहार दिवस के उपलक्ष्य में बिहारी समाज के प्रमुख त्योहार 'छठ उत्सव' को मुंबई में शुरू करने वाले भाजपा नेता मोहन मिश्र का रविवार को अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने सिद्धिविनायक गणेश जी की प्रतिमा व असमिया गमछा देकर सम्मानित किया गया। मीरा भयंदर स्थित मोहन मिश्र के निवास पर अमरजीत मिश्र के अलावा ज्ञानेन्द्र सिंह,पंकज सिंह , त्रिपुरादेवी, रश्मि मिश्रा, अनुपमा शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे।



## कब्र तोड़ने जा रहे प्रदर्शनकारी हिरासत में

**संभाजीनगर।** औरंगजेब की कब्र को लेकर घमासान जारी है। रविवार को औरंगजेब की कब्र को तोड़ने जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान ने औरंगजेब की कब्र उखाड़ने की चेतावनी दी थी। छत्रपति संभाजी नगर पुलिस ने छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष को हिरासत में ले लिया। छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष बलराजे अवारे पाटिल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। 23 मार्च को औरंगजेब के कब्र उखाड़ने की चेतावनी धर्मवीर छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान की ओर से दी गई थी। सुबह से ही शहर के क्रांतिचौक परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और जवान इन कार्यकर्ताओं का हिरासत में लेने के लिए मौजूद थे।

# मुंबई पुलिस ने 24 घंटे में साइबर ठगों से बचाए 1.49 करोड़ रुपए

- 1930 हेल्पलाइन पर मिली थी शिकायत
- 24 घंटे के अंदर शिकायत देकर बचेगा पैसा
- पुलिस ने बैंकों के साथ स्थापित किया समन्वय



**मुंबई।** मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल ने बीते 24 घंटे में साइबर ठगों से लोगों के 1.49 करोड़ रुपए को सुरक्षित बचाया है। ये कारनामा इस लिए संभव हो पाया है, क्योंकि इन मामलों की रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर मिल गई थी। पुलिस के मुताबिक, 21 मार्च को साइबर सेल को हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कई शिकायतें मिली थीं, जिनमें मुख्य रूप से निवेश धोखाधड़ी, शेयर ट्रेडिंग घोटाले, फर्जी ऑनलाइन शॉपिंग और व्हाट्सएप प्रतिरूपण धोखाधड़ी शामिल थीं। पुलिस ने कहा कि 24 घंटे के भीतर कई बैंक खातों में 1,49,87,376 रुपये की धोखाधड़ी वाली राशि को फ्रीज करने में सफलता पाई गई। मुंबई साइबर अपराध सेल के पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से संबंधित बैंकों और अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने में मदद मिली। इससे धोखाधड़ी करने वालों को धनराशि ट्रांसफर होने से रोका जा सका। इन प्रयासों की निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस नागरिकों से आग्रह करती है कि यदि वे साइबर अपराध के शिकार होते हैं, तो खोए हुए धन को वापस पाने के लिए तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

### सतर्क रहे नागरिक

नागरिकों के लिए जारी एक सलाह में, पुलिस ने कहा कि लोगों को सतर्क रहना चाहिए और शेयर ट्रेडिंग और अन्य निवेश धोखाधड़ी का शिकार होने से बचना चाहिए, जो वर्तमान में बढ़ रहे हैं। पुलिस ने नागरिकों को संदिग्ध स्त्रोतों से ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड न करने की सलाह दी है।

# खार में 'जैन यूथ ग्रुप' का रक्तदान शिविर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ नरेन्द्र परमार ने किया अपना 31वां रक्तदान
▶▶ 31 महिलाओं सहित 111 लोगों ने दिया रक्त



**मुंबई।** जैन यूथ ग्रुप खार, मुंबई के तत्वाधान में रविवार को 8वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। ग्रुप के मनोज जैन एवं विक्रम जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर में 31 महिलाओं सहित 111 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान में नरेन्द्र परमार मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। जिनको तिलक लगाकर एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर के लाभार्थी मातुश्री पानी बाई रतन चंद कोठारी परिवार से पारस कोठारी, विकास कोठारी रहे। शिविर को सफल बनाने में विनोद जैन, अशोक कटारिया, नीलेश पोखरना, राकेश शाह, राजेश पारलेचा एवं सभी सदस्य बंधुओं एवं रक्तदाताओं का सहयोग रहा। शिविर में अतिथि रूप में लोकेश दोशी,ललित राठौड़ शक्ति, दिलीप धोका,बाबूलाल चोपड़ा, नितिन राणावत, अमित मेहता, मीठालाल राठौड़ उपस्थित रहे। शिविर में मुख्य अतिथि नरेन्द्र परमार ने अपना 31 वां रक्तदान किया और खार जैन यूथ ग्रुप के सेवार्थ कार्य की सराहना करते हुए समाज एवं युवाओं में प्रेरणा का स्त्रोत बताया। शिविर मिटता मेमोरियल हॉस्पिटल ब्लॅड बैंक की सेवा रही।



■ **मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर रविवार को सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर के मुंबई आगमन पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राज के.पुरोहित, भाजपा युवा नेता राहुल जेरण, जीतूभाई दवे समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को धमकी

**मुंबई।** मुंबई के बांगुर नगर इलाके में रहने वाली मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस एंजल राय को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने दावा किया है कि पिछले कुछ समय से यह शख्स उन्हें जिंदा जलाने और टुकड़ों में काटने की धमकी दे रहा है। जिससे वह बेहद डरी हुई हैं। धमकियों से परेशान होकर एंजल ने अब कानूनी कदम उठाते हुए बांगुरनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## विशेष सूचना

**जागरूक टाइम्स** अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- **9930850102** पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# भायंदर में सातवां मेगा मेडिकल कैंप

▶▶ चार सौ लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**भायंदर।** मैथिल विकास प्रतिष्ठान (एमवीपी) द्वारा भक्तिलोक हॉस्पिटल, मीरारोड के प्रांगण में सातवां मेगा मेडिकल कैंप 2025 का भव्य आयोजन किया गया। पश्चिम चंपारण के पूर्व विधायक सचिन्द्र सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और बिहार में इसी तरह के कैंप आयोजित करने की आवश्यकता जताई। इस कैंप में लगभग 400 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें 200 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरित किया गया। विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने फिजिशियन, जनरल सर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन, गायनाकोलॉजिस्ट, डर्मटोलॉजिस्ट, नेत्र सर्जन, डेंटिस्ट, होम्योपैथ, फिजियोथेरेपिस्ट और डाइटिशियन के रूप में सेवाएं दीं। एमवीपी के अध्यक्ष अमोद कुमार झा , सचिव पं. गौरीकांत झा तथा कोर कमिटी के सभी सदस्य, संयोजक डा. मोहन झा सहित सभी डाक्टरों, पैथोलॉजी टीम, मेडिकल प्रतिनिधियों, तकनीशियनों को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज सेवा की इस भावना को भविष्य में भी निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया।

# भारत सरकार लिखी कैश वैन से नशे की तस्करी

**80 लाख का माल जब्त, आधी रात पुलिस ने डाली रेड**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** भारत सरकार लिखी कैश वैन (कैश मैनेजमेंट सर्विस) से डोडा-पोस्त की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने आधी रात में छापेमारी की तो इसका खुलासा हुआ। वैन से 80 लाख रुपए (730 किलोग्राम डोडा-पोस्त) की नशे की खेप पकड़ी गई है। वैन से 12 बोर की राइफल, सात जिंदा कारतूस के साथ ही सिक्योरिटी गार्ड की यूनिफॉर्म मिली है। इस दौरान आरोपी फरार हो गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है। इंटरनेशनल बॉर्डर इलाके के बाड़मेर स्थित गुड़ामालानी इलाके में पुलिस ने यह कार्रवाई की है।



### पुलिस को तस्करी की भनक कैसे लगी

गुड़ामालानी थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया- नशे की तस्करी के लिए बदमाश नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। 22 मार्च की रात को जानकारी यह भी मिली थी कि सुनील, सुरेंद्र और नरेश नाम के लड़के बड़ी खेप ले जाने वाले हैं। इसके लिए आरोपी कैश वैन का उपयोग कर रहे हैं। यह वही वैन थी, जिसमें कैश रखकर एटीएम तक ले जाया जाता है। बिना समय गंवाए गुड़ामालानी पुलिस आधी रात में लूणवा जागीर ग्राम पंचायत के भोलानगर गांव पहुंची।

### पुलिस के हाथ नहीं लगे आरोपी

गांव के खेत में एक कमरा बना हुआ था। यह कमरा नरेश पुत्र जबराराम का था। इसी में वैन को छुपाकर रखा गया था। वहां वैन देखकर पुलिस हैरान रह गई। पुलिस की कार्रवाई से पहले सभी आरोपी वहां से निकल चुके थे। जानकारी मिली कि 22 मार्च की रात ही इस वैन से नशे की खेप भेजी जानी थी। गाड़ी को मोडिफाई करके कैश ट्रांजिट व्हीकल का रूप दिया गया था। बदमाशों को यह बात पता थी कि कैश वैन की जांच नहीं की जाती है।




### सीसीटीवी कैमरे से लेकर सुरक्षा के पूरे इंतजाम

गुड़ामालानी थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया- इस तरह के कैश वैन में सुरक्षा के पूरे इंतजाम होते हैं। जाली लगी होती है। हर गतिविधि को कैप्चर करने के लिए सीसीटीवी भी इंस्टॉल करवाया जाता है। इस वैन में भी सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। वैन में 738 किलो डोडा-पोस्त भरा था। इसमें से राइफल और जिंदा कारतूस भी मिले हैं। इस तरह की राइफल-कारतूस वैन के साथ चलने वाले सिक्योरिटी गार्ड के पास होती है।

## किराने की दुकान में घुसे चोर



**जोधपुर।** जोधपुर के लूणी थाना क्षेत्र के सर गांव में किराना दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और दुकान का सामान और नगद रुपए चुरा कर ले गए। फिलहाल दुकान संचालक की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है। वहीं चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें चोर दुकान में चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। चोरी करने के लिए आए चोर बाइक पर सवार होकर आए थे।

इस दौरान एक चोर दुकान के बाहर निगरानी करता रहा। चोरी की घटना लूणी थाना क्षेत्र के सर गांव में जगदीश पटेल की दुकान की है। यहां पर शनिवार देर रात चोर बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने किराना दुकान का शटर मोड़कर अंदर घुसे और दुकान में गले में रखे नगद रुपए और अन्य सामान चुरा लिया। घटना के समय एक चोर बाहर निगरानी करता रहा।

**बाड़मेर में दर्दनाक हादसा**

# स्कूल गेट का पिलर गिरने से मासूम की हुई मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** राजस्थान में बाड़मेर जिले के चौहटन उपखंड क्षेत्र में स्कूल की दीवार से गिरने से बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। जहां राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांकाना में शनिवार को छुट्टी के समय दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें गेट के पास का पिलर गिरने से दो मासूम बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्कूल अध्यापक ने तत्परता दिखाते हुए निजी वाहन से उन्हें चौहटन जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने विमला (11) पुत्री महावीर, कक्षा चार की बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल मीनाक्षी (नौ) पुत्री घमण्डाराम, कक्षा तीन का उपचार चल रहा है। यह हादसा तब हुआ जब छुट्टी के समय बच्चियां स्कूल गेट पर खेल रही थीं। इसी दौरान पिलर गिर गया और दोनों बच्चियां इसकी चपेट में आ गईं। इस घटना ने शिक्षा विभाग की लापरवाही को उजागर कर दिया है। जिले में कई स्कूलों के भवन जर्जर स्थिति में हैं, जो हर दिन मासूम बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं।



### स्कूलों में करें सुरक्षा इंतज़ाम

- इस घटना ने स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा विभाग को स्कूल भवनों की स्थिति सुधारने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को इस गंभीर समस्या के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। बाड़मेर जिले में यह हादसा केवल एक उदाहरण है, जो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमारे बच्चों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

### प्रशासन ने जांच का दिया आश्वासन

- बाड़मेर जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह रानीगांव के अनुसार, छुट्टी के बाद बच्चे गेट पर झूला झूल रहे थे, जिसके कारण पिलर गिरा। उन्होंने मामले की जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन इस घटना ने सवाल उठाए हैं कि क्या शिक्षा विभाग इन जर्जर स्कूल भवनों के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर ऐसे हादसे मासूम बच्चों की जान लेते रहेंगे।

## डांगियावास बाईपास के पास ट्रक में अचानक लगी आग

**जोधपुर।** जोधपुर के डांगियावास बाईपास पर पाबूपुरा के नजदीक एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उठता हुआ धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। देखते ही देखते ट्रक धू-धू कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रक में परचून का सामान भरा हुआ था, जो आग की लपटों में जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, ट्रक को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के दौरान ट्रक चालक ने सूझबूझ का परिचय दिया। उसने जलते हुए ट्रक को तेजी से रहवासी इलाके से दूर ले जाकर सड़क किनारे रोक दिया। यदि ट्रक आबादी वाले क्षेत्र में रुकता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। चालक की इस बहादुरी की स्थानीय लोगों ने जमकर तारीफ की। पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आग का सही कारण विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।



# सपा सांसद के राणा सांगा पर दिए बयान पर बवाल

**मारवाड़ राजपूत सभा ने कहा- उन्होंने देश के लिए बलिदान दिया**

**जोधपुर।** मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से सपा सांसद के बयान का विरोध किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए बयान का विरोध तेज होने लगा है। इसको लेकर अब मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से रविवार को बैठक की गई। जिसमें सोमवार को सर्व समाज के साथ मिलकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह कांगड़ा ने बताया कि सपा सांसद के बयान से हर राष्ट्रभक्त और 36 समाजों के लोगों में रोष है। उन्होंने राष्ट्र के लिए बलिदान दिया, जिनसे आने वाली पीढ़ी सीख ले रही है, ऐसे योद्धा के खिलाफ बयान देने वाले सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसको लेकर सोमवार को सर्व समाज 11 बजे कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देकर विरोध जताएगा। इसमें सभी समाजों के लोग शामिल होंगे। महासचिव केवी सिंह ने कहा कि सपा सांसद सुर्खियों में रहने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं। इस तरह की टिप्पणी खेदजनक है। मारवाड़ राजपूत सभा की मांग है कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव सांसद की टिप्पणी को लेकर माफी मांगें। वहीं उन्होंने सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता निरस्त करने की मांग की है। बता दें कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने शनिवार को राज्यसभा में कहा- भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है तो फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।



## सात साल से फरार एनडीपीएस मामले का वांटेड गिरफ्तार

- मादक पदार्थ की सप्लाई करता था, धोरीमन्ना पुलिस ने जब्त की थी 750 ग्राम स्मैक

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की गुड़ामालानी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सात सालों से फरारी काट रहा था। वांटेड ने 750 ग्राम स्मैक की सप्लाई की थी। धोरीमन्ना थाने का वांटेड है। फिलहाल पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। गुडामलानी थानाधिकारी देवी चंद ढाका ने बताया- एसपी नरेंद्र कुमार मीणा की ओर से टीमें बनाकर एनडीपीसी मामलों में फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। थाने के हैड कॉन्स्टेबल वीरम मय पुलिस जाब्ता टीम बनाई गई। मेरी निगरानी में आरोपी को पकड़ने के लिए भिजवाया गया। राजू उर्फ राजेंद्र पुत्र भैरूसिंह निवासी संगाराना, नीमच को गिरफ्तार किया है। आरोपी धोरीमन्ना थाने में दर्ज एनडीपीएस मामले में 2017 से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि धोरीमन्ना पुलिस ने साल 2017 में कार्रवाई करते हुए 750 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। अवैध स्मैक की सप्लाई आरोपी राजू ने की थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



## बजरी से भरे दो डंपर-एस्कॉर्ट कर रही स्कॉर्पियो पकड़ी

**जोधपुर।** जोधपुर में ग्रामीण क्षेत्र में बजरी से भरे डंपरों की स्कॉर्पियो से एस्कॉर्ट किया जाने लगा है। जोधपुर ग्रामीण की कापरड़ा थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन और परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे दो डंपर और एस्कॉर्ट कर रही स्कॉर्पियो को पकड़ा है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार गया है। स्कॉर्पियो अवैध बजरी से भरे डंपर को एस्कॉर्ट कर रही थी, इसके अलावा पुलिस ने कावा की ढाणी में एक बाड़े में स्टॉक कर रखी गई अवैध बजरी को भी पकड़ा है। पुलिस ने ये कार्रवाई बिलाड़ा थाना क्षेत्र के हुनगांव के पास की।

# बालोतरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बालोतरा।** बालोतरा में कृष्णा सेवा संस्थान की प्रमुख शाखा कृष्णा रक्तदान सेवा समिति के युवाओं ने 34 यूनिट रक्तदान किया। समिति के अध्यक्ष गोपाल सेन ने 18वीं बार रक्तदान कर मिसाल कायम की। रक्तदान समिति प्रभारी मांगीलाल खत्री ने बताया-समिति निरंतर रक्तदान के लिए कार्यरत है। आवासन मंडल प्रभारी कृष्ण वैष्णव और गौ सेवक जनक माली ने भी रक्तदान किया। समिति उपाध्यक्ष गोपाराम माली और कमलेश वैष्णव के अनुसार, संस्थान अध्यक्ष धर्मेंद्र दवे के नेतृत्व में कई सेवा कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। यदि मरीजों के परिजन स्वयं रक्तदान करें तो रक्त की कमी नहीं होगी। रक्तदान से शरीर स्वस्थ भी रहता है। इस अभियान में पिंटू सेन, लक्ष्मण चौहान, दिनेश खत्री, खालीर भाई, गौतम माली, प्रमोद कुमार, रावल सिंह समेत कई सदस्यों ने रक्तदान किया। महेंद्र माली, प्रफुल शर्मा, जेठाराम और गणपत ने भी सहयोग दिया। संस्थान अध्यक्ष धर्मेंद्र दवे ने बताया कि समिति पिछले कई वर्षों से रक्तदान का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य 24 घंटे रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं।

# व्यापार जगत

# पुरानी कार में एक अप्रैल से नहीं मिलेगा पेट्रोल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुरानी गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। एक अप्रैल से शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे 15 साल से पुरानी पेट्रोल गाड़ियों और 10 साल से पुरानी डीजल गाड़ियों को पहचानेंगे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के अनुसार, इन गाड़ियों को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं मिलेगा। सरकार का लक्ष्य है कि पुरानी गाड़ियां दिल्ली की सड़कों पर कम हों और प्रदूषण कम हो। इन कैमरों की मदद से सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि नियमों का पालन हो और पुरानी गाड़ियों को ईंधन न मिले। दिल्ली सरकार पुरानी गाड़ियों को लेकर बहुत सख्त है। पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिरसा ने कहा कि शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिवाइस लगाए जा रहे हैं। ये डिवाइस पुरानी गाड़ियों को पहचानेंगे और उन्हें ईंधन नहीं देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कैमरे नंबर प्लेट को तुरंत पढ़कर उसे डिजिटल कर देंगे। यह सब इसलिए किया जा रहा है ताकि दिल्ली में प्रदूषण कम हो सके और लोगों को स्वच्छ हवा मिल सके। सरकार का लक्ष्य है कि पुरानी गाड़ियां सड़कों पर न चलें और लोग नए और प्रदूषण कम करने वाले वाहनों का इस्तेमाल करें कुल मिलाकर दिल्ली सरकार एक अप्रैल से एएनपीआर कैमरों का उपयोग करके पुरानी गाड़ियों को ईंधन देने से रोकने जा रही है। यह एनजीटी के आदेश का पालन करने और शहर में प्रदूषण को कम करने का एक प्रयास है। जो गाड़ियां नियम तोड़ेंगी, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा और बार-बार उल्लंघन करने पर उन्हें स्क्रैप कर दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली की हवा साफ हो और लोग स्वस्थ रहें।



### 80% पेट्रोल पंप पर एएनपीआर कैमरे लगे

दिल्ली में लगभग 500 पेट्रोल पंप हैं। इनमें से 80% पर एएनपीआर कैमरे पहले से ही लग चुके हैं। सिरसा ने बताया कि जैसे ही कोई पुरानी गाड़ी ईंधन भरवाने आएगी, सिस्टम उसे डिफॉल्टर घोषित कर देगा। यह सिस्टम एक सेंट्रल डेटाबेस से जुड़ा है। यह डेटाबेस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर से जानकारी निकालकर बताता है कि गाड़ी नियम तोड़ रही है या नहीं। यह जानकारी सरकार के वाहन पोर्टल से ली जाती है। दिल्ली सरकार ने पिछले साल सितंबर तक 59 लाख से ज्यादा पुरानी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया था। इनमें सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन थे।

### दिशानिर्देश हो गए लागू

'दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों पर बेकार हो चुके वाहनों के प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश, 2024' मंगलवार से लागू हो गए हैं। इसके अनुसार, अगर कोई पुरानी गाड़ी पकड़ी जाती है तो उसे तभी छोड़ा जाएगा जब मालिक नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) लेने और गाड़ी को एनसीआर से बाहर किसी दूसरे राज्य में रजिस्टर कराने के लिए राजी हो जाए या उसे किसी निजी जगह पर पार्क करे। गाड़ी छुड़ाने के लिए कार पर 10,000 रुपए और दोपहिया वाहन पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। मालिक को यह लिखकर देना होगा कि वह दोबारा नियम नहीं तोड़ेगा। अगर गाड़ी फिर से सड़क पर मिलती है तो उसे स्क्रैप कर दिया जाएगा।

**फायदा-नुकसान अमेरिका-यूरोप का जिक्र**

# जयशंकर ने खोला कौन सा बड़ा राज?



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की मुक्त व्यापार रणनीति पर बात की है। उन्होंने ट्रेड पॉलिसी से जुड़े कई पहलुओं पर से पर्दा उठाया है। एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) हमेशा से भारत के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं। भारत इस बात को समझता है। फिलहाल, भारत तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर काम कर रहा है। ये समझौते यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ हैं। न्यूजीलैंड के साथ भी बातचीत शुरू हो गई है। कुछ और समझौते भी पाइपलाइन में हैं। हमें फायदे और नुकसान को ध्यान से देखना होगा। यह भी देखना होगा कि कुछ न करने का क्या नुकसान होगा। एस जयशंकर ने कहा कि इन समझौतों से कुछ फायदे भी हो सकते हैं। खासकर संवेदनशील तकनीक के मामले में। भारत हमेशा 'इंडिया फर्स्ट' यानी 'भारत पहले' की नीति अपनाएगा। वह बोले- हमारा लक्ष्य 'विकसित भारत' है।

### भारत के पहले के ज्यादातर एफटीए एशियाई देशों के साथ थे

एस जयशंकर ने ट्रेड पॉलिसी में बदलाव पर राज खोलते हुए कहा कि भारत के पहले के ज्यादातर एफटीए एशियाई देशों के साथ थे। इनमें से कई देश एक-दूसरे से मुकाबला करते हैं। अब खाड़ी और पश्चिमी देशों के साथ जुड़कर हम एक संतुलन बनाना चाहते हैं। यह सिर्फ आर्थिक रूप से ही नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी जरूरी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि व्यापार समझौते भारत के वैश्विक आर्थिक संबंधों में हमेशा से महत्वपूर्ण रहे हैं। भारत को अब इस बात को और भी ज्यादा समझने की जरूरत है। भारत अभी यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ एफटीए पर बातचीत कर रहा है।

## आप का राशिफल 24 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। दवावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

# सोना या चांदी, आगे कौन देगा ज्यादा रिटर्न

**नई दिल्ली।** सोने ने बीते कुछ समय में शानदार रिटर्न दिया है। यही कारण है कि आजकल हर तरफ सोने की ही चर्चा है। लेकिन, सोने का एक करीबी साथी है - चांदी। चांदी को उतनी चर्चा नहीं मिल रही है, जबकि यह भी 2025 में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली संपत्ति बनने की दौड़ में पीछे नहीं है। पिछले एक साल में सोने में 40% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, चांदी में लगभग 34% का इजाफा हुआ है। अभी चांदी लगभग 33 डॉलर प्रति औंस पर है। भारत में चांदी का स्पॉट प्राइस लगभग एक लाख रुपए प्रति किलो है। सोने का भाव लगभग 3,030 डॉलर प्रति औंस है। भारत में यह कीमत 88,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास है। इन शानदार रिटर्न को देखते हुए लगातार यह सवाल पूछा जा रहा है कि इन दोनों कीमती धातुओं - सोना और चांदी - की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे क्या कारण है? क्या यह चमक बरकरार रहेगी?




### चांदी में क्यों है तेजी ?

चांदी में तेजी का कारण यह है कि लगातार पांचवें साल चांदी की मांग उसकी सप्लाई से ज्यादा है। अनुमान है कि 2025 में वैश्विक चांदी की मांग 1.20 अरब औंस पर स्थिर रहेगी, जबकि कुल वैश्विक चांदी की सप्लाई 3% बढ़कर 1.05 अरब औंस हो जाएगी। यह पिछले 11 सालों में सबसे ज्यादा है। इसलिए डिमांड और सप्लाई में अंतर है। यह अंतर चांदी की कीमतों के लिए अच्छी खबर है। चांदी की कीमतें बढ़ने के दो बड़े कारण बताए जा रहे हैं। पहला, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी। दूसरा, चांदी में निवेश करने में लोगों की बढ़ती दिलचस्पी। चांदी का बाजार अपेक्षाकृत छोटा है। इसका सालाना कारोबार लगभग 30 अरब डॉलर है। ऐसे में सप्लाई में थोड़ा सा बदलाव भी मांग और कीमत पर बड़ा असर डालता है। औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन टेक्नोलॉजी (पर्यावरण के अनुकूल तकनीक) की वजह से चांदी की मांग बढ़ी है। लेकिन, सप्लाई सीमित है। इसलिए, चांदी तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था में एक अच्छा विकल्प है।

# ईद से पहले भारत ने कराया बांग्लादेश का मुंह मीठा !

**मुजफ्फरनगर का GI टैग वाला 30 टन गुड़ भेजा**

**नई दिल्ली।** ईद से पहले भारत ने बांग्लादेश का मुंह मीठा कराया है। भारत ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से 30 टन GI टैग वाला गुड़ बांग्लादेश भेजा है। GI टैग का मतलब है कि ये गुड़ खास तौर पर मुजफ्फरनगर में ही बनता है और इसकी क्वालिटी बहुत अच्छी है। मुजफ्फरनगर अपने गन्ने के लिए मशहूर है। यहां और शामली में बनने वाले गुड़ की डिमांड पूरी दुनिया में है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह पहल किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) और किसान उत्पादक कंपनियों (FPCs) के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को गुड़ के सीधे निर्यात की शुरुआत है। इसका मतलब है कि अब किसान सीधे अपना गुड़ बांग्लादेश को बेच सकेंगे। पहले उन्हें बिचौलियों पर निर्भर रहना पड़ता था। ब्रिजनंदन एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (FPC) नाम की एक कंपनी है। इसे साल 2023 में बनाया गया था। इसमें 545 सदस्य हैं, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। यह FPO गुड़, गन्ने से बने सामान, बासमती चावल और दालें बाहर भेजने का काम करती है। बयान में कहा गया है कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण की मदद से यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश से कृषि निर्यात में एक FPO की तीसरी सफलता की कहानी है।



# श्रीमाली ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुईं नियुक्तियां

**डॉ. घनश्याम व्यास बने राष्ट्रीय संगठन सचिव, समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्थानीय जोधपुर महानगर के प्रतीक होटल परिसर में अखिल भारतीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था पुष्कर की कार्यकारिणी के राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित हुआ। जिला विप्र फाउंडेशन जालोर के जिला महामंत्री डॉ. घनश्याम व्यास के 36 कौम में मानवीय मूल्य, समाज सेवा, पर्यावरण चेतना, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट गाइड, महाकवि माघ विकास संस्थान द्वारा अग्रणीय सेवा कार्य, नियमित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण प्रकल्प, सामाजिक सरसता प्रकल्प, संस्कृति, संस्कृत विकास विस्तार, ऐतिहासिकवृहद तुलसी वितरण, मूक पशु, पक्षियों के परिंडे वितरण, राष्ट्रीय मंथन कार्यक्रम में उत्कृष्ट भूमिका आदि जनोपयोगी कार्य करने के फलस्वरूप अखिल भारतीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था, पुष्कर के राष्ट्रीय संगठन सचिव जैसी महती भूमिका प्रदत्त की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अधिवेशन विधुशेखर दवे पूर्व डीएफओ मानद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि जोधपुर के प्रतीक होटल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आयोजन में डॉ. घनश्याम व्यास व्यास के विविध मानव सेवा में उत्कृष्ट सेवा के फलस्वरूप स्थान प्रदत्त किया गया। कार्यक्रम में चिरंजीलाल दवे, महेंद्र दवे शिवागंज पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉक्टर वी. डी. दवे पूर्व प्राचार्य बांगड़ पाली कॉलेज, शांतिलाल दवे, कमलेश भाई त्रिवेदी, राजकोट, डॉक्टर पी. सी. व्यास पूर्व अधीक्षक राजकीय महात्मा गांधी हॉस्पिटल, जोधपुर, गणपत लाल ओझा, जावाल पूर्व प्रबंधक बीओबी, विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे, आकाश ओझा अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्रीमाली ब्राह्मण समाज, सत्तुभाई बोहरा, ललितदवे की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान दिनेश दवे नवीन ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका अहम है। समाज में शांति, न्याय और सद्भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी है कि विप्र समाज हर क्षेत्र में प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाते रहें, उन्होंने कहा कि राष्ट्र विकास के साथ-साथ विरासत का संरक्षण करने की प्रेरणा दी है।

शिक्षा विद डॉ.वीडी दवे ने बताया की हमे गर्व है की एक विद्यार्थी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में संगठन सचिव का दायित्व जो जन सेवा के कार्यों से विप्र समाज अपने ध्येय 'सर्वे जना सुखिनो भवन्तु' को चरितार्थ कर रही है। यह वेदों और शास्त्रों का पारायण, नित्यकर्मों का पालन और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रही है।

शांतिलाल दवे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि विप्र समाज हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक धारा को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। यह वह समाज है जो पूरे राष्ट्र को दिशा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह राजस्थान अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए देश- दुनिया में जाना जाता उसी तरह अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार भगवान परशुराम एक अनुपम महत्व है। राजस्थान राज्य के हर कार्यकर्ता की स्व प्रेरणा है। शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, स्वच्छता ,संस्कृति और विविधताओं का दर देश के हर समाज के वंचितों के उत्थान के लिए संकल्पित भाव से काम कर रहे हैं, ताकि विकसित भारत का संकल्प सही मायने में पूरा हो सके। आयोजित कार्यक्रम में समाज के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विप्र समाज सहित 36 कौम के जन जन के प्रिय, विप्र गौरव डॉ घनश्याम व्यास राष्ट्रीय संगठन सचिव पर नवनियुक्त हुए हैं।

## भाजपा का होली स्नेह मिलन समारोह

**जालोर।** जालोर के जसवंतपुरा में प्रजापत छात्रावास में भाजपा मंडल का रविवार को होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आम जनता तक पहुंचाने की अपील की। जसवंतपुरा मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह ने बताया कि जसवंतपुरा मंडल कार्यकर्ताओं का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने कहा- राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें और डबल इंजन की सरकार होने पर राजस्थान में विकास की गंगा बहेगी। इसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज पुरोहित, जसवंतपुरा मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह, राजपुरा पूर्व मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह कलापुरा, रामसीन मंडल अध्यक्ष छगन लाल भाटी, जिला उपाध्यक्ष भैरूदान चारण, जिला उपाध्यक्ष भगवत सिंह झाब व जिला प्रमुख राजेश गोयल सहित कई कार्यकर्ता ने संबोधित किया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य गोपाल सिंह, जिला परिषद सदस्य हरीश राणावत, मुकेश खंडेलवाल, शांतिलाल सुथार, भगवान सिंह चेकला, जितेंद्र अग्रवाल, बाबू देवासी, यासीन मोहम्मद, राम सिंह जीतपुरा, हसाराम भील, कानाराम भील सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पावटी से गाजे-बाजे के साथ पैदल यात्रा संघ हुआ रवाना

**जसवंतपुरा।** कस्बे के समीपवर्ती पावटी गांव के गोलुआ से दसवीं बार कुलदेवी आशापुरा माताजी व सोनाणा खेतलाजी धाम सारंगवास के दर्शनार्थ के लिए पैदल यात्रा संघ रविवार सवेरे ढोल धमाकों के साथ रवाना हुआ। गांव में स्थित आशापुरा माताजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। डीजे की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालुओं का जत्था हालीवाड़ा गांव होते हुए दोपहर में कलापुरा गांव के भीमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। यहां पर विश्राम व भोजन प्रसादी करने के बाद शाम को फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर पहुंचा। इस दौरान प्रजापत समाज व ग्रामीणों द्वारा संघ का ढोल धमाका के साथ सोमैया कर भव्य स्वागत किया गया।







### शनिवार रात्रि में बही भजनों की सरिता

■ इससे पूर्व शनिवार रात्रि में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में एक शाम आशापुरा माताजी एवं सोनाणा खेतलाजी के नाम विशाल भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें सुप्रसिद्ध गायक कलाकार श्याम पालीवाल व प्रवीण प्रजापत ने गणेश वंदना के साथ भजनों की शुरुआत की। इसके बाद एक बढ़कर एक उम्दा भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में नृत्य कलाकार रवि वणजारा पाली एवं कुलदीप सिंह सिरोही द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं की झाकियां पेश की। इस दौरान जसवंतपुरा के नर्मदेश्वर महादेव मठ के महंत सुखदेवगिरी महाराज सहित अन्य साधु संतों का सानिध्य रहा। कार्यक्रम में आशापुरा माताजी व सोनाणा खेतलाजी के उपासक भावाराम प्रजापत के नेतृत्व में 108 दीपों से महाआरती कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में सहयोग देने वाले भामाशाहों का आशापुरा नवयुवक मंडल पावटी द्वारा साफा व पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण भाई प्रजापत गोलाणा द्वारा किया गया। इस दौरान रानीवाड़ा पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भैरूदान चारण, समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, समाजसेवी परखाराम चौहान, जसवंतपुरा सरपंच चम्पादेवी प्रजापत, थाना प्रभारी गुमानसिंह सिंह भाटी, रामसिंह धरुपड़ा, झालम सिंह डोरडा, फूलचंद खंडेलवाल, मनीष सोनी, ईश्वर भाई सैन, अनिल राठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## हादसों को आमंत्रण दे रही 2.5 फीट गहरी खाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** क्षेत्र के दाता स्टेशन से डारो की ढाणी तक के सड़क मार्ग पर एक लापरवाही सामने आई है। रपट निर्माण के लिए ठेकेदार ने एक महीने पहले 100 फीट लंबी और करीब 2.5 फीट गहरी खाई खोद दी। लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने खुली खाई को समतल करने की मांग करते हुए हादसे की आंशका जताई है। ग्रामीण पूनमाराम ने बताया कि इस मार्ग पर स्कूली बच्चों की वैन समेत कई वाहनों की आवाजाही होती है इसकी वजहह से कोई हादसा हो सकता है। राजेश डारा ने बताया कि आस-पास नलकूप होने के कारण पशुओं का जमावड़ा भी रहता है। कई पशु इस खाई में गिर चुके हैं, ग्रामीणों ने कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रात के समय यह खाई और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में दिखाई नहीं देती, ऐसे में ग्रामीणोँ ने उक्त मामले में कार्यवाही की मांग की है।



# सांचौर : शहीदों के विचारों को आत्मसात करने की अपील



**सांचौर।** शहीदे आजम वीर भगत सिंह के शहादत दिवस पर राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील द्वारा रविवार को भगत सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपशाखा मंत्री धोलाराम गोदारा ने बताया कि सांचौर शहर के पीडब्ल्यूडी रोड स्थित शहीद भगत सिंह के स्मारक पर शिक्षक संघ प्रगतिशील द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भगत सिंह स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शहीदों के क्रांतिकारी विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कुराड़ा ने देश की आजादी में सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु के बलिदान को भारत की आजादी के लिए प्रेरित करने वाला साहसिक कदम बताया तथा भगत सिंह राजनीतिक आजादी के साथ-साथ आर्थिक आजादी के पक्षधर थे जिन्होंने गरीबों के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई और समाज में लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष विचारों को प्रतिपादित किया।

इस अवसर पर आसुराम जाणी, हरिराम सारण, भेराराम साऊ, किशनलाल धायल, दिनेश खिलेरी, पूनमाराम जाट, ओमप्रकाश जाजोदा, सुनील सारण, राजेन्द्र विश्नोई, पूनमाराम गीला, जगदीश धायल, मोहनलाल मांजू, प्रकाश विश्नोई, पुखराज साऊ, दिनेश सियाक, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम पूनिया, विवेक शर्मा समेत कई शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भाजपा का होली स्नेह मिलन व कार्यालय का किया शुभारंभ

**जसवंतपुरा।** कस्बे के सुंधा माता तिराहे पर स्थित प्रजापत समाज छात्रावास में रविवार को भाजपा मंडल जसवंतपुरा के समस्त कार्यकर्ताओ की ओर से होली स्नेह मिलन समारोह, नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का स्वागत व भाजपा कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भैरूदान चारण, भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राजपुरा, जिला महामंत्री हरीशचंद्र राणावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष दौलतसिंह देवल, शांतिलाल सुथार, रिडमल सिंह, देवेन्द्र सिंह जाविया, रमेश रावल, महेन्द्र सिंह झाब, रमेश चौधरी दहीपुर मंडल अध्यक्ष रानीवाड़ा, बलवंत राजपुरोहित मंडल अध्यक्ष बडगांव, प्रकाश जांगू मंडल अध्यक्ष करड़ा, छगनलाल भाटी मंडल अध्यक्ष रामसीन, पूर्व जिला महामंत्री मुकेश खंडेलवाल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहब्बत सिंह, राम सिंह धरूपडा, भगवान सिंह चेकला, जितेन्द्र अग्रवाल, अंबालाल तायल, यासीन खान, हजारीमल मेघवाल, राजू सुथार, भरत राणा सहित समस्त भाजपा मंडल के सदस्यगण मौजूद रहे।





### सरकार की उपलब्धि आमजन तक पहुंचाएं: देवल

■ कार्यक्रम से पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने कहा कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आमजन तक पहुंचाएं, ओर डबल इंजन की सरकार होने पर राजस्थान में विकास नए आयाम स्थापित करेंगे। इस दौरान सभी पदाधिकारियों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया गया।

## सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के सांचौर फाटक तीन रास्ते पर नालियों की व्यवस्था न होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। इस मार्ग पर महादेव मंदिर, तहसील कार्यालय, न्यायालय, पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय और नगर पालिका कार्यालय स्थित हैं। इसी मार्ग पर पीएचडी, वन विभाग और बीएसएनएल के कार्यालय भी हैं। यहां से आदर्श विद्या मंदिर सीनियर, आईटीआई और स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राएं रोजाना गुजरते हैं। नालियों के अभाव में सड़क पर बहते गंदे पानी से स्कूली बच्चों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों करनाराम माली, शंकर लाल चौधरी, करनाराम मोदी, चेतन वैष्णव, कृष्ण देवासी और करण पटेल ने बताया कि इस समस्या से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। वाहनों से उछलने वाले कीचड़ से राहगीर भी परेशान हैं। व्यापारियों ने कहा कि उन्होंने कई बार प्रशासन को लिखित शिकायत की है।

## पेट्रोल पंप पर खड़े टैंकर में ब्लास्ट

**जालोर।** जिले में आहोर रोड पर गोदन गांव में स्थित एक पेट्रोल पम्प पर खड़े खाली टैंकर में अचानक ब्लास्ट हो गया। टैंकर पर वेल्डिंग का काम कर रहा युवक ब्लास्ट होने से घायल हो गया। जिसका आहोर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आहोर थानाधिकारी रामप्रताप ने बताया कि जालोर- आहोर रोड पर स्थित गोदन गांव के पास एक पेट्रोल पंप पर नरसाणा निवासी जगदीश कुमार पुत्र मोहनलाल टैंकर पर वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से टैंकर में अचानक ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की आवाज के साथ ही काम कर रहा युवक जगदीश कुमार टैंकर से कूद गया। इस दौरान तार के टच होने से उसे कंरट लगा जिससे उसके हाथ व पैर जल गए। ब्लास्ट की आवाज सुनकर आसपास से जा रहे वाहन चालक व पेट्रोल पंप काम कर रहे कार्मिक दौड कर पहुंचे और युवक को एम्बुलेंस की सहायता से जालोर के बाबा रामदेव अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थित में आगे रेफर कर दिया। जिसका अब आहोर के कृष्ण अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल के चचेरे भाई जबराराम ने बताया कि उसका भाई जगदीश टैंकर के ऊपर बैठ कर वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक कोई शॉर्ट सर्किट हो गया। जिससे उसका भाई को कंरट लगने से उसके हाथ व पैर जल गया। जिसका आहोर के कृष्ण हॉस्पिटल में इलाज जारी है। पेट्रोल पंप के मालिक अमृतलाल जैन ने बताया कि कोई ब्लास्ट नहीं हुआ है। जगदीश पेट्रोल पम्प के बाहर आगे पेट्रोल पम्प के टैंकर पर वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग मशीन में शॉर्ट सर्किट से झटका लगा। जिससे वह घायल हो कर टैंकर से नीचे गिर गया जिसमें वह घायल हो गया।



# राजपूत समाज की 61 प्रतिभाएं सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**जसवंतपुरा।** कस्बे के सुंधा माता रोड पर स्थित राणा नृपालदेव राजपूत छात्रावास में रविवार को राणा नृपालदेव शौर्य दिवस एवं देवल राजपूत प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन झरडेश्वर व कटकेश्वर मठ के महंत कुलदीप भारती महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा राणा नृपालदेव व सुंधा माताजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अर्जुन सिंह देवड़ा, पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, पूर्व सीएमएसओ गजेन्द्र सिंह देवल, यश प्रताप सिंह पुण्डिर, चितौडगढ़ एसडीएम बिनु देवल, तहसीलदार नीरज कुमारी व डॉ शैतान सिंह भूतेल चेयरमैन के आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह में समाज की कुल 61 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र दिया गया। समारोह में गुड़िया कंवर व अतिथियों द्वारा समाज में शिक्षा पर जोर देने की बात कही। संचालन दलपत सिंह उच्चमत द्वारा किया। वही भामाशाह लाल सिंह उच्चमत व दलपत सिंह का अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया।



### समारोह में ये रहे उपस्थित

■ समारोह में इस दौरान ठा. पुरणसिंह गजापुरा, ठा. त्रिभुवनसिंह पुरण, ठा.दौलतसिंह कलापुरा, ठा. झालमसिंह डोरडा, कुंवर प्रदीपसिंह मालवाड़ा, ठा. अमरसिंह तावीदर, कुंवर सवाईसिंह वाडा, कुंवर स्वरूपपाल सिंह राजीकावास, कमेटी अध्यक्ष नाथू सिंह उच्चमत, उपाध्यक्ष देवीसिंह पादर, सचिव भंवर सिंह चेकला, कोषाध्यक्ष भबूतसिंह जीतपुरा, दीपसिंह वाडा, देवेन्द्र सिंह जाविया, दलपत सिंह कलापुरा, उक सिंह डोरडा, हरिसिंह उच्चमत, शेर सिंह गजापुरा, नरपतसिंह चेकला, शेर सिंह पहाड़पुरा, रघुनाथ सिंह पहाड़पुरा, उत्तम सिंह उच्चमत, गणपत सिंह जाविया, गंगा सिंह चेकला, देवी सिंह चेकला, दुर्जन सिंह कलापुरा, भगवान सिंह चेकला, दीपसिंह कागमाला, राव प्रकाश कुमार सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

# शहीद भगत सिंह की याद में युवाओं ने लगाए परिंडे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजस्थान के रणोंदर में नेहरू युवा मंडल ने एक अनूठी पहल की है। शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर युवाओं ने पक्षियों की सेवा का बीड़ा उठाया है। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गिरधरधोरा में युवाओं ने 50 परिंडे लगाए हैं। इन परिंडों से गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी मिल सकेगा।

युवा मंडल ने आगे भी जरूरत के हिसाब से और परिंडे लगाने का फैसला किया है। भेराराम सारण के पुत्र रमेश कुमार ने 5100 रुपए देने की घोषणा की है। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थाप्रधान रघुनाथ सारण और नेहरू युवा मंडल के अध्यक्ष भरत बामणिया मौजूद थे। इस मौके पर शिक्षक दिनेश कुमार साहू, सांवरमल सारण, प्रवीण सारण (कनिष्ठ लेखाकार), देवाराम साऊ, करण सैन, कृष्ण मेहरा, मुकेश सैन, सुरेश बामणिया, मदन बामणिया, अशोक साऊ, सुरेश बेनीवाल, सुखराम कालमा सहित करीब 35 युवा उपस्थित थे। युवाओं का कहना है कि यह पहल समाज और प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाती है। उनका मानना है कि सामूहिक प्रयास से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।



## नव वर्ष प्रतिपदा एवं सामाजिक समरसता कार्यक्रम

# सामाजिक बदलाव में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण : तिवारी

**रामसीन।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की संकुल स्तरीय कार्यशाला एवं जसवंतपुरा उप शाखा बैठक आदर्श विद्या मंदिर रामसीन में पर्यवेक्षक अंबिका प्रसाद तिवारी की उपस्थिति तथा ब्लॉक अध्यक्ष पदम सिंह मंडोली की अध्यक्षता एवं महिला मंत्री अलका वैष्णव के विशिष्टआतिथ्य में समारोह पूर्वक संपन्न हुई। संकुल स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक एवं मुख्य वक्ता अंबिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा एवं सामाजिक समरसता जैसे प्रकल्पों के माध्यम से शिक्षक सामाजिक बदलाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने राजस्थान दिवस एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव वर्ष का त्योहार उत्साह एवं उमंग के साथ मनाने एवं इसकी महत्वता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तिवारी ने अपने उद्बोधन में समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा आयोजित होने वाले सामाजिक समरसता कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में अपनी बात कही। बैठक में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की संकुल रचना में पीईईओ क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के चयन करने के साथ हमारा विद्यालय हमारा तीर्थे तथा बालिका शिक्षा के बारे में विचार व्यक्त किए। ब्लॉक मंत्री हरि सिंह चारण ने बताया कि बैठक में ब्लॉक स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर की शिक्षक समस्याओं के संबंध में संकलन एवं चर्चा की गई। छगनलाल भाटी एवं शिक्षक नेता किशोर रामावत ने राजस्थान दिवस 30 मार्च एवं हिंदू नव वर्ष पर रामसीन कस्बे में आयोजित होने वाले पथ संचलन में शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से भाग लेने का आवाहन भी किया। महिला मंत्री अलका वैष्णव ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दलपत सिंह देवड़ा, विष्णु शर्मा, सदानंद, जयंतीलाल, भारत मीना, महेश, अशोक वैष्णव, सुमन लायन आदि मौजूद थे।



## मल्टी डेज चेलेंगर्स प्रतियोगिता 25 मार्च से

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा देहरादून में मल्टी डेज़ चेलेंगर्स (महिला) प्रतियोगिता आगामी 25 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में जालोर की कौशल्या चौधरी का राजस्थान क्रिकेट एसोसियेशन से महिला वर्ग से चयन किया गया है। चौधरी का दो बार बीसीसीआई चेलेंजर की प्रतियोगिता मे खेल चुकी है। साथ हीं एनसीए कैम्प बीसीसीआई मे भी चयन हुआ था। 25 मार्च को आयोजित अभिमान पुरस्कार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन मे भी पुरस्कार के लिए कमेटी ने चयन किया गया।

# 17.60 ग्राम एमडी-ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त, बिशनगढ थाना पुलिस की कार्रवाई**



**जालोर।** जालोर की बिशनगढ पुलिस ने 17.60 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की कार को भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी से एमडी ड्रग्स की खरीद और सप्लाई को लेकर पूछताछ की जा रही है। बिशनगढ थानाधिकारी निम्बसिंह ने बताया- एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों/मादक पदार्थ शराब तस्करी की रोकथाम के लिए भौकाल अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार की शाम को थाना हलका क्षेत्र के बिशनगढ तिराहा पर नाकाबंदी थी। इस दौरान आ रही एक संदिग्ध कार टाटा पंच को रुकवाकर तलाशी ली। जिसमें कार चालक आरोपी बागरा थाना क्षेत्र के साथू गांव निवासी पुखराज उर्फ प्रकाश (35) पुत्र भंवरलाल राजपुरोहित के कब्जे से 17.60 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद की। जिस आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ तस्करी में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया तथा आरोपी से अवैध मादक पदार्थ एमडी की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### आमजन से अपील

जालोर एसपी ज्ञानचंद्र यादव ने आमजन युवाओं से अपील कि है कि नशे से दूर रहें। अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त, अफीम का दुध, स्मैक, एमडी वगैरह की तस्करी के संबंध में पुलिस को सूचना दें। जालोर पुलिस द्वारा इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## सुविचार

मेहनत करनी है तो कमर सीधी करनी जरूरी है। झुक कर ज्यादा देर काम नहीं किया जा सकता।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## घटती आबादी से चिंतित चीन

ये बात सोलह आने सच है कि किसी भी देश की जनसंख्या में बेहिसाब बढ़ोत्तरी देश की अर्थव्यवस्था और विकास के लिए अवरोधक का काम करती है। इससे जहां देश के संसाधनों पर दवाब पड़ता है, वहीं युवाओं को रोजगार मुहैया कराना भी आसान नहीं होता। परन्तु दूसरी ओर यह भी शत प्रतिशत सत्य है कि आबादी में लगातार घटोत्तरी भी चिंता का ही विषय है। आज चीन भी इस समस्या के मुहाने पर खड़ा है। बच्चों की कम होती जनसंख्या और शादियों की घटती तादाद को कंट्रोल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। बीजिंग की तरफ से शादी की प्रक्रिया को आसान बनाया है, साथ ही वित्तीय बोझ कम किया है। यह कदम देश में जन्म दर को बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा बताया जा रहा है। सरकार पहले ही शादी और बच्चों की जनसंख्या से निपटने के लिए कई हल तलाश कर चुकी है, जैसे नकद रकम और ज्यादा चाइल्डकेयर सुविधाओं के निर्माण की योजनाएं आदि कदम भी उठाए हैं लेकिन अभी तक समस्या से निजात नहीं मिली है। इस दिशा में लिए गए नए फैसले के मुताबिक अब लोग उसी जगह पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं जहां वो रहते हैं। पहले यह सुविधा सिर्फ उस स्थान पर थी जो उनके सरकारी दस्तावेज़ों में दर्ज होता था, लेकिन अब बदल दिया गया है। सरकार की तरफ से किया गया यह बदलाव उन लोगों के लिए खास तौर पर फायदेमंद साबित होगा जो अपने गृहनगर से दूर रहकर काम कर रहे हैं। इससे पहले अगर कोई जोड़ा बीजिंग में रह रहा होता है लेकिन उनके गृह पते अलग-अलग जगहों पर दर्ज होते, तो उन्हें शादी का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए अपने-अपने गृहनगर जाना पड़ता। इससे यात्रा और वित्तीय समस्याएं भी पैदा हुआ करती थीं। एक और बड़ा कदम यह है कि सरकार ज्यादा खर्चीली विवाह परंपराओं, खास तौर पर 'दहेज' या 'ब्राइड प्राइस' जैसी प्रथाओं को खत्म करने की योजना पर भी काम कर रही है। ब्राइड प्राइस वह रकम होती है जो दूल्हे के परिवार के ज़रिए दुल्हन के परिवार को दी जाती है। यह सम्मान और भविष्य की स्थिरता का प्रतीक माना जाता है, लेकिन कई बार यह बहुत महंगा पड़ जाता है और दूल्हे के परिवार पर आर्थिक बोझ डालता है। रिपोर्ट्स दावा कर रही हैं कि आज युवा चीनी शादी करने और बच्चे पैदा करने में संकोच कर रहे हैं। क्योंकि वो अपने भविष्य को लेकर ज्यादा चिंतित हो जाते हैं। बताया जाता है कि उनके पास पर्याप्त बचत नहीं होती जिससे वे कई जरूरी काम नहीं कर पाते। साथ ही बच्चों की शिक्षा पर आने वाला खर्च भी एक बड़ी चिंता होता है। क्योंकि माता-पिता को लगता है कि महंगे ट्यूशन के बिना बच्चों की पढ़ाई कामयाब नहीं हो पाएगी। सरकार इन समस्याओं को हल करने के लिए लगातार नए प्रयास कर रही है ताकि अधिक लोग शादी करें और परिवार बसाने के लिए प्रेरित हों। पिछले वर्ष शादियों की तादाद में लगभग 20 फीसद कमी दर्ज की गई थी।

## विशेष सम-सामयिक

# मी लार्ड ! जजों को कौन जज करेगा?



**नौशाबा परवीन**

होली (14 मार्च 2025) पर दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आधिकारिक निवास पर आग लग गई थी। इसके कुछ दिन बाद मीडिया में यह खबर आंधी की तरह फैली कि उनके घर से भारी मात्रा में नगदी मिली है, जिसका 15 से 100 करोड़ रुपए का अंदाज़ा लगाया जाने लगा। सच किसी को नहीं मालूम था । फिर सफाई आई दमकल विभाग से कि उसके कर्मचारियों को कोई कैश नहीं मिला था। पुलिस को शक था कि कुछ बोरों में कैश भरा था। सुप्रीम कोर्ट बहुत तेज़ी से हरकत में आया। उसने न्यायाधीश वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया, जहां से उन्हें पहले दिल्ली ट्रांसफर किया गया था। इलाहाबाद की बार एसोसिएशन ने इस ट्रांसफर का विरोध यह कहते हुए किया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट 'ट्रैश बिन' (कूड़ेदान) नहीं है। बार एसोसिएशन का विरोध विशेषकर इसलिए भी था कि सिंभावली शुगर लिमिटेड के 2018 के तथाकथित बैंक घोटाले में सीबीआई ने अपनी एफआईआर में और ईडी ने अपनी ईसीआईआर में न्यायाधीश वर्मा का नाम शामिल किया था। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट ने दुर्लभ प्रेस विज्ञप्ति जारी की और कहा कि ट्रांसफर का इस केस से कोई संबंध नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने इस मामले में इन-हाउस जांच की और 21 मार्च 2025 को अपनी रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपी। इस लेख के लिखे जाने तक सुप्रीम कोर्ट ने मिली जांच रिपोर्ट पर कोई फैसला नहीं लिया था। बहरहाल कैश मिला था या नहीं मिला था, सच्चाई कोई नहीं जानता लेकिन ऐसी खबर आने के बाद कांग्रेस ने कहा है कि यह जानना महत्वपूर्ण है कि पैसा किसका था और न्यायाधीश को क्यों दिया गया था? ऐसे में इस केस के महत्व को अनदेखा इसलिए भी नहीं किया जा सकता कि आज जब अन्य प्रशासनिक संस्थाओं में जनता का विश्वास डगमगा गया है, तो न्यायपालिका ही एक उम्मीद की किरण नज़र आती है, जिसका एकदम पाक साफ सामने आना आवश्यक है। लेकिन अफ़सोस कि इन दिनों एक के बाद एक न्यायिक अलमारी से ही कंकाल निकलते आ रहे हैं। इसलिए यह प्रश्न प्रासंगिक हो गया है कि ऐसे में जजों को कौन जज करेगा? कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन ने अपने पद से बीच में ही इस्तीफ़ा दे दिया था, जब संसद में उन्हें हटाए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। उनके खिलाफ फंड्स की अनियमितता का आरोप था। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश शमित मुख़र्जी ने रिश्वत स्वीकार करने के आरोप लगने पर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। सिक्किम हाईकोर्ट के न्यायाधीश पीडी दिनाकरण पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे और उन्होंने भी इस्तीफ़ा दे दिया था। फिर पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की न्यायाधीश निर्मल यादव के दरवाजे पर कैश का मामला था। यह केस उस समय प्रकाश में आया जब 15 लाख रुपए उनके नाम से मिलती हुई एक अन्य न्यायाधीश निर्मलजीत



इमेज

कौर के घर पर गलती से डिलीवर हो गया था। यह 2008 की बात है। इस 17-साल के केस की दिशा को याद रखना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने 2009 में न्यायाधीश यादव को क्लीन चिट दे दी। उन्हें उत्तराखंड हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया, जहां से वह मार्च 2011 में रिटायर हुईं। लेकिन उनके रिटायरमेंट के अंतिम दिन सीबीआई ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया और यह मुकदमा अभी तक चल रहा है। न्यायाधीश यादव का 'निर्दोष' होना अभी तक साबित नहीं हो सका है। इसलिए बिना दोषमुक्त के ट्रांसफर करना अच्छा विचार नहीं है। बात केवल न्यायाधीशों पर आर्थिक भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं है। चिंता उससे भी कहीं ज्यादा तब हो जाती है, जब हाईकोर्ट्स में बैठे न्यायाधीश अपने आदेशों, निर्णयों या सुनवाई के दौरान अनर्गल टिप्पणी करते हैं, विशेषकर महिलाओं या किसी संप्रदाय विशेष के संदर्भ में। भला इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्रा की इस टिप्पणी को कैसे न्यायोचित ठहराया जा सकता है और कैसे स्वीकार किया जा सकता है कि एक बच्ची के स्तनों से छेड़खानी करना, उसके पायजामे के नाड़े को जबरन तोड़ देना और उसे पुलिया के नीचे घसीटना न तो बलात्कार है और न ही बलात्कार का प्रयास। पोक्सो केस में आरोपों को पलटते हुए न्यायाधीश मिश्रा ने कहा, "वर्तमान केस में आरोपी पवन व आकाश के विरुद्ध आरोप यह हैं कि उन्होंने (11 साल की) पीड़िता के स्तन भीचे और आकाश ने उसके निचले कपड़ों को उतारने का प्रयास किया ... लेकिन चश्मदीदों के हस्तक्षेप के कारण वह भाग खड़े हुए ... यह तथ्य पर्याप्त नहीं कि आरोपी बलात्कार करने का इरादा रखते थे क्योंकि किसी अन्य हरकत से उन्हें जोड़ा नहीं गया है।" अब कोई न्यायाधीश महोदय से सवाल करे कि बच्ची को पुलिया के नीचे सत्संग सुनाने के लिए खींचा जा रहा था? उसके स्तनों को कैंसर जांच करने के लिए जबरन भींचा जा रहा था? उसके पायजामे के नाड़े को कपड़े बदलने के लिए जबरन तोड़ा जा रहा था? यह बलात्कार का प्रयास नहीं था तो और क्या था? इरादे की डिग्री को कैसे मापा जाता है? इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक अन्य न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के कोर्ट के अंदर व कोर्ट के बाहर विवादित व आपत्तिजनक बयानों की तो एक लम्बी सूची है, जिसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट से फटकार भी पड़ चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने 25 सितम्बर 2024 को संवैधानिक अदालतों के न्यायाधीशों पर इस बात का बल दिया कि वह अपनी पूर्ववृत्तियों के प्रति जागृत रहें और संयम बरतें ताकि अपनी बुनियादी जिम्मेदारियों के प्रति वफ़ादार रहे और स्त्री जाति से द्वेष या कुछ समुदायों की ओर पूर्वाग्रहपूर्ण प्रतीत हुए बिना वस्तुनिष्ठ व न्यायोचित फैसले सुना सकें । सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश वी श्रीशानंद की टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लिया था, जिन्होंने एक केस की सुनवायी के दौरान बेंगलुरु की एक बस्ती को 'पाकिस्तान' कहा था और एक महिला वकील से महिलाओं के सिलसिले में आपत्तिजनक बात कही थी। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यों की खंडपीठ ने श्रीशानंद को तगड़ी फटकार लगाते हुए कहा, "हमने आपके अवलोकनों की प्रवृत्ति को देखा है। कोई भी भारत के किसी भी भाग को पाकिस्तान नहीं कह सकता है। यह बुनयादी तौरपर राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता के विपरीत है।" खंडपीठ ने बिना किसी लाग लपेट के कहा कि श्रीशानंद की टिप्पणियां मौखिक अहेतुक थीं, जिन्हें 'व्यक्त नहीं किया जाना चाहिए था' और उन्हें न्यायपालिका के संस्थागत सम्मान की खातिर ही नोटिस नहीं दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने श्रीशानंद को अतिरिक्त शर्मिंदगी से इसलिए बख्श दिया क्योंकि उन्होंने खुली अदालत में माफ़ी मांग ली थी।

## पंचांग

सोमवार, 24 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - दशमी 29.06 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - उत्तराषाढ़ा 28.27 तक
- योग - परिघ 16.45 तक
- करण - वणिज 17.28 तक
- सूर्योदय - 06.41 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.49 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.40 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.53 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - धन 10.25 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.20 से 13.09
- राहु काल - 08.11 से 09.42
- व्रत, त्यौहार - दशामाता व्रत, भद्रा 17.28 से 29.06, सिद्धियोग 28.27 से सूर्योदय, मृत्युयोग 28.27 तक
- दिशा शूल - पूर्व

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## बुध ग्रह मजबूत करने के लिए करने चाहिए कुछ उपाय

अगर आप पैसों की समस्या से परेशान हैं और धन की कमी बनी रहती है तो यह उपाय आपकी मदद कर सकता है। यह उपाय खासतौर पर बुध ग्रह से जुड़ा हुआ है जो हमारे व्यापार, बुद्धि, वाणी और वित्तीय स्थिति को नियंत्रित करता है। अगर बुध कमजोर होता है, तो व्यापार में बाधाएं, पैसों की तंगी, बोलने में रुकावट और निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है। इस उपाय को करने से बुध ग्रह मजबूत होगा और आपके आर्थिक हालात में सुधार आएगा।

**कांच का बर्तन लें:** यह बर्तन पारदर्शी होना चाहिए, ताकि ऊर्जा सही तरीके से प्रवाहित हो सके।

**मूंग की दाल लें:** हरी मूंग बुध ग्रह का प्रतिनिधित्व करती है। इसे साबुत या टुकड़ों में लिया जा सकता है।

**बर्तन में पानी भरें:** इसमें थोड़ी-सी मूंग की दाल डालें और रातभर भिगोकर रखें।

**सुबह इसे पक्षियों को डालें:**
खासकर छोटे पक्षियों को, क्योंकि वे बुध ग्रह से जुड़े होते हैं।

**इस उपाय के फायदे**

इससे बुध ग्रह मजबूत होगा और व्यापार में लाभ मिलेगा.
मानसिक शांति और तर्कशक्ति बढ़ेगी।
आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा और धन का प्रवाह बढ़ेगा।
छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याएं, खासकर तंत्रिका तंत्र और याददाश्त संबंधी परेशानियां कम होंगी।

**जरूरी बातें**

यह उपाय नियमित रूप से करना चाहिए।
इसे बीच में न छोड़ें, क्योंकि उपाय को पूरा करने से ही लाभ मिलता है।
अगर आप किसी बड़ी आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं, तो इसे कम से कम 40 दिन करें।
उपाय करते समय नकारात्मक विचारों से बचें और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखें।

**धन लक्ष्मी पोटली**

अगर आप अपने घर में धन की स्थिरता चाहते हैं, तो धन लक्ष्मी पोटली भी स्थापित कर सकते हैं। इसमें अभिमंत्रित सामग्री जैसे कमलगट्टा, इलायची, लौंग, लघु नारियल और चांदी का सिक्का होता है। इसे अपनी तिजोरी या पैसे रखने की जगह पर रखने से धन की वृद्धि होती है।

## तारीख विशेष

### विश्व क्षयरोग दिवस

विश्व क्षयरोग दिवस प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है। टी.बी. का पूरा नाम है ट्यूबरकुल बेसिलाई। यह एक छूत का रोग है और इसे प्रारंभिक अवस्था में ही न रोका गया तो जानलेवा साबित होता है। यह व्यक्ति को धीरे-धीरे मारता है। टी.बी. रोग को अन्य कई नाम से जाना जाता है, जैसे तपेदिक, क्षय रोग तथा यक्ष्मा। विश्व क्षय रोग दिवस के माध्यम से टी.बी. जैसी समस्या के विषय में और इससे बचने के उपायों के विषय में बात करने में मदद मिलती है। विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में 24 मार्च को घोषित किया गया है है और इसका ध्येय है लोगों को इस बीमारी के विषय में जागरूक करना और क्षय रोग की रोकथाम के लिए कदम उठाना। विश्व टीबी दिवस को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) जैसे संस्थानों से समर्थन मिलता है। भारत में टीबी के फैलने का एक मुख्य कारण इस बीमारी के लिए लोगों सचेत ना होना और इसे शुरूआती दौर में गंभीरता से ना लेना। टी.बी किसी को भी हो सकता है, इससे बचने के लिए कुछ सामान्य उपाय भी अपनाए जा सकते हैं। टी.बी. रोग एक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण होता है। इसे फेफड़ों का रोग माना जाता है, लेकिन यह फेफड़ों से रक्त प्रवाह के साथ शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है, जैसे हड्डियां, हड्डियों के जोड़, लिम्फ ग्रंथियां, आंत, मूत्र व प्रजनन तंत्र के अंग, त्वचा और मस्तिष्क के ऊपर की झिल्ली आदि। टी.बी. के जीवाणु सांस द्वारा शरीर में प्रवेश करते हैं। किसी रोगी के खांसने, बात करने, छींकने या थूकने के समय बलगम व थूक की बहुत ही छोटी-छोटी बूंदें हवा में फैल जाती हैं, जिनमें उपस्थित बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रह सकते हैं और स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में सांस लेते समय प्रवेश करके रोग पैदा करते हैं। रोग से प्रभावित अंगों में छोटी-छोटी गांठ अर्थात् ट्युबरकल्स बन जाते हैं। उपचार न होने पर धीरे-धीरे प्रभावित अंग अपना कार्य करना बंद कर देते हैं और यही मृत्यु का कारण हो सकता है। टी.बी. का रोग गाय में भी पाया जाता है। दूध में इसके जीवाणु निकलते हैं और बिना उबाले दूध को पीने वाले व्यक्ति रोगग्रस्त हो सकते हैं।

## समसामयिक

# जिंदगी में 'जोक्स' जरूरी

**लोकमित्र गौतम**

डॉक्टरः चिंता मत करो, यह छोटी सी सर्जरी है, घबराने की कोई बात नहीं!
मरीज़ः लेकिन डॉक्टर, मैं तो ऑपरेशन के लिए नहीं आया था!
डॉक्टरः अरे हां, सॉरी! मुझे आदत हो गई है ऐसा कहने की..!

यह जोक सरप्राइज़ एलिमेंट (अचानक ट्विस्ट) पर आधारित है, जो दिमाग को एक पल में चौंकाकर हंसा देता है। ऐसा होते ही अचानक पैदा हुआ तनाव गायब हो जाता है, जिससे मूड हल्का और फ्रेश महसूस होता है। यह क्षण हमें रोजमर्रा की उलझनों से निकालकर एक पल के लिए हल्केपन और आनंद की ओर ले जाता है। इसलिए, सिर्फ कुछ सेकंड का एक जोक भी हमारी मानसिक थकान को दूर कर सकता है। कुछ सेकेंड्स का एक जोक या चुटकुला हमें पलभर में तरोताजा कर देता है; क्योंकि जोक्स का प्रभाव हमारे दिमाग और शरीर दोनों पर पड़ता है। जब हम हंसते हैं, तो हमारा मस्तिष्क एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) छोड़ता है, जिससे तनाव कम होता है और हम रिलैक्स महसूस करते हैं। इसके अलावा, हंसी से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, मांसपेशियों में आराम आता है और मूड फ्रेश हो जाता है।

ओशो जोक्स को लेकर एक बहुत गंभीर बात कहा करते थे- "अगर तुम्हारी जिंदगी में हंसने की वजहें कम हो रही हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि तुम्हें हंसी की ज़रूरत कम हो गई है, बल्कि इसका मतलब है कि जरूरत ज्यादा बढ़ गई है!" शायद यही वजह है कि दुनिया में जोक्स और हास्य की परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना पुराना खुद इंसान है, इंसानी सभ्यता है। सबसे पुराने दर्ज जोक्स लगभग 4000 साल पुराने हैं। दुनिया के सबसे पुराने दर्ज जोक्स प्राचीन मेसोपोटामिया (1900 ईसा पूर्व) के हैं,जिनमें से एक आज भी मशहूर है। यह सुमेरियन सभ्यता (मौजूदा इराक क्षेत्र) से मिला है। यह जोक टॉयलेट ह्यूमर (शौचालय संबंधी मज़ाक) पर आधारित था,जो इस प्रकार है।

पुरुष [ पत्नी से ] "एक ऐसी चीज़ बताओ जो प्राचीनकाल से आज तक कभी नहीं हुई।"

महिला [पति की गोद में बैठकर] "किसी महिला ने कभी पाद नहीं मारा।"

मजाक या जोक के रूप में मिला यह संवाद बताता है कि 4000 साल पहले भी हास्य और शरीर से जुड़ी हल्की-फुल्की बातें लोगों को हंसाने का जरिया थीं। प्राचीन मिस्र (1600 ईसा पूर्व) की सभ्यता में फिरौन के दरबारों में भी जोक्स सुनाए जाते थे। एक मशहूर चुटकुला इस तरह है- "एक फिरौन अपनी नाव में यात्रा कर रहा था। एक भविष्यवक्ता ने कहा कि वह बहुत लंबी उम्र जियेगा। फिरौन ने पूछा—क्या मैं 100 साल जियूंगा? भविष्यवक्ता बोला—हां। फिरौन ने पूछा—क्या मैं 200 साल जियूंगा? भविष्यवक्ता बोला—बिल्कुल! फिरौन खुश हुआ और कहा—तो मैं अमर हूं! भविष्यवक्ता ने कहा—नहीं, लेकिन जब तक तुम मुझसे सवाल पूछते रहोगे, तब तक मैं हां कहता रहूंगा!"

वास्तव में यह राजाओं की चापलूसी और भविष्यवाणियों का मज़ाक उड़ाने का तरीका था। ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू ने भी हास्य को जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखा है। प्राचीन एथेंस में एक जोकर क्लब था, जिसके दर्जनों जोक्स आज भी मिलते हैं, मसलन - "एक आदमी डॉक्टर के पास गया और कहा—जब मैं आंखें खोलता हूं, तो मुझे कुछ नहीं दिखता! डॉक्टर बोला—तो आंखें बंद करके देखो!" मिस्र और एथेंस की तरह प्राचीन भारत में भी संस्कृत साहित्य (नाट्यशास्त्र, पंचतंत्र, हितोपदेश, विदूषक पात्र) में हास्य व्यंग्य का भरपूर ज़िक्र मिलता है। पंचतंत्र की कहानियों में चतुराई भरे जोक्स और व्यंग्य हैं। भारतीय इतिहास में राजाओं के दरबारों में विद्वान् विदूषकों जैसे तेनालीराम और बीरबल की भी मौजूदगी रही है जो अपने बुद्धि-कौशल से सिर्फ दरबार का माहौल ही बोझिल होने से नहीं बचाते थे बल्कि हतप्रभ करने वाली चतुराई भरी बातें करके राजा सहित दरबारियों को हैरान कर देते थे,जिससे पूरा दरबार तरोताजा महसूस करता था।

जोक्स या चुटकुलों का आधुनिक और व्यापक दौर 18वीं-19वीं शताब्दी में अखबारों और किताबों में जोक्स छपने से शुरू होता है। तो बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तक रेडियो, टीवी के कॉमेडी शो और स्टैंड-अप कॉमेडी से जोक्स हर जगह और हर इंसान तक पहुंच गए और इस 21वीं शताब्दी में इंटरनेट, सोशल मीडिया और मीम्स के रूप में जोक्स का जलवा हम सब देखते हैं। वास्तव में जोक्स का सबसे तेज और वैराइटी से भरा विकास इसी दौर में हो रहा है। आज मुंबई और बंगलुरू जैसे शहरों में थियेटर्स की जगह स्टैंडअप कॉमेडी शो ने ले लिया है और अब भी जोक्स का तेज विकास जारी है। लब्बोलुआब यह कि जोक्स हजारों सालों से मौजूद हैं और मानवीय अभिव्यक्ति की यह बुनियादी परंपरा हमेशा बनी। सभी सभ्यताओं में हमेशा से हास्य का महत्व रहा है, चाहे वह दरबारी मनोरंजन के रूप में रहा हो या आम जनता की हल्की-फुल्की हाजिर जवाबी के रूप में । इसलिए आज के मीम्स और स्टैंड-अप कॉमेडी उसी परंपरा की आधुनिक कड़ी हैं, जो 4000 साल पहले शुरू हुई थी!

सवाल है हर सभ्यता में,हर दौर में यानी जीवन में हमेशा जोक्स क्यों जरूरी हैं ? क्या आज की आधुनिक तनावभरी जीवनशैली में ये और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं? जवाब है –हां, आज समाज को,व्यक्तिगत रूप से लोगों के लिए जोक्स पिछले किसी भी दौर से ज्यादा जरूरी हो गए हैं। क्योंकि जोक्स केवल हंसाने भर के लिए नहीं होते, बल्कि ये मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संबंध और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हमारे तनाव को कम करते हैं, हमें हंसाते हैं और हंसने से शरीर में एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जो तनाव और दर्द दोनों को गायब करने में मदद करता है। चुटकुलों या जोक्स से इंसान को मनोवैज्ञानिक सुरक्षा मिलती है। क्योंकि कठिन परिस्थितियों में हास्य एक सुरक्षातंत्र की तरह काम करता है, जिससे व्यक्ति समस्याओं को हल्के-फुल्के तरीके से देख पाता है। साथ ही जोक्स हमें सामाजिक रूप से लोगों के साथ जोड़ता है।



## गीता सार

कायेन मनसा बुद्ध्या केवलैरिंद्रियैरपि।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये ॥
युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम्।
अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते॥

**हिंदी अर्थ –**

कर्मयोगी आसक्ति को त्याग कर, केवल इंद्रिय, मन, बुद्धि और शरीर द्वारा भी अंतःकरण की शुद्धि के लिए कर्म करते है। कर्मयोगी कर्मों के फल का त्याग करके सदा रहने वाली शान्ति को प्राप्त होता है और सकाम पुरुष कामना करने के कारण उस कर्म के फल में आसक्त होकर बंधता है।

## बोले तो...



मणिपुर में शांति बहाल की प्रक्रिया में प्रगति हुई है और भी आगे बढ़ने की जरूरत है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद, संसद के दोनों सदनों में इस मामले पर चर्चा की गई और शांति बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया गया। केंद्र सरकार राज्य में जल्द ही शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-अर्जुन राम मेघवाल



हमारे पहले के अधिकांश एफटीए एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनमें से कई प्रतिस्पर्धी चरित्र के हैं। खाड़ी और पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं को शामिल करके समग्र संतुलन का परिचय देना न केवल आर्थिक रूप से भी तर्कसंगत है, बल्कि रणनीतिक भी है।

-एस. जयशंकर



देश की न्यायपालिका द्वारा लंबे समय से निर्बाध चली आ रही परंपरा के आधार पर विकसित अवधारणा को समाप्त किया जा रहा है और वक्फ प्रशासन को कमजोर करने के लिए बिना किसी कारण के मौजूदा कानून के प्रावधानों को हटाया जा रहा है।

-जयराम रमेश

## कुछ अलग | अजब गजब

# कभी हर कंप्यूटर के वॉलपेपर में दिखती थी ये तस्वीर, 2025 में ऐसी आती नजर!

अगर आपने 2000 के दशक में कंप्यूटर चलाया होगा, तो आपको उसके वॉलपेपर में एक खास तस्वीर जरूर नजर आती होगी। इस तस्वीर में नीला आसमान, सफेद बादल और हरी घास का टीला नजर आता है। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के Windows XP ऑपरेटिंग सिस्टम में ये फोटो दिखाई देती थी। पर क्या आप जानते हैं कि आखिर ये जगह कहां है और अब 2025 में कैसी नजर आती है? सोशल मीडिया पर इस तस्वीर से जुड़ी रोचक जानकारी वायरल हो रही है।

इंस्टाग्राम पर हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। पहली ही फोटो देखकर आपको गुजरा जमाना याद आ जाएगा। वो इसलिए क्योंकि ये फोटो माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के विंडोज़ एक्सपी ऑपरेटिंग सिस्टम के वॉलपेपर की है। इस तस्वीर को विंडोज़ एक्सपी 'ब्लिस' का नाम दिया गया था। पीसी वर्ल्ड वेबसाइट के अनुसार साल 2001 में माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज़ एक्सपी लॉन्च किया था।

इस तस्वीर को चार्ल्स ओ रियर नाम के फोटोग्राफर ने 1996 में खींचा था। ये तस्वीर कैलिफोर्निया के सोनोमा काउंटी में खींची गई थी। चार्ल्स को ये नजारा हाइवे 12 के पास दिखा था जब बारिश की वजह से हरियाली दिख रही थी। उस वक्त वो 25 साल साल



के थे और नेशनल जियोग्राफिक में काम करते थे। उस दौरान चार्ल्स चुनिंदा फोटोग्राफर्स में से एक थे जिन्होंने कॉर्बिस नाम की एक सेवा के जरिए अपनी फोटो को डिजिटाइज किया और उसके लिए लाइसेंस हासिल किया। उस दौरान कॉर्बिस के मालिक माइक्रोसॉफ्ट के चीफ एग्जिक्यूटिव बिल गेट्स थे। उनकी तस्वीर माइक्रोसॉफ्ट को पसंद आ गई और चार्ल्स को पैसे देकर कंपनी ने उस फोटो को खरीद लिया। इंस्टाग्राम पोस्ट के मुताबिक लोगों को लगता है कि तस्वीर को काफी एडिट किया गया होगा, पर ऐसा नहीं है। तस्वीरों में असली रंग नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में आप देख सकते हैं कि 2025 में ये जगह कैसी नजर आती है। अब हरियाली, बादलों और घास का रंग वैसा नहीं है, जैसा तब था। पर अभी भी ये जगह पेड़-पौधों से ढकी हुई है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, इसे 33 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

## पाठक पाती

### सेहत के विपरीत लिया जा रहा खानपान

सेहत मानव जीवन की पहली जरूरत है लेकिन समय की कमी से लोग उसकी ठीक से देखभाल भी नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि लोग पैकेट बंद खाद्य पदार्थों की ओर रुख करने लगे हैं। यह सिलसिला पिछले 15 वर्षों से जारी है इससे खपत 11% बढ़ी है। इस आदत ने कई गंभीर बिमारियों को न्यौता दिया है। विश्व के कई देशों में इस तरह के चेन स्टोर्स बढ़ने से भारत, अमेरिका, यूएई, सिंगापुर और बांग्लादेश जैसे देशों में यह प्रवृत्ति तेज हुई है। यह चौंकाने वाली ही बात है कि एक तरफ विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6% बढ़े हैं तो मोटापे की दर भी 18.2% से 23.7% हो गई है। बड़ी चिंता की बात है कि कभी भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की बिक्री 2 किग्रा रही है मगर हालातों के मद्देनजर आज 8 किग्रा हो गई। जंक फूड से मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग बढ़ने की चेतावनी सीएसई की रिपोर्ट में सामने आई हैं और आर्थिक समीक्षा में भी इन पर अधिक कर लगाने की सिफारिश की गई थी। यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो स्वास्थ्य संकट और गहरा सकता है।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** स्वयं सेवी शिक्षा विकास समिति, राजगढ़ एवं निफा के द्वारा इंटरनेशनल अभियान संवेदना 2 के अंतर्गत शहीद दिवस पर एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रिद्धि सिद्धि मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, गोगाजी मन्दिर के पास, राजगढ़ में आयोजित इस शिविर में युवाओं का जोश सराहनीय रहा। शिविर का शुभारंभ सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, समिति संरक्षक सुनील लाम्बा, डॉ. कौशल पूनियां, गणेश दाधीच, आयोजक दलीप कुमार जांगिड़, शंकरलाल प्रजापत, सांवरमल स्वामी, इन्द्रचन्द मीणा, बहादुर प्रजापत, किशनलाल नाई, जिलाध्यक्ष सुशील कुमार पूनियां, सुखवीर सिंह चाहर, प्रवीण लहरी, मोहम्मद याकूब, रामावतार शर्मा, शौकत खान सहित गणमान्य नागरिक जनों द्वारा किया जायेगा। समिति के मीडिया प्रभारी बब्बर सिंह स्वामी ने बताया कि यह आयोजन अमर शहीदों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में किया गया, जिससे रक्तदान के क्षेत्र से समाज में जागरूकता फैलाई जा सके। कार्यक्रम समन्वयक राधेश्याम सैनी ने बताया की समिति के सदस्यों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया। इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना रहा। मंत्री डॉ. राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस दौरान सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। संवेदना 2 अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवाओं और नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की। डॉ. पंकज स्वामी, नवदीप, विजय पूनियां, विकास शर्मा, आनन्द सिंह जांगिड़, विजय पहलवान, मुकेश कुमार, सुनील, श्योपत सिंह, संदीप पुनियां, अनिश, प्रदीप, सतवीर, नरेश, अजीत, रमजान खान, अनुज, जितेन्द्र सैनी, रूपेश सोनी इत्यादि युवाओं ने बढ़चढ़कर सहयोग किया, वहीं रक्तदान कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति अध्यक्ष डॉ. दीपचंद साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के आयोजनों को आवश्यक बताया।

## डाबली ढाणी में क्रांतिवीरों को किया नमन

**सादुलपुर।** रविवार को युवा भारत मातृभूमि अभ्युदय इकाई भगतसिंह नवयुवक मण्डल संस्थान के जिला प्रवक्ता योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय के सानिध्य में अमर क्रांतिकारी भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव का बलिदान दिवस पुष्पांजलि अर्पित कर नमन कर मनाया। कार्यक्रम में प्रधान गिरधारी लाल खीचड़,सरपंच अनिल श्योराण,शिक्षाविद अमरसिंह डेरवाल, भंवरसिंह चौहान,फोजि रघुवीर कालेर, राजू डांगी, चौधरी सुरेश झाझडिया, चुनीलाल गोदारा, शेरसिंह एचरा, जयसिंह, राजेश नेशल, देवकरण कस्वा,गुगन प्रजापति, जीतू शर्मा, भगतसिंह राठौड़, अमरचंद, मुकेश दीपक, अशोक दलीप झाझडिया आदि सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। योगाचार्य भारतीय ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता प्रस्तुत की। सभी ने भारत माता की जय वन्देमातरम, इंकलाब जिन्दाबाद के जयघोष लगाए।

# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में ताम्बाखेड़ी सरपंच बलवीर मेहरा सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के तांबाखेड़ी गांव की ग्राम पंचायत के सरपंच बलवीर मेहरा को उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार परिवार कल्याण एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए चिकित्सा सेवाओं के यथोचित प्रबंधन के लिए सरपंच बलवीर मेहरा को जिला स्तरीय समारोह में सम्मान नवाजा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने मेहरा को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह के साथ 50 हजार रुपए का पुरस्कार भी प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि पहली बार सरपंच बने बलवीर मेहरा ने अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र में विशिष्ट विकास और सेवा कार्य करवाए हैं। इनके द्वारा ग्राम पंचायत की सुचारू व्यवस्था के साथ-साथ अपने स्तर पर भी विकास और सेवा कार्यों में भागीदारी निभाई जाती है। विद्यालय विकास तथा अन्य सेवा कार्यों में भी सरपंच बलवीर सिंह मेहरा अपनी ओर से आर्थिक सहयोग करते रहते हैं। राजगढ़ पंचायत समिति के ग्राम पंचायत तांबा खेड़ी के सेवा भावी सरपंच बलबीर मेहरा को जिला स्तरीय समझ में सम्मानित करने पर चांदगोठी कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर बलबीर सिंह मेहरडा , पंचायत समिति के विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया, सरपंच फार्म के अध्यक्ष शीशराम पूनिया, सिधमुख ग्रामीण नेता ओमप्रकाश किरोड़ीवाल, वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन, स्वतंत्र पत्रकार मदन मोहन आचार्य, विनोद गौतम सुनील यादव, मनोज कुमार, शैतान एक लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# न्यूज ब्रीफ

## साहित्य उत्सव में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा अतिथि वक्ता के रूप में लेंगे भाग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** राजस्थान सरकार सुजानगढ़ की बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार राजस्थान की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक परम्परा के संरक्षण, संवर्धन, प्रोत्साहन एवं प्रोन्नयन हेतु आयोजित हो रहे विजयदान देथा साहित्य उत्सव में स्थानीय मरुदेश संस्थान के अध्यक्ष और साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। जवाहर कला केंद्र द्वारा आयोजित किए जा रहे इस साहित्य उत्सव में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा 23 मार्च को राजस्थानी री नुंवी अविताओं विषयक सत्र में अपने विचार और रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। ज्ञातव्य है कि डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के सदस्य रह चुके हैं तथा राजस्थानी भाषा में विविध काव्य शैलियों में रचनाएं लिखते हैं।

## ग्राम पंचायत सहजूसर में विधानसभा प्रभारी भीमराज जाखड़ का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विधानसभा प्रभारी भीमराज जाखड़ ने शनिवार को ग्राम पंचायत सहजूसर व चलकोई में कांग्रेस कार्यकर्ता से मुलाकात कर उनको व्यक्तिगत जिम्मेदारी देते हुए जनता के साथ खड़े होने और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए पुरजोर प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को उठाने, पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है और इस पर हमें कार्य करना चाहिए ताकि कांग्रेस पार्टी मजबूत बन सकें, जिसका लाभ हमें आने वाले नगर निकाय व पंचायतीराज चुनावों में मिल सकें। इस दौरान चूरू देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, इनायत खां, भरत सिंह चलकोई, रामप्रताप कांटिवाल, सोहनलाल मेघवाल, किषानाराम बाबल, श्रवण बसेर, भादरराम सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गांव सातड़ा में शहीद ए आजम भगत सिंह की 94वीं पुण्यतिथि मनाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गांव सातड़ा में अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस जिला के उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल की अध्यक्षता में किसान कार्यालय न्यौल भवन सातड़ा में शहीद भगत सिंह की 94वीं पुण्यतिथि मनाई। किसान नेता न्यौल ने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह का जन्म एक क्रांतिकारी परिवार में 27 सितंबर 1960 को पंजाब के बंगा गांव में हुआ। भगत सिंह बाल्यकाल से ही क्रांतिकारी विचारधारा से ओतप्रोत थे। ब्रिटिश सरकार के जुल्मों के विरोध में वे अपनी पढ़ाई बीच में छोड़कर गांधीजी के विचारों से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े सन 1919 में रॉलेट एक्ट के विरोध में जलियांवाला बाग में विशाल जनसमूह की सभा पर जनरल डायर द्वारा निहत्थे लोगों की गोलियों से हत्या करना तत्पश्चात सन 1928 में साइमन एक्ट में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साइमन एक्ट के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लाला की लाठी डंडों से निर्मल हत्या करना भगत सिंह के जेहन में गहरा घाव कर गए। अंग्रेज हुकूमत के इन सब जुल्मों के विरोध में सन 1928 में भगत सिंह के साथियों ने असेंबली में बम फेंक इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए, जिसके फलस्वरूप इन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। बाद में झूठे मुकदमे चलाकर सन 1931 में इनके दो साथियों शहीद राजगुरु व शहीद सुखदेव के साथ आज ही के दिन फांसी के फंदे पर लटका दिया। इस अवसर पर नौरंग लाल न्यौल, कबीरदास स्वामी, लिछमण मेघवाल, रामनारायण न्यौल, मोतीराम जाट, विनोद सैनी, हरिराम न्यौल, ओमप्रकाश जांगिड़ सहित अनेक ग्रामीणों ने शहीद ए आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व इंकलाब जिंदबाद के नारे लगाए।

## नवभारत साक्षरता मिशन की परीक्षा आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जाटूवास में 23 मार्च को नव भारत साक्षरता मिशन की परीक्षा आयोजित की गई। केंद्राधीक्षक और प्रधानाध्यापक पवन कुमार नेहरा ने बताया कि इस परीक्षा में ग्राम जाटूवास के कुल 24 चिह्नित असाक्षरों ने भाग लिया। भारत सरकार की इस योजना में 15 वर्ष से 85 वर्ष तक की आयु के व्यक्तियों को साक्षर किया जाना है। साक्षरता सर्वेयर सुमनरानी द्वारा चिह्नित उक्त असाक्षर व्यक्तियों को स्वयं सेवकों की सहायता से साक्षर किया गया है।

## छात्राओं को मेहनत करते हुए जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करें : डॉ सुनील शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री एस. जे. डी. अग्रवाल (तोला )महिला पी. जी. कॉलेज, सादुलपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तीसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी नंदिता जांगिड़ ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की व महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों की सार संभाल की बौद्धिक सत्र के दौरान प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# समरसता दिवस मनाने को लेकर बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा राजगढ़ कार्यकारिणी की बैठक आज चंद्रावती देवी विद्यालय सिधमुख में पर्यवेक्षक मंगलेश खत्री के निर्देशन में सम्पन्न हुई बैठक में जिला संगठन मंत्री वासुदेव शर्मा ने संगठन की गतिविधि पर प्रकाश डाला व आगामी 14 अप्रैल को समरसता दिवस बड़े पैमाने पर मनाने के बारे में रूपरेखा बनाई। उपशाखा अध्यक्ष प्रमोद श्योराण ने शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कार्य करवाने,अनावश्यक ऑनलाइन डाक बार बार मागे जाने का विरोध किया । प्रधानाचार्य हरिकृष्ण शर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।सिधमुख प्रधानाचार्य दीपचंद इंदौरिया ने संगठन के साथ काम करने व संगठन की सदस्यता कसे बढाई जाए इस पर प्रकाश डाला। जिला कार्यकारी मंत्री योगेश छींपा, उपप्रधानाचार्य सीताराम छपोला,मंत्री अमित छींपा, कोषाध्यक्ष बीरबल राम शर्मा,रमेश सांगवान ने भी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर संकुल संरचना, नववर्ष चैत्र प्रतिपदा को मनाने का निर्णय किया गया। बैठक में बीरबल राम, ओमप्रकाश श्योराण, महेन्द्र सिंह महला, रामस्वरूप मीणा, सुभाष चंद्र वालिया, बद्रीप्रसाद, द्वारका प्रसाद वर्मा आदि शिक्षक मौजूद थे। अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामजी लाल ख्यालिया ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए संगठन के महत्व के बारे में जानकारी दी व बताया कि संगठन कार्मिकों को शोषण से बचाता है आज जो कुछ सुविधाएं व वेतन मान मिल रहा है। सब संगठनों के समय समय पर संघर्ष के कारण ही मिल रहा है।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादुलपुर।** सिधमुख कस्बे में शिव गौरक्षक गौशाला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कस्बे में गायत्री माता मंदिर से लेकर शिव रक्षक गौशाला तक कलश यात्रा निकाली गई। कथा वाचक श्री जितेंद्र कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम व पुष्पा दीदी ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए धन की नहीं शुद्ध मन से ध्यान करना जरूरी है। उन्होंने महाभारत प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहां की पांडवों के साथ नीति थी, परमात्मा के प्रति शुद्ध भाव था इसलिए, उनकी विजय हुई। उन्होंने कहा कि अनीति पर चलना परिवार के लिए नुकसानदायक है। इसलिए कहा गया है कि जहां पाप है वहां अन्न जल का त्याग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेम में अर्थ का कोई मोल मूल्य नहीं होता है। मंदिर से लेकर साधुओं तक अर्पित करना मुश्किल है लेकिन स्वयं को अर्पित करना आसान है। सनातन विवाह का सबसे बड़ा उदाहरण यही कथा है। आज के माता-पिता केवल अपनी संतान को धन के पीछे धकेलना में लगे हुए हैं। आज आवश्यकता है कि हर घर में एक साधु के जन्म लेने की। उन्होंने कहा कि जो इंसान अपनी मां का त्याग करते हैं उन्हें भगवान भी अपने शरण में नहीं लेते हैं। कथा में संदीप गोयल, पवन देवर्थ व बाल दान चारण भागवत कथा की पूजा-अर्चना की। पवन कुमार देवर्थ ने सभी भक्तगणों को दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश जांगिड़, संतलाल राजपुरोहित, कन्हैया लाल सिहाग, ओमप्रकाश किरोड़ीवाल, बाबूलाल सैनी,सवाई दान चारण, सजन सेठ, लेख सिंह राजपुरोहित, विजय आचार्य, जुगल किशोर इंदौरिया आदिम मौजूद रहे।

# एसओएफ ओलंपियाड के शानदार प्रदर्शन पर निकाला विजय जुलूस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सालासर स्टेट हाईवे पर स्थित गुरुकृपा पब्लिक स्कूल, सेवद बड़ी में हाल ही में संपन्न हुए एसओएफ ओलंपियाड के परिणामों में शानदार सफलता प्राप्त करने पर विद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल रहा। सफल विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। विद्यालय चेयरमैन बनवारी मील ने बताया कि विजय जुलूस के दौरान छात्र-छात्राओं को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के सहयोगी वातावरण को दिया। गुरुकृपा फाउंडेशन इंचार्ज विक्रम सिंह ने बताया कि विजय जुलूस गनेड़ी, काछवा, घीरनिया बड़ा, घीरनिया छोटा, पाटोदा सिगडोला छोटा, सिगडोला बड़ा रूल्याना माली, सेवद बड़ी के मुख्य बाजार, सेवा पागलवा होते हुए गुरु कृपा स्कूल तक पहुंचा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस ओलंपियाड में विभिन्न 78 देशों के91 हजार विद्यालयों के लगभग 50 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें गुरुकृपा सेवद बड़ी के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत लगन और ज्ञान के बल पर 147500 की नगद पुरस्कार जीत शिक्षा नगरी सीकर में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते किया। ओलंपियाड इंचार्ज रणसिंह मांठ ने बताया कि कुल 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें छात्रा दीपिका फोगावट ने इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में ऑल इंडिया टॉप कर 50000 का नगद पुरस्कार जीता।

# संगठन को मजबूत करने एवं किसानों व आमजन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे : भीमराज जाखड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** चूरू विधानसभा क्षेत्र में शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू मे चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खिचड की अध्यक्षता तथा चूरू विधानसभा प्रभारी भीमराज जाखड़ के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान चूरू विधानसभ प्रभारी भीमराज जाखड ने पार्टी के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों से ब्लॉक स्तर पर पार्टी को संगठित और मजबूत बनाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी से जुडे कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कहा कि जनता के बीच जाकर उनसे जुडे मुद्दे और समस्याओं पर बात करें, वहीं विधानसभा में पार्टी के विधायकों के माध्यम से जन समस्याओं के मुद्दों को उठाने का प्रयास करें, ताकि चुनाव के समय हमें वोट मांगने जनता के बीच जाने की आवश्यकता ना पडे, बल्कि जनता खुद यह महसुस करें कि उनकी परेशानियों में हम उनके साथ खडे रहे तो, हम आपको वोट देंगे ऐसी स्थिति बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बहुत खराब है, किसान फसलों के खराब होने से परेशान है, वहीं आमजन को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझते हुए जनता के साथ खडे हो और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए पुरजोर प्रयास करें।

# शहीद दिवस पर रक्तदान कर भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत की आजादी के महान नायक सरदार भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर मिस्टर चूरू राकेश बेनिवाल के नेतृत्व में भरतीया अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राकेश बेनिवाल के साथ शिशुपाल बुडानिया, अशोक हुड्डा, अमित ढाका और विनोद गोदारा ने रक्तदान किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए हरफूलसिंह भांभू ने कहा कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव का निडर संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतीय के लिए एक मिसाल है। राजस्थान जाट महासभा के अध्यक्ष रणवीर सिंह रणवां ने कहा कि ताकतवर ब्रिटिश हुकूमत को 23 वर्ष के युवा के साहस, जुनून और आजादी के जज्बे ने हिला दिया था। उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कुमार अजय ने कहा कि भगतसिंह की लड़ाई सिर्फ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ ही नहीं बल्कि सामाजिक भेदभाव के खिलाफ भी थी। जाट विकास संस्थान चूरू के अध्यक्ष सोहनलाल फगेडिया ने कहा कि भगतसिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता दलीप सरावग ने भगतसिंह को आजादी का महानायक और युवाओं का आदर्श बताते हुए इस अवसर पर युवाओं के रक्तदान करने के लिए अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हेमंत सिहाग, ओमप्रकाश रणवां, सहायक आयुक्त जीएसटी भागीरथ चाहर, सहीराम पूनिया और गंगाराम कड़वासरा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अनिल रणवां, राजेन्द्र बलारा, एफसीआई प्रभारी अधिकारी राजेश पिलानिया, एडवोकेट कन्हैयालाल रणवां, रामनिवास भांभू, कपिल धांधू, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आशीष कुलहरी, नर्सिंग अधिकारी जयपाल गोदारा, काउंसलर दलीप कुमार, नर्सिंग अधिकारी महेन्द्र भांभू, खेमचंद स्वामी, महमूद अली, एलटी पूनम, नर्सिंग अधिकारी प्रियंका फगेडिया, नेताराम भाकर आदि उपस्थित रहे।

# बलिदान दिवस पर शहीदों को याद किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर तारानगर के साहवा सड़क मार्ग पर स्थित बालाजी मंदिर के पास उनको पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कॉमरेड एडवोकेट निर्मल कुमार प्रजापत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, क्षत्रिय विकास संस्थान अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह राठौड़ तारानगर, पूर्व पार्षद विशाल शर्मा, एडवोकेट जितेंद्रसिंह राठौड़, नरेश झाझड़िया, उप नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका तिलोक रैगर, बलवीर सिंह राठौड़, प्रमोद बेनीवाल, किशन शर्मा, लक्ष्मणसिंह खींची, नंदू पटीर सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# फैशन व व्यसन से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर केन्द्रित करें ध्यानः चौधरी

## आंजना कलबी समाज का जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** सारणेश्वर मार्ग स्थित आंजणा कलबी समाज छात्रावास में रविवार को समाज का जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद लुम्बाराम चौधरी, विशिष्ट अतिथि एएसपी देवाराम चौधरी, पिण्डवाड़ा उप अधीक्षक भंवरलाल चौधरी, नगर परिषद के आयुक्त भंवराराम तथा संत सानिध्य में आबू संत सेवा मंडल अध्यक्ष लहरभारती, माउंट के पाडंव गुफा के डूंगरगिरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता आंजणा समाज के जिलाध्यक्ष केरारामजी चौधरी के सानिध्य में आयोजित किया गया। समारोह का आगाज पूजा अर्चना से किया गया। इसके बाद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता विकास अधिकारी सांवलाराम चौधरी ने प्रेरणादाई मार्गदर्शन दिया गया। सांसद चौधरी ने समाज की वेशभूषा एवं संस्कृति के आदर्शों एवं महत्व को इंगित किया। उन्होंने फैशन व व्यसन से दूरी रख कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर मंजिल प्राप्त करने से अवगत कराया गया। लहर भारती ने जीवन के आध्यात्मिक पक्ष के महत्व को इंगित किया एवं भविष्य में प्रतिभा को किस प्रकार आगामी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए एवं तैयारी के साथ. साथ जीवन के साथ कैसे सामंजस्य स्थापित करें इसकी जानकारी दी। राजकीय सेवा में चयनित नवप्रतिभा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा यथा नीटएयूजीसीए नेट इत्यादि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 52 प्रतिभागियों का सम्माना किया। 10वीं एवं 12वीं के छात्रा वर्ग में 75ः एवं छात्र वर्ग में 80ः से अधिक अंक लाने वाले कुल 145 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भामाशाहों का सम्मान किया। समारोह के अंत में अध्यक्ष ने अतिथियों, कार्यकारणी सदस्यों, भामाशाह, कर्मचारी वर्ग, जिले के सभी परगनों के पंच पटेल एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया।



## न्यूज़ ब्रीफ

### सत्संग में बताया भक्ति का मार्ग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** बालदा में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें संत रामपाल महाराज ने कहा कि सही आध्यात्मिक ज्ञान का आधार धार्मिक ग्रंथों की सही व्याख्या और ईश्वर की सच्ची भक्ति में निहित है। वह कहते हैं कि सभी धर्मग्रंथों में परमात्मा का सही रास्ता बताया गया है। लेकिन, इसे सही तरीके से समझा नहीं गया। शास्त्रों के अनुसार केवल सच्चे गुरु से ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है और यह गुरु वह होता हैए जो सभी शास्त्रों के अनुरूप उपदेश देता है। इसी क्रम में समाज में फैली कुप्रथा, दहेज नहीं लेना और देना, रिश्वत लेना, भ्रूण हत्या नशा खोरी आदि से दूर रहने और ऐसे कार्यो में सहयोग नहीं देने की बात कही। सत्संग आयोजनकर्ता गोविंददास, छगनदास ने बताया कि संत रामपाल के नाम दीक्षा निःशुल्क दी जाती है। कही कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है। प्रभुदास, धनादास, रमेशदास, बेनादास, राजूदास, चुनादास, लिम्बादास, तरुणदास, शंकरदास, रामस्वरूपदास, दिनेशदास, राजूदास, सुरेशदास, मोहनदास, जोरादास, राजाराम दास, मनोहर दासी, नंदा दासी आदि मौजूद थे।

### सिंघानिया स्कूल में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**जेके पुरम।** लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से एक्टिव लर्निंग शीर्षक के तहत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक्टिव लर्निंग शीर्षक के तहत कार्यक्रम को चार गतिविधियों में विभाजित किया गया। जैसे अर्थपूर्ण सहभागिता को अपनाना, संलग्न रणनीतिया, 21वीं सदी के कौशल के घटक और अनुभवात्मक अनुभव। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को परिचित कराना था। ताकि वे छात्रों को अधिक प्रभावी और समर्पित शिक्षा प्रदान कर सकें। प्रधानाचार्य रमेश कुमार भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। सचिन जोशी और डॉ मृदुला गोड सेंट एंसल्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल आबूरोड के शिक्षकों ने अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। लक्ष्मिपत सिंघानिया स्कूल, साईं पब्लिक स्कूल और ट्रिनिटी इंटरनेशनल स्कूलए पिंडवाड़ा के शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। वहां मौजूद सभी शिक्षकों ने कायक्रम को अत्यधिक लाभदायक पाया और इसे उनकी शिक्षण विधियों में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के ज्ञान को बढ़ाते हैं बल्कि छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में भी योगदान करते हैं।

### वार्षिकोत्सव का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**रेवदर।** आदर्श विद्या मंदिर भटाणा में वार्षिकोत्सव धरोहर 2025 के समारोह का आयोजन कियसा गया। प्रधानाचार्य अगराराम कुम्हार ने अतिथियों का परिचय व विद्या मंदिर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता लकाराम चौधरी ने कहा है विद्या भारती अखिल भारतीय एक बहुत ही बड़ा संगठन है। इन विद्यालयो में संस्कार व संस्कृति शारीरिक शिक्षा नैतिक एवं आध्यात्मिक के रुप शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया। विद्या मंदिर के आचार्य आचार्या उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रसार प्रमुख दिनेश कुमार प्रजापत ने दी।

### विद्यालय में भाविप ने किए 80 फर्नीचर भेंट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पिण्डवाड़ा।** शहीद दिवस पर राजकीय बालिका विद्यालय अजारी में भारत विकास परिसद शाखा पिण्डवाड़ा ने 80 फर्नीचर से भेंट किए। कार्यकर्ताओं की संपर्क बैठक क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी, प्रांतीय महासचिव डा महेंद्र गहलोत, सिरोही जिला समन्वयक डॉ सीराम के सानिध्य में आयोजित की गई। महासचिव बाल्दी ने भापिव की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने पिंडवाड़ा शाखा द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी प्राप्त की। भाविप की ओर से गोद ली राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अजारी मे भामाशाह नरेश मालवीय एवं रोहित जमालवीय मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड अजारी की ओर से छात्रों के बैठने के लिए 80 फर्नीचर सेट भेंट किए। भामाशाह की ओर से समय समय पर सहयोग किया जा रहा है। संस्था प्रधान के आग्रह पर विद्यालय मे सरस्वती माताके मंदिर का निर्माण करवाया तथा प्रार्थना सभा स्टेज तैयार करने एवं पोषाहार के टिन सेड बनाने की घोषणा की गई। बाल्दी ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। शाखा अध्यक्ष राकेश कांगटानी, सचिव भवरेश प्रजापत, जगदीश तिवारी, डॉ रमेश खंडेलवाल, विजय प्रकाश गौतम, डॉ दिनेश पपुरोहित, मनोहरलाल दहिया, रमेशलाल दहिया, भगवतसिंह पड़ियार, लक्ष्मी नारायण खंडेलवाल, जसवंतसिंह, सुखराज खंडेलवाल, देवीसिंह आदि मौजूद थे।

## आरओ और ईओ की परीक्षा में 2,859 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**सिरोही एवं शिवगंज में 17 केन्द्रों पर 4,526 परीक्षार्थी थे पंजीयन**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** जिला मुख्यालय एवं शिवगंज में रविवार को राजस्व अधिकारी आरओ ग्रेड.2 और अधिशाषी अधिकारी ईओ ग्रेड.4 भर्ती परीक्षा.2022 हुई। पिछले साल अक्टूबर में पेपर लीक होने के चलते इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। ऐसे में रविवार को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 4 हजार 526 से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 1 हजार 667 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 2 हजार 859 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए सिरोही तथा शिवगंज में 17 केन्द्र स्थापित किए थे। पिछली बार नकल के मामले सामने आने के बाद इस बार प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। हर परीक्षा केंद्र पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पूरी तरह से जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया।

## मैथीपुरा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार।** आदिवासी बाहुल्य तथा गुजरात सीमा से सटा मैथीपुरा को ग्राम पंचायत बनाना प्रस्तावित है। ग्राम पंचायत मैथीपुरा में ढिबडी, कातरवाडी व ग्राम मैथीपुरा को मिलाकर ग्राम पंचायत मैथीपुरा बनाना प्रस्तावित है। जो क्षेत्र वासीयों के हित में है। जिसको लेकर गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर, रेवदर विधायक मोतीराम कोली, पूर्व विधायक जगसीराम कोली तथा उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण को ज्ञापन देकर मांग की है। ज्ञापन में बताया ग्राम पंचायत गठन के तहत उनके ग्राम मैथीपुरा को ग्राम पंचायत बनाना प्रस्तावित है। जिसमे मैथीपुरा में ढिबडी, कातरवाडी व ग्राम मैथीपुरा को मिलाकर ग्राम पंचायत मैथीपुरा बनाना प्रस्तावित है। जो की क्षेत्रवासीयों के हित तथा सर्वांगीण विकास के लिए उत्तम है। अगर ग्राम मैथीपुरा को ग्राम पंचायत बनाया जाता है तो ग्रामवासीयों को ग्राम पंचायत मुख्यालय आने जाने में सुविधा मिलेगी। ग्राम पंचायत मेंथीपुरा प्रस्तावित है। लेकिन, कुछ लोगों अपने निजी स्वार्थ को लेकर ग्राम पंचायत डिबडी को बनाने को लेकर प्रार्थना-पत्र दिया गया है। उसमें हम समस्त ग्रामवासी मैथीपुरा, ढिबडी व कातरावडी को आपत्ति है। नाथूराम, सोमाराम, भैराराम, कालाराम, गंगाराम, सोमाराम, रमेशचंद्र कुमार मौजूद थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**आबूरोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की ओर से केशव एच कुलकर्णी की स्मृति में रेलवे ग्राउंड में 7वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। करजोडा से मारवाड़ तक की 18 टीमों में भाग लिया। प्रतियोगिता का रविवार को समापन किया गया। फाइनल मैच डीजल शेड आबूरोड व रानी के बीच खेला गया। जिसमें रानी की टीम विजेता रही। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा, एसआई जैकब, यूपीआरएमएस अध्यक्ष रघुवीर चारण, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, गौरव राखेचा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता अभियंता डीजल का स्वागत किया गया। समापन समारोह में संघ के अध्यक्ष सुभाष जोशी व ऐतेंद्र कुमार, शाखा सचिव सुधीर जोशी व नरेश सैनी, विशालसिंह राठौड़, असादुल्लाह, इंद्रसेन महावर,गौरव गॉड, प्रशांत चौहान, नीरज शर्मा, बालमुकुंद, मुकेश मिश्रा, भूरालाल मीणा, रुपाराम देवासी, हर्षद कुरील आदि मौजूद थे।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**रेवदर।** भटाणा के राजीव गांधी सेवा केंद्र में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन समाज सेवी रणजीतसिंह की 21वीं पुण्य तिथि सरपंच भवानीसिंह देवड़ा एवं उनके परिवार के सहयोग से ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड द्वारा किया गया। नेत्र चिकित्सक रवि वर्मा ने नेत्र की जांच की गई। शिविर में 254 मरीजों को जांच कर निः शुल्क चश्मे वितरित किए। मोतियाबिंद के 35 मरीज निकले जिसमें से 24 मरीज का सफल ऑपरेशन के लिए ग्लोबल हॉस्पिटल लेकर गए। शिविर का शुभारंभ सरपंच भवानीसिंह देवड़ा एवं कस्तूरचंद पुरोहित ने किया। कस्तूरचंद पुरोहित, रेवाशंकर सुथार ने रणजीत सिंह देवड़ा के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रवीण सिंदल, पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, रेणु, भावना, लीला की कार्य प्रशंसा की। रविन्द्रसिंह देवड़ा, ताराचंद पुरोहित, दिनेश सेन, गोविंद पुरोहित, गणेश पुरोहित, देवेंद्र पुरोहित, मंगलचंद, पुखराज पुरोहित, राजू कोली, वेलाराम कोली, रामराम देवासी, छगन खंडेलवाल, पूर्व सरपंच खंगारराम मेघवाल, दिलीप पुरोहित, देवीसिंह सोलंकी, दलपतसिंह, कल्याणसिंह, वेलाराम कोली, अशोक पुरोहित, सुखदेव पुरोहित, परबतसिंह, देवीसिंह, चन्दनसिंह देवड़ा, खंगार प्रजापत, नरेश पुरोहित, नीमाराम पुरोहित, छगन, रमेश मेघवाल, रसुल खान, लक्ष्मण देवासी, महेंद्र मेघवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



**जीरावल।** तारा संस्थान उदयपुर व एसबीआई फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी नटवरसिंह ने बताया 220 मरीजों की जांच कर चश्मे व दवाई दी। चयनित 6 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने के लिए तारा संस्था में रेफर किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डिम्पल वैष्णव ने लाभार्थियो को नेत्र बारीकी से जांच कर नेत्र का रख रखाव की उपयोगी जानकारी दी गई। महेंद्र मेघवाल व प्रिंस परमार ने चश्मा, दवाई वितरण की गई। प्रशासक कांतिलाल ने भी आंखों को साफ सुथरा रखने की हिदायत दी। इधर शहीद दिवस पर वासण में तारा संस्थान उदयपुर व एसबीआई फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नटवरसिंह ने बताया की 189 मरीजों की जांच करके चयनित मरीजो को उदयपुर रेफर किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डिम्पल वैष्णव ने प्रत्येक मरीज की जांच करके महत्वपूर्ण सुझाव देकर चश्में व दवाई भी दी गई। मालाराम ने शहीद दिवस पर विचार व्यक्त किए। उप प्रशासक मजहर हुसैन की मौजूदगी में शहीद भगतसिंह, सुखदेव राजगुरु, आजाद चन्द्रशेखर को श्रद्धांजलि अर्पित की।




## महामंडलेश्वर हितेश्वरानन्द सरस्वती का आज होगा सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के महामण्डलेश्वर हितेश्वरानन्द सरस्वती के सोमवार को जगह जगह स्वागत किया जाएगा। इसको लेकर पुराना बस स्टेण्ड स्थित भटियाणी माताजी मंदिर में बैठक रखी गई। जिसमें सिरोही नगर में अनादरा चौराहा, भाटकडा चौराहा, रामझरोखा तथा पुराना बस स्टेण्ड पर स्वागत सम्मान रखने एवं पुराना बस स्टेण्ड स्थित भटियाणी माताजी मंदिर में दोपहर को अभिनंदन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में हितेश्वरानन्द सरस्वती आशीर्वाद प्रदान करेंगे। बैठक में महेन्द्र व्यास, रमेश व्यास, कैलाशजी जोशी, मनीष त्रिवेदी, मृत्युन्जय दवे, जैमिश व्यास, धवल त्रिवेदी, धर्मेन्द्र पुरोहित, किरण राजपुरोहित,, कौशिक ओझा, अशोक दवे, दीपक रावल, हेमन्त वैष्णव उपस्थित रहे।



## ग्राम विकास अधिकारी पर हमला करने के आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** ऊड़ के ग्राम विकास अधिकारी पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को बरलूट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी जितेन्द्रसिंह ने बताया कि 27 फरवरी को ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत उड के साथ ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकीयां दी गई। इसके बाद वह युवक वहां से चला गया। इसके बाद उसी शाम को ग्राम विकास अधिकारी उसके घर जावाल जा रहा था। उस दौरान दो आरोपियों ने ग्राम विकास अधिकारी पर जानलेवा हमला किया गया। जिससे ग्राम विकास अधिकारी को गंभीर चोंटे आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बापर्दा रखे गए। कार्रवाई में जितेन्द्रसिंह, उप निरीक्षक कानाराम एवं कांस्टेबल मांगीलाल का सहयोग रहा।

## नेपाल के कलाकारों ने बांधा समा, दी प्रस्तुतियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**आबूरोड।** शांतिवन स्थित डायमंड हॉल में नेपाल, कोलकाता तथा उड़ीसा के कलाकारों ने आध्यात्मिक गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। काठमांडू के नन्हें बाल कलाकारों ने परमात्मा शिव के गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां तो दी तो पूरा हॉल मंत्रमुग्ध हो गया। देर रात तक चले डायमंड हॉल में इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। उड़ीसा के कलाकारों ने ओड़िया डांस और कोलकाता के कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां देकर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी।




## युवा नेता ओझा ने की समस्या समाधान की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पिण्डवाड़ा।** युवा नेता नुकुल ओझा ने सुखाड़िया विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक आरसी कुमावत से मुलाकात कर छात्रों की समस्या समाधान की मांग की। ओझा ने कुमावत ने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में लग रही आरएल अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। सिरोही में बंद पड़े सुखाड़िया विश्वविद्यालय के सब सेंटर को सुचारु करवाने की मांग की। इस पर परीक्षा नियंत्रक आरसी कुमावत ने छात्रों की समस्याओं के समाधान का पूरा भरोसा दिलाया।

# खांडल विप्र समाज के होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में समाज की 75 विभूतियों का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** कस्बे के महर्षि मंगलदत्त खांडल भवन में खांडल विप्र समाज की ओर से शनिवार रात को होली स्नेह सम्मेलन हुआ। श्री श्री 1008 वेंकटेश लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनीदास, संत ओंकारनाथ मीरणधाम, मुक्तिनाथ, संत रविनाथ, विक्रमनाथ पालवास, गोपेशाचार्य फतेहपुर, संत विश्वनाथ मीरणधाम सहित कई संतों के सानिध्य में यह कार्यक्रम हुआ। इस दौरान खांडल विप्र समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल चोटिया, आरएएस पंकज शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ताराचंद, सीकर जिलाध्यक्ष नेमीचंद काछवाल, विकास शर्मा लोटिया, कैलाश चोटिया, महेश चौधुरी, पार्षद जयंती बील, मांगीलाल माटोलिया व विश्वनाथ जोशी मंचस्थ अतिथि थे। इस दौरान समाज की 75 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसके अलावा समाज के वरिष्ठजन सांवरमल सामरा, जगदीश सेवका, कैलाश चोटिया, जयंती बील का भी विशेष सम्मान किया गया। उपेंद्र शर्मा ने युवाओं को उच्च शिक्षा के बारे में प्रेरित किया। स्वामी अश्विनीदास ने कहा कि आधुनिक पढ़ाई करवाकर नौकर बनाने की प्रेरणा देते है। बच्चों को हिंदू सनातन संस्कृति के बारे में भी पढ़ाना चाहिए। उन्होंने सभी को आपसी लड़ाई छोड़कर एकजुट होने का आह्वान किया। स्कूलों में वेदों की पढ़ाई भी होनी चाहिए। बेटियों को फूल नहीं बनाए, इनको परी नहीं बनाए, इनको झांसी की रानी बनाए। इस दौरान समाज की बच्चियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान भव्य आतिशबाजी की गई। इस दौरान फूलों की होली खेली गई। इस दौरान फागोत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्थानीय कलाकारों सूर्यकांत चोटिया, सूर्यप्रकाश चोटिया, प्रकाश रूंथला, योगेश चोटिया बलारा सहित कई कई गायकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। अजय रूंथला ने आगंतुकों का स्वागत भाषण दिया व संस्था की गतिविधियों के बारे में बताया। सुनिल सामरा व प्रीति शर्मा ने संचालन किया। प्रतिभा सोती ने आभार जताया। इस मौके पर कृष्णगोपाल जोशी, गौतम खंडेलवाल, सज्जन पंसारी, विजय सोती, अशोक जोशी, विजय चोटिया, रमेश सुंदरिया, लीलाधर चोटिया, अरविंद रूंथला, रमाकांत सामरा, संजय शर्मा, हरिश शर्मा, जगदीश पीपलवा, ओमप्रकाश जाखल, एडवोकेट विपल्व पंडित, अजय जोशी, ओमप्रकाश जोशी, प्रकाश रूंथला, सुरेंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा चैलासी, पप्पू शर्मा, रघु कौशलका, सूर्यप्रकाश पीपलवा, ओमी पंडित, कमल चोटिया, एडवोकेट तरुण मिंतर आदि मौजूद थे।

## बख्तावरपुरा में 70 लाख की लागत से बनेगा स्टेडियम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** उपखंड क्षेत्र के बख्तावरपुरा गांव में करीब 70 लाख रूपए की लागत से स्टेडियम बनेगा। भामाशाह धर्मवीर कटेवा, युद्धवीर कटेवा, कर्मवीर कटेवा ने अपने माता स्वर्गीय बनारसीदेवी एवं पिता दलीपसिंह कटेवा की याद में लगभग सत्तर लाख रुपए की लागत से राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण करवाने का निर्णय लिया है।

# भगवान ऋषभनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** नगर में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। सुभाष चन्द पहाड़िया ने बताया कि युग प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर 1008 भगवान श्री ऋषभनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव दिनांक 23 मार्च 2025, रविवार को श्री जैन वीर मण्डल के तत्वाधान में मनाया गया। जिसमें सभी मन्दिरों में प्रातः 7 बजे अभिषेक व शांतीधारा व पूजन व विधान के कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उसके पश्चात् 9 बजे नागौरी मन्दिरजी से रथ यात्रा निकाली गई। संजय सेठी व अभिषेक काला के अनुसार श्री जी के रथ के सारथी बनने का सौभाग्य कमलकुमार डोसी परिवार, कुचामन वासी मुम्बई प्रवासी, खंजाची का सौभाग्य अशोककुमार दिलीपकुमार गौरव काला परिवार, भगवान विराजमान करने का सौभाग्य विजयकुमार, संजयकुमार महावीरप्रसाद बज परिवार व चंवर ढुलाने का सौभाग्य श्री कमलकुमार कैलाशचन्द निर्मलकुमार पान्ड्या परिवार एवं विनोदकुमार विकासकुमार, विनयकुमार झांझरी परिवार को मिला। रथ यात्रा में हजारों पुरुष सफेद परिधान, केसरीया धोती दुप्पटे व महिलाएं केसरीया परिधान पहनकर, व बच्चे व बालिकाएं बैनर व ध्वज के साथ जूलूस की शोभा बढा रहे थे। जुलुस में जैन वीर मण्डल के सदस्य सौभगमल गंगवाल, अशोक झांझरी, प्रमोद पान्ड्या, महेन्द्र पहाड़िया, भवंरलाल झांझरी, विकास पहाड़िया द्वारा भगवान आदिनाथ के जयकारे एवं भजन गाकर कार्यक्रम की शोंभा बढाई व समाज के महिलाओं द्वारा भजन व जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस में लालचन्द पहाड़िया, सुभाष रावंका, अशोक गंगवाल, देवेन्द्र पहाड़िया, संतोषकुमार पहाड़िया, विमलकुमार, विरेन्द्र, राजकुमार, सुरेश, अशोक, विकास, संजय, प्रदीप, विजय, सुभाष, संदीप, अभिषेक, पवन, सुशील, रमेश जैन व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी में आमजन को पेयजल आपूर्ति मिले, अधिकारी फील्ड में विजिट करे : शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** गर्मी आने से पूर्व ही अलवर में पेयजल के लिए त्रिहिमाम मचने लग गया है और अभी गर्मी ने दस्तक ही दी है आने वाले दिनों में गंभीर परिणाम देखने को मिलेगे इसे देखते हुए पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा सजग हो चुके है और उन्होंने आज अपने निवास पर हुई जन सुनवाई में अधिकतर समस्या पेयजल को लेकर ही मिली जिस पर उन्होंने अधिकारियों को सचेत कर दिया है। जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने बडी संख्या में फरियादियों द्वारा पेयजल समस्या से अवगत कराए जाने पर जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता आमजन की पेयजल समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए सुनिश्चित करें कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल आपूर्ति के संबंध में परेशानी का सामना नहीं करने पडा। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन के दूरभाष, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कंटीजेंसी फण्ड को 50 लाख बढाकर एक करोड तक करने की घोषणा की गई, इसके प्रस्ताव तैयार करें। स्वीकृत बोरिंगों की ड्रिलिंग कराकर उनका मिलान कराकर उन्हें चालू करावे। पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त करने के साथ मैन राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आमजन से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का फीडबैक लें।

# 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य के लिए सक्रिय सामुदायिक भागीदारी आवश्यक : संजय शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अलवर प्रताप ऑडिटोरियम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर टीबी से मुक्त हुई जिले की 231 ग्राम पंचायतों के सरपंच/प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्रा एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। मंत्राी शर्मा ने विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर पर संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2024 में जिले की 231 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है जो कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 6 मापदंडों को पूरा करने मे सफल रही है। इसके अलावा वर्ष 2023 में कुल 30 एवं वर्ष 2022 में जिले की 6 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इन सभी टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को कांस्य एवं जोग ग्राम पंचायतें विगत वर्षों में भी टीबी मुक्त घोषित हुई उन्हें रजत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कपिल भारद्वाज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा एवं अलवर शहर में जीएनएम छात्रा-छात्राओं द्वारा टीबी रोग के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। विश्व क्षय रोग दिवस पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया जाएगा जिसमें केंद्रीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान एवं 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान को उद्घोषित करेंगे।

# होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का निर्विरोध नि न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री विश्वकर्मा भवन में जांगिड़ समाज का होली स्नेह मिलन का आयोजन एव जांगिड़ समाज विकास समिति की आगामी कार्यकारिणी के गठन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में समाज बंधुओं द्वारा दीप प्रज्जवलित कर श्रीविश्वकर्मा भगवान की आरती की गई एवं सभी ने रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सचिव श्रवण कुमार जांगिड़ ने समिति के तहत बन रहे श्री विश्वकर्मा भवन की प्रगति रिपार्ट पेश कर आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद सभी समाज बंधुओं द्वारा जांगिड़ समाज विकास समिति की आगामी कार्यकारिणी के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति और निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जिसके तहत बनवारीलाल जांगिड़ अध्यक्ष, श्रवण जांगिड़ दिलोई सचिव व लादूराम जांगिड़ को कोषाध्यक्ष चुना गया। इन पदाधिकारियों का लगातार चौथी बार सर्वसम्मति और निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बनवारीलाल जांगिड़ ने की। मुख्य अतिथि भाजपा नेता संजय जांगिड़ बाडेट थे। सभी ने समाजबंधुओं को होली की शुभकामनाएं देकर समाज को एकजुट रहकर समाज के उत्थान हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने कार्यक्रम मे अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सतवीर, भागीरथप्रसाद, विनोद कुमार सिद्धड़, अनिल कुमार, देवेंद्रकुमार, राजेशकुमार, जगदीशप्रसाद, शिवचंद कुमास, नागरमल, बाबूलाल, कैलाशचंद, दिनेशकुमार बंदूकिया, ओमप्रकाश देवगांव, श्रवणकुमार पुजारी की ढाणी, जतन ठेकेदार, रामजीलाल आबूसर मौजूद रहे।

# शहीद दिवस पर पुष्पार्पण करके शहीदों को किया नमन

## शहीद भगत सिंह युवाओं के प्रेरणास्रोत : डॉ. श्रवण बराला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शहर के मगध नगर स्थित भगत सिंह सर्किल पर शहीद दिवस ग्रामीण विकास संस्था के अध्यक्ष डॉ.श्रवण बराला के नेतृत्व में श्रद्धांजलि एवं पुष्पार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शहीदे-आजम शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की प्रतिमा को माला पहनाकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं देशप्रेम के लिए उनके बलिदान को याद करते हुए नमन किया। ग्रामीण विकास संस्था के अध्यक्ष डॉ.श्रवण बराला ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा भगत सिंह का भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा। इनका लक्ष्य आजादी था जिन्होंने अपना बलिदान देकर हासिल किया। भगत सिंह ने आजादी के लिए हंसते-हंसते मौत को गले लगाया जो इतिहास में सबसे कम उम्र में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज के युवा पीढ़ी को बलिदान की जरूरत तो नहीं लेकिन शहीद भगत सिंह से प्रेरणा लेकर अपना लक्ष्य निर्धारित करके देश के विकास में योगदान देना चाहिए,, टारगेट एजुकेशन ग्रुप के निदेशक अशोक गौरा व कृपा शंकर शर्मन ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान बंशीधर जाजोरिया, प्रेमसिंह सोलंकी, डॉ.बाबूलाल बराला, कजोड़ रेवाड़, पूर्व वाइस चेयरमेन रमेश टोडावता, एडवोकेट चरणसिंह, मदन फौजी, मालीराम नटवाडिया, राकेश यादव, सीताराम रोलानिया, कजोड़ गौरा, कालूराम झाझड़िया, लक्ष्मीनारायण, सरदार नासना, भागचंद बोचलिया, मक्खन मीणा, शेष मीणा, राकेश सैनी, जगदीश गोरा, प्रकाश गोरा, मनीष गरेड, अदम्यवीर बराला, अर्जुन शेरावत, राजू लील, बराला हॉस्पिटल चौमूं से दीपक कुमार, शंकर यादव, झाबर मल, पूरण रेवाड़, सुरेश, राजपाल, कृष्णा, कालूराम सेठी, गणेश जाट, राकेश, बलराम, राहुल सहित चौमूं क्षेत्र से गणमान्य लोगों ने भी पुष्प अर्पित करके उनको स्मरण किया।

# सरपंचों व विधायक ने राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा के पोस्टर का किया विमोचन, प्रतियोगिता 13 अप्रैल को




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** न्यू टारगेट साइंस पॉइंट द्वारा 13 अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा के पोस्टर का विमोचन एक भव्य कार्यक्रम के रूप में हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रमुख नेताओं और सरपंचों ने पोस्टर का विमोचन कर इस प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। जेतपुरा के सरपंच सुरेश गुलियां, हाथनोदा के सरपंच अनिल शेरावत और मोरीजा के सरपंच मंगल चंद सैनी ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शिखा मील और राजस्थान यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने भी इस पोस्टर का विमोचन किया। इधर ग्राम हाथनोदा में आज शहीदे आजम भगत सिंह के शहीद दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में टारगेट की टीम पहुंची, जहां सरपंच अनिल शेरावत ने निदेशक अशोक गौरव व उनकी टीम का माला साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। यहां तक की खुद निदेशक अशोक गोरा ने रक्तदान कर रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर निदेशक अशोक गोरा ने बताया कि टारगेट शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें मोटरसाइकिल, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच सहित कई महंगे उपहार शामिल हैं। इसके साथ ही, प्रतियोगिता में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। इस अवसर पर सभी सरपंचों ने टारगेट शिक्षण संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए निदेशक अशोक गोरा की जमकर प्रशंसा की। सभी ने अपने अपने क्षेत्र के विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। आपको बता दे कि यह राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपने कौशल का परीक्षण किया जा सकेगा, बल्कि उन्हें शानदार पुरस्कारों और स्कॉलरशिप का भी अवसर मिलेगा।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 26 मार्च को कैमरी ढाणी आएंगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिरोड़।** राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 26 मार्च को ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम कैमरी ढाणी आएंगी। वे सुबह 11 बजे शहीद हवलदार रामजीलाल कटेवा के 22वें शहादत दिवस पर आयोजित होने वाले शहीद प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी। कार्यक्रम समिति के मुताबिक नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील व सीकर के पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी होंगे। कार्यक्रम के आयोजक रिटायर्ड सूबेदार मेजर जुगलकिशोर कटेवा व अजयसिंह कटेवा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नवलगढ़ नगरपालिका के अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, खिरोड़ ग्राम पंचायत के सरपंच महावीरप्रसाद भामू व पंचायत समिति सदस्य जानकी देवी अतिथियों का स्वागत करेंगे। शहीद रामजीलाल कटेवा की प्रतिमा अनावरण के बाद सवामणी प्रसाद का आयोजन भी होगा।

# न्यूज ब्रीफ

## विश्व हिंदू परिषद के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** विश्व हिंदू परिषद् की दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग के समापन समारोह मे केशव आदर्श बालिका विद्या मंदिर में संत मोहनदास के संत सानिध्य एवं प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख देवीसहाय के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष विनोद सिंघानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विहिप धर्मप्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव मे अपने उद्बोधन मे बताया कि मां भारती ने आक्रमणकारी यवन, हूण, कुषाण सबको समा लिया परंतु आठवीं शताब्दी के प्रारंभ मे सिंध पर हुए मोहम्मद बिन कासिम के आक्रमण एवं अपने ही लोगों के विश्वासघात के कारण सिंधुपति राजा दाहिरसेन की पराजय के बाद देश मे धर्मांतरण प्रारंभ हुआ। जो आजादी के बाद तुष्टिकरण की नीति के कारण तीव्र गति से हुआ। जिसके कारण जनसंख्या असंतुलन बढ़ता गया। जो वर्तमान मे रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों के कारण विकराल रूप ले चुका है। धर्मांतरण पर अंकुश लगाने एवं परावर्तन के लिए हमें कुटुम्ब प्रबोधन एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को जागृत करने के अभियान को प्रमुखता से करना चाहिए। इस अवसर पर नवलगढ़ प्रखंड मंत्री सुरेश कुमावत एवं सामाजिक समरता सह प्रमुख अजय रूंथला को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री जयराज जांगिड़, सह मंत्री मनोज सैनी, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र केडिया, जिला सत्संग प्रमुख आनंद भट्ट, जिला उपाध्यक्ष गिरधारी राठी, बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति, सह संयोजक राहुल जांगिड़, मातृशक्ति जिला सह संयोजिका संजू कंवर, दुर्गावाहिनी जिला सह संयोजिका मोनिका जांगिड़, प्रांत धर्म प्रसार टोली सदस्य योगेंद्र कुण्डलवाल, नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर पाटोदिया, नगर संयोजक पिंटू कुमावत, मिलन केंद्र प्रमुख सोनू कुमावत, अशोक सैनी, उदयपुरवाटी प्रखंड उपाध्यक्ष बृजलाल शर्मा, नवलगढ़ प्रखंड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया, सत्संग प्रमुख कृष्ण कुमार सेकसरिया, गुढ़ागौड़जी जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण कुमावत, मलसीसर प्रखंड मंत्री विष्णुकांत शास्त्री, बिसाऊ प्रखंड सह मंत्री मनोज कुमार सैन, बगड़ ग्रामीण सह मंत्री कपिल शर्मा, व्यवस्थापक प्रांत धर्माचार्य सह संपर्क प्रमुख रामानंद पाठक, अशोक प्रजापति, रोहन सैनी रहे।

## पंचायत समिति का अवलोकन किया




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मोरारका कॉलेज झुंझुनूं के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य डॉ. वेदप्रकाश और डॉ. आकांक्षा डूडी के निर्देशन में झुंझुनूं पंचायत समिति का अवलोकन किया। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह न्यौला ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस दौरान बीडीओ सीताराम ने पंचायती राज के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक आचार्य डॉ. वेदप्रकाश ने बताया कि अवलोकन के दौरान विद्यार्थियों ने पंचायत समिति की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की और विभिन्न प्रकार के सवालों के जवाब भी प्राप्त किए।

## पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी के चौमूं आगमन पर स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी आज पहली बार चौमू पहुंचे, जहां उन्होंने कालाडेरा में आयोजित एक रक्तदान शिविर में शिरकत की। इस मौके पर चौमूं के राधा स्वामी बाईपास कट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान, 11 जेसीबी मशीनों से फूलों की बारिश कर निर्मल चौधरी का अभूतपूर्व स्वागत किया गया, जो एक अनोखा दृश्य था। सैकड़ों युवा इस समारोह में मौजूद रहे और उन्होंने निर्मल चौधरी का गर्मजोशी से स्वागत किया। निर्मल चौधरी ने हाथ जोड़कर सभी उपस्थित युवाओ का अभिनंदन स्वीकार किया और इस स्वागत के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। उनका चौमूं आगमन स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल बना गया।

## कुचामन सिटी में ईद की नमाज सुबह 8 बजे होगी, 31 मार्च या 1 अप्रैल को मनाया जाएगा पर्व

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** ईद उल फितर पर्व को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं । इसी सिलसिले में रविवार को गुलाब बाड़ी स्थित मदरसा इस्लामिया सोसायटी बालिका विद्यालय भवन में संचालित सोसायटी के कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के सदर मोहम्मद सलीम कुरैशी ने की, जिसमें ईद की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**चांद दिखाई देने पर तय होगी तारीख :** बैठक में मोहम्मद सलीम कुरैशी ने जानकारी दी कि ईद उल फितर का पर्व इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार चांद दिखाई देने पर निर्भर करता है। अगर 30 मार्च की रात चांद नजर आ जाता है तो ईद 31 मार्च को मनाई जाएगी, अन्यथा यह 1 अप्रैल को होगी।

**सुबह 8 बजे होगी ईद की नमाज :** बैठक में तय किया गया कि कुचामन सिटी में ईद की नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी। इस दौरान ईदगाह में विशेष इंतजाम किए जाएंगे, ताकि लोग सुगमता से नमाज अदा कर सकें। ईद की नमाज के लिए पेश इमाम अब्दुल वाहिद नईमी, मिर्जा मस्जिद, पलटन गेट से जुलूस के रूप में सुबह साढ़े 7 बजे रवाना होंगे।

**सद्भाव और शांति बनाए रखने की अपील :** बैठक में सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने सभी से पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।

### सारंगवास खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित

# भगाराम चौधरी होंगे अध्यक्ष

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** सारंगवास खेतलाजी मेले को लेकर सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग जोधपुर ने ट्रस्ट विवाद को समाप्त करते हुए मेले और मंदिर व्यवस्था को लेकर नई कार्यकारिणी का गठन किया है। जो सारंगवास खेतलाजी के दो दिवसीय मेले का आयोजन करेगी। वही ट्रस्ट कार्यकारणी के अध्यक्ष भगाराम चौधरी होंगे। ज्ञातव्य है कि सारंगवास खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के वजूद को लेकर दो गुटों में विवाद पिछले लंबे समय से चल रहा था। जिसका प्रकरण सहायक आयुक्त देवस्थान जोधपुर में चल रहा था। ट्रस्ट विवाद के कारण मंदिर पर विकास तो प्रभावित हो रहा है। मेले के आयोजन को लेकर भी भक्तों व ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, क्योंकि सारंगवास खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 30-31 मार्च को आयोजित होना है। मंदिर का संचालन प्रशासन की ओर किया जा रहा था, ऐसे ट्रस्ट के विवाद को देख देसूरी एसडीएम ने मेले आयोजन को लेकर अधिकारियों की एक कमेटी का गठन किया था। उसके बावजूद मेले को लेकर कोई तैयारी शुरू नहीं हुई थी। ट्रस्ट कमेटी का विवाद देवस्थान विभाग जोधपुर में चल रहा था। सारंगवास खेतलाजी मेले में आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो इसको लेकर देवस्थान सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल ने दिनांक 21 मार्च को एक आदेश जारी कर प्रकरण के प्रपत्र संख्या आठ में वर्तमान कार्यकारणी को मेला और मंदिर व्यवस्था के लिए अधीकृत किया। जिसमें भगाराम चौधरी आना अध्यक्ष, रताराम चौधरी आना उपाध्यक्ष, महेशसिंह चारण सचिव, अशोकसिंह राजपुरोहित सोनाणा सहसचिव, मूलाराम मेघवाल आना कोषाध्यक्ष, दिनेश लोहार शोभावास सहकोषाध्यक्ष एवं सदस्य छतरसिंह राजपूत आना, खरताराम चौधरी सोनाणा, मांगीलाल चौधरी शोभावास, रामलाल प्रजापत आना, कमलेश सोनी आना, खरताराम मेघवाल आना, रताराम चौधरी सारंगवास, दिनेश आदिवाल घाणेराव और रमेश चौधरी सारंगवास होंगे। साथ ही निर्देश दिए कि आय ट्रस्ट के बैंक खाते में जमा करा कार्यकारणी के बहुमत से प्रस्ताव पारित कर मेले सबंधी समस्त व्यवस्था करने और मंदिर की व्यवस्था लाईट, भोजन, टेंट इत्यादि व्यवस्था के लिए निविदा से प्रस्ताव पारित कर कार्यकारणी के प्रस्ताव अनुसार व्यय करने के साथ कार्यकारणी की आय-व्यय का सम्पूर्ण लेखा नियमानुसार संधारित करने की जिम्मेदारी होगी।



#### मेले में व्यवस्थाओं को लेकर जारी की गई निविदा

सारंगवास खेतलाजी मेले के आयोजन में कम समय होने के कारण ट्रस्ट कार्यकारणी की ओर रविवार को मेले में होने वाली व्यवस्थाओं को लेकर ट्रस्ट कार्यालय में निविदा जारी कर मेले की तैयारी शुरू कर दी है।

# घाणेराव हवाला माताजी मेले में उमड़े श्रद्धालु

### भजन संध्या और गेर नृत्य का आनंद उठाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** स्थानीय कस्बे में स्थित श्री हवाला जोगमाया का मेला शनिवार की शाम को गेर नृत्य के साथ शुरू हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने पैरों में घुंघरू बांध कर ढोल की ताल पर गेर नृत्य किया। वहीं रात्रि में माताजी को दिप प्रज्ज्वलित कर भजन संध्या शुरू हुई। जिसमें उपस्थित भजन कलाकारों ने शानदार भजन प्रस्तुत कर माताजी की भक्ति से सरोबार कर दिया। वहीं मेले के दूसरे दिन रविवार की सुबह पूजा अर्चना कर महाआरती की उसके बाद मंदिर प्रांगण महायज्ञ पण्डित विजय श्रीमाली के सानिध्य किया। इस दौरान मेले में उपस्थित भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। माताजी से खुशहाली की कामना की। श्री हवाला जोगमाया मित्र मंडल के अध्यक्ष जीवाराम चौधरी ने बताया कि हवाला जोगमाया माताजी का दो दिवसीय मेला 22-23 मार्च को संतों के सानिध्य में आयोजित किया हुआ। जिसमें प्रथम दिन 22 मार्च शनिवार की शाम गेर नृत्य कार्यक्रम हुआ। वहीं रात्रि में आयोजित भजन संध्या में भजन गायक हितेश रामावत, शंकर देवासी, किकराम देवासी शानदार भजन प्रस्तुत कर मेले में उपस्थित भक्तों को माताजी की भक्ति से सरोबार कर दिया। मेले में उपस्थित अतिथि और भामाशाहों का मंडल से बहुमान किया। वहीं मेले के दूसरे दिन 23 मार्च रविवार की सुबह माताजी की पूजा अर्चना करने के साथ महाआरती की जाएगी। उसके बाद मेले में महाप्रसादी भक्तगण ग्रहण की। मेले के सफल आयोजन को लेकर भक्तों व मंडल के सदस्यों का मंडल अध्यक्ष जीवाराम चौधरी ने आभार प्रकट किया। मेले में हंसाराम चौधरी, बाबूलाल चौधरी, अमराराम चौधरी, भोलाराम, मोडाराम चौधरी, वागाराम, भरत कुमार, सुरेश कुमार, जिगर चौधरी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## दो दिवसीय संत्रांत वाकपीठ 25 को

**सांडेराव।** सुमेरपुर ब्लॉक स्तरीय राजकीय एवं निजी विद्यालय की प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की दो दिवसीय संत्रांत वाकपीठ 25 मार्च मंगलवार को पंचायत समिति सुमेरपुर में आयोजित होगी। वाकपीठ कार्यकारिणी सुमेरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष हणवंतसिंह राठौड़ दुजाना ने उक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक स्तरीय राजकीय एवं निजी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्थाप्रधान वाकपीठ कार्यक्रम में भाग लेगे।

## विद्यार्थियों व मनरेगा श्रमिकों को योगाभ्यास योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाई बांध में रविवार को योग प्रशिक्षक एवं आयुष नर्सेज महासंघ के बैनर तले विद्यार्थियों एवं ग्राम पंचायत जवाई बांध की नरेगा महिला श्रमिकों को योगाभ्यास करवाकर योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य नवनीत गर्ग ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखने ओर नरेगा श्रमिकों को योग से स्वास्थ्य लाभ व आयुर्वेद सम्बंधित जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाबा साहेब डा. अंबेडकर और कांशीराम की विचारधारा 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' को आगे बढ़ाने के लिए 'भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक का आयोजन फालना में किया गया। बैठक में बाली तहसील कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें रामलाल कांगड़ी महामंत्री, प्रताप कुमार संगठन मंत्री, प्रकाश कुमार धनी प्रवक्ता, मुकेश कुमार चंदेल मीडिया प्रभारी, मांगीलाल फालना गांव पंचायत अध्यक्ष, किकाराम चामुंडेरी ग्राम पंचायत अध्यक्ष पद भार नियुक्त किया गया। भीम आर्मी पाली जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सरगरा ने कहा की संविधान के दायरे में रहकर, यह प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की उम्मीदों को साकार करने के लिए कार्यरत है। अंतः विजय हमारे संपूर्ण बहुजन समाज की होगी। बैठक में बाली तहसील अध्यक्ष दुदाराम परिहार, उपाध्यक्ष जावेद खान, अर्जुन कुमार सह संगठन मंत्री, सोहन माधव फालना गांव कार्यकारिणी, संजय मेंशन बीजापुर सहित सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय जोहार, जय मूलनिवासी, नीला सलाम, भीम आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए।



## 16 गांव जोशी समाज का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** 16 गांव भृगु वंशिय ब्राह्मण जोशी समाज विकास समिति का वार्षिक अधिवेशन 2025 का आयोजन समिति के प्रधान कार्यालय मां आशापुरा धाम नाडोल में समापन हुआ जिसकी अध्यक्षता मीठालाल जोशी तखतगढ़ द्वारा की गई। समिति के मंत्री भरत खीमराज जोशी नाडोल ने बताया की अधिवेशन में विभिन्न घोषणा करने वाले भामाशाहों का मंच पर माला-साफा पहनाकर स्वागत किया गया। अधिवेशन में आठ गांव जोशी समाज से पधारे अशोक कुमार (कोषाध्यक्ष), कैलाश कुमार (सचिव) का भी 16 गांव समिति मंच द्वारा बहुमान किया गया। साथ ही समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। मंच द्वारा 16 गांव परिक्षेत्र के शिक्षा के क्षेत्र में उच्च अंक हासिल करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और माला द्वारा स्वागत किया गया। समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भामाशाह पिंटू जोशी नाडोल एवं भोजन के लाभार्थी गणपतलाल के पुत्रों का स्वागत किया गया।



# जूनिधाम खेतलाजी मेला लाभार्थी एवं भक्तों का ट्रस्ट कमेटी ने किया बहुमान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** जूनिधाम खेतलाजी सोनाणा के दो दिवसीय मेला लाभार्थी खेतलाजी भक्तों के साथ रविवार की दोपहर जूनिधाम खेतलाजी धाम पहुंचे, जहां ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से धूमधाम के साथ बहुमान किया। उसके बाद गाजे-बाजे के साथ खेतलाजी के दरबार में पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर दर्शन किए। जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाशवन गोस्वामी ने बताया कि जूनिधाम खेतलाजी का मेला 28, 29 और 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर ट्रस्ट कमेटी और सोनाणा गांव के ग्रामीणों की ओर से मेले की तैयारी में जुटे हुए है। रविवार की दोपहर जूनिधाम खेतलाजी भक्तराज रमेश ओसवाल मेला लाभार्थी कश्मीरा अतुल मावडिकर बंबोरी निवासी जोजावर एवं भक्तगण प्रमोद परलेचा, विनोद परमार, अभिजीत लुकड़, जयेश फुलफगर, हेमंत भंडारी, आदेश खीचूरा, सोहन परमार, जोय लुकड़, गिरीश मावडिकर का ट्रस्ट कमेटी की ओर से माला और साफा पहनाकर बहुमान किया। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाशवन गोस्वामी, कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित, सदस्य खरताराम चौधरी, अभिषेकसिंह राजपुरोहित एंव एडवोकेट भूपेंद्रसिंह राजपुरोहित, खीमाराम मेघवाल सहित ग्रामीण उपस्थित थे। उसके बाद भक्तराज रमेश ओसवाल के सानिध्य में सभी भक्तगण गाजे-बाजे के साथ जूनिधाम खेतलाजी के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंने खेतलधनी की पूजा अर्चना कर दर्शन किए।



## ऋषिकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया श्रमदान

**नाडोल।** ऋषिकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ऋषिकेश्वर मित्र मंडल द्वारा भामाशाह के सहयोग से छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाएं गए थे। गर्मी का मौसम आते ही वृक्ष सुख जाने का अंदेशा होने के कारण रविवार को जेसिबी से पाईप लाईन लगाकर वृक्षों के लिए पानी कि व्यवस्था कि भामाशाह ओगडराम, सुखदेव, धनराज, अशोक कुमार, देवोबा सीरवी वेरा बोलो वाला, महेन्द्र कुमार, प्रभुलाल रावल, जितेन्द्र एल आई सी और लालाराम सीरवी द्वारा जिससे वृक्ष श्रमदान की सुरक्षा हो सके। इस दोरान श्रमदान के लाए मांगीलाल लचेटा, नेनाराम परमार और जितेन्द्र परिहारिया ने लगातार मंदिर परिसर में साफ सफाई करते आ रहे हैं।

# भामाशाह ने सनातन पेढ़ी को शव रखने के लिए डी-फ्रिज भेंट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** घाणेराव गांव के ग्रामीणों की डी फ्रिज की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर भामाशाह परिवार ने शव को रखने के सनातन पेढ़ी घाणेराव को एक डी फ्रिज भेंट किया। जिसको पेढ़ी की ओर से सुरक्षित मुक्तिधाम में रखा गया है। घाणेराव के पूर्व उपसरपंच भरतसिंह देवल ने बताया कि शव को रखने के लिए डी फ्रिज की व्यवस्था नहीं होने के कारण आसपास गांवों से व्यवस्था करनी पड़ती थी। ऐसे में भामाशाह ने स्वं. ज्योति देवी पत्नी खीमाराम जणवा चौधरी की स्मृति में पेढ़ी को डी फ्रिज भेंट किया। जिसको मुक्तिधाम में सुरक्षित रखा गया है। इस दौरान चन्द्रशेखर मेवाड़ा प्रशासक, रतनलाल चौधरी, रमेश सोनी, मांगीलाल सुथार, कलाराम चौधरी, सोहनसिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



# बाली में वरिष्ठ नागरिकों ने मनाया होली मिलन समारोह

**बाली।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति बाली के कार्यालय में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ वकील इंदर राज भंडारी मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब जई ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वरिष्ठ वकील श्री भंवर सिंह राजपुरोहित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में लखमाराम परमार, सुरेंद्र सिंह सोनीगरा और शैतानपुरी गोस्वामी ने सभी वरिष्ठ जनों का तिलक और गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में भंवर सिंह राजपुरोहित, मदन लाल मारू, हीरालाल मालवीया, जीवन दास बैरागी और मिश्रीमल सोनी ने फागुन के होली गीत और चुटकुले सुनाकर माहौल को रंगीन बना दिया। अजय पाल सिंह जोधा, लकमाराम परमार और रफीक भाई ने होली के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। मूल सिंह राजपुरोहित ने वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ दिनचर्या के बारे में मार्गदर्शन दिया। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब जई ने संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वरिष्ठ जनों से सुझाव भी मांगे। कार्यक्रम का संचालन सचिव मूल सिंह राजपुरोहित ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और उनकी सुंदर प्रस्तुतियों की सराहना की। इस दौरान-मोहम्मद अयूब जई, लखमाराम परमार बोया, हीरालाल मालवीया, मदनलाल मारू, भंवरलाल विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिंह सोनीगरा, मिश्रीमल सोनी, मूलचंद भाटी, अर्जुन सिंह सोलंकी, अजय पाल सिंह जोधा, थान सिंह सोलंकी, आजाद शम्मा, जफरुल्लाह खान नायक, रफीक भाई, समाजसेवी सिकंदर खान नायक, रामलाल परमार, शंकर सिंह राजपुरोहित, उदय सिंह सेला, छैल सिंह केरापुरा, किशन सिंह परिहार, चुन्नीलाल मारू, वरदाराम चौधरी, किकराम राठौड़, भंवरलाल मारू, मांगीलाल मारू, मोहब्बत सिंह सोनीगरा, जीवन दास बैरागी, राधे किशन, घीसुलाल, गोविंद लाल, शिवलाल मारू, शैतान पुरी गोस्वामी और काफी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।




# रामनवमी शोभायात्रा को लेकर घर-घर जाकर दे रहे आमंत्रण

**पाली।** पाली के केशव नगर स्थित केलेश्वर महादेव मंदिर में सत्संग कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को रामनवमी शोभायात्रा में आने का न्योता देते हुए आयोजक समिति के पदाधिकारी पाली शहर में छह अप्रेल को गाजे-बाजे के साथ हिन्दू महोत्सव समिति के देखरेख में रामनवमी पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा में इस बार भगवान राम के जीवन चरित्र को दिखाने वाली 151 झांकियां शामिल रहेंगी। इसके साथ ही इस बार से बनाई गई झांकी भी शामिल रहेगी। घोड़े-ऊंट पर सवार युवा हाथ में भगवा ध्वज लिए शोभायात्रा की अगुआई करते हुए चलेंगे। इसके साथ ही नासिक ढोल की थाप पर पूरे रास्ते युवा डांस करते हुए चलेंगे। शोभायात्रा में इस बार गेर भी शामिल रहेगी। जिससे लोक संस्कृति के रंग बिखरते नजर आएंगे। अखाड़ों के युवा पूरे रास्ते हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चलेंगे।



#### राम दरबार की आरती की गई

रामनवमी शोभायात्रा में आने के लिए लोगों को घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है। शहर के केशव नगर स्थित केलेश्वर महादेव मंदिर में सत्संग कार्यक्रम के आयोजन में पहुंच कर रामनवमी शोभायात्रा अध्यक्ष शांतिलाल सिंघवी ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रामनवमी शोभायात्रा में आने का न्योता दिया। यहां भारत माता, राम दरबार की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि कार्यक्रम में रामनवमी शोभायात्रा अध्यक्ष शांतिलाल सिंघवी, जिला मंत्री बाबूलाल कुमावत, जिला कोषाध्यक्ष रामसुख पायक, नगर अध्यक्ष आनंदस्वरूप गुप्ता, गुलाब जांगिड़ पुजारी महिपाल, विमल, भैराराम, रमेश, धनराज, खेताराम, तुलसी महिला मंडल से सुमित्रा जांगिड़ सहित कई मोहल्लावासी मौजूद रहे।

#### रघुनाथ मंदिर से रवाना होगी शोभायात्रा

रामनवमी शोभायात्रा अध्यक्ष शांतिलाल सिंघवी ने बताया कि शोभायात्रा छह अप्रेल की सुबह नौ बजे पानी दरवाजा स्थित रघुनाथ मंदिर से रवाना होगी। जो पल्लीवालों का बास, बादशाह का झंडा, सर्राफा बाजार, उदयपुरिया बाजार, गांछों का बास, राणा प्रताप चौक, पुरानी सब्जी मंडी, धानमंडी, पटवा बाजार, सर्राफा बाजार, फतेहपुरिया बाजार होते हुए वापस रघुनाथ मंदिर पहुंच संपन्न होगी।

# वयोवृद्ध खंडेलवाल को भाजपाइयों ने ई-साइकिल भेंट की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रेरणा से रविवार को पुराना पाली बस स्टेण्ड स्थित लालजी महाराज मंदिर परिसर में भाजपा युवा मोर्चा और नगर भाजपा मंडल के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ एवं जनसंघ के वयोवृद्ध कार्यकर्ता किशनलाल खंडेलवाल को इलेक्ट्रोनिक साईकिल उपलब्ध कराई। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष करणसिंह नेतरा ने जनसंघ से लेकर भाजपा को मजबूती प्रदान करने में वयोवृद्ध खंडेलवाल प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनका सम्मान उन्हें आवश्यक सुविधा देने के नवाचार की प्रशंसा की। मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल ने बताया कि एक दिन पूर्व ही जयपुर में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान सीएम और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा प्रदेश के सभी वरिष्ठ और वयोवृद्ध कार्यकर्ता की देखभाल करने की भलोवन दी गई थी। युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव राजपुरोहित ने बताया कि लोकतंत्र सेनानी, परिवार के अनेक पदों पर रहने वाले भाजपा पाली के वरिष्ठ नेता करण सिंह नेतरा के हाथों ई-साईकिल भेंट की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक साईकिल प्रदान की। इस मौके पर धीरज सांखला, चतुर्भुज शर्मा, दीपक भाटी, फूलाराम सुथार, गौरव राजपुरोहित, प्रेमचंद बरुत, नरेश चौधरी, महावीर प्रसाद, अमृत परिहार, भरत सिंह राजपुरोहित, गणेश भाटी, सुरेश सिंह राजपुरोहित, महेन्द्र माली, शेरसिंह मेवाड़ा, इन्द्र राव, महिपाल सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।



## राजस्थान शिक्षक संघ की बैठक में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पांच विद्यालयों का चयन

**सुमेरपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के आह्वान पर रविवार को नगर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर हॉस्टल में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा सुमेरपुर अध्यक्ष प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं प्रवासी कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह राणावत व जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह राणावत के सानिध्य में संकुल के समस्त पीईईओ व युसीईईओ के संयोजक, सह संयोजक व महिला सहसंयोजक कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रस्ताव लिए गए। जिला महासमिति सदस्य मदन नानीवाल ने बताया कि बैठक में 30 मार्च को नव वर्ष प्रतिपदा का पर्व मनाने व 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता दिवस के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। मई में सदस्यता अभियान संकुल स्तर से प्रारंभ करने के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। हमारा विद्यालय हमारे तीर्थ के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंगोला का चयन किया गया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक में से पांच विद्यालय को चयनित किया गया। बैठक में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उप शाखा सुमेरपुर के मंत्री ओमप्रकाश वैष्णव, कार्यालय मंत्री महेंद्र सुथार, प्रताप सिंह राजपुरोहित, दिनेश मीणा, पूनम परिहार, कीकाराम रांगी, दिनेश सिंह मीणा, हनवंत सिंह, मुपाराम, गणपत सिंह चंपावत और भंवरलाल देवड़ा उपस्थित रहे।



## कबीर गौशाला सेवा समिति में सर्वसम्मति से पंकज राज मेवाड़ा सदस्य मनोनीत

**सुमेरपुर।** श्री कबीर गौशाला सेवा समिति का होली स्नेह मिलन एवं कार्यकारणी की बैठक रविवार को कॉम्बेश्वर भवन में अध्यक्ष कालुराम भाटी के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में गौशाला की विभिन्न समस्याओं एवं आने वाले समय में गर्मियों को देखते हुए पौधरोपण पर चर्चा हुई। गौशाला के उपाध्यक्ष शिवलाल माली द्वारा गांव मोरडू से कबीर गौशाला तक रोड़ के दोनों और नीम के पेड़ व जाली लगाने का सम्पूर्ण खर्च अपनी तरफ से वहन करने की सहमति प्रदान की। पेड़ लगवाने सदस्य गोविंद राठौड़ व पंकज राज मेवाड़ा को जिम्मेदारी सौंपी। गौशाला में चारा गोदाम के लिए भामाशाह को जोड़कर निस्वार्थ भाव से सेवा कर प्रोत्साहित करने की बात कही एवं गौशाला के ग्वालों एवं महिला मजदूर कर्मियों की समस्याओं का भी निस्तारण किया गया। इस दौरान नए सदस्य के रूप में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चार्टर अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा को सर्वसम्मति से सदस्यता प्रदान की गई। अंत में संस्थान सदस्यों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नेनमल सोनी, नारायण सिंह राजपुरोहित, पूर्व पार्षद गोविंद राठौड़, पंकज राज मेवाड़ा, थानाराम, पुखराज घांची, पुखराज लोहार, शांतिलाल मेड़तिया, सूरज विश्वकर्मा, मुनीम मदन दवे एवं गौशाला के कार्मिक मौजूद रहे।



# हैदराबाद का विजयी आगाज

## ईशान के शतक में उड़ा राजस्थान

**नई दिल्ली।** ईशान किशन के शतक और ट्रेविस हेड की फिफ्टी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हराकर 18वें सीजन का जीत के साथ आगाज किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 286 रन बनाए थे। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में ध्रुव जुरेल की कप्तानी वाली टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 242 रन ही बना सकी।



### एसआरएच ने बनाया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 286 रन बनाए। ये आईपीएल इतिहास में किसी टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। बता दें कि आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर एसआरएच ने ही बनाया हुआ है। हैदराबाद ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ इसी मैदान पर 3 विकेट खोकर 287 रन बनाए थे। सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत काफी धमाकेदार रही। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने 19 गेंदों पर 45 रनों की पार्टनरशिप की। अभिषेक 11 बॉल पर 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें पांच चौके शामिल रहे। अभिषेक को स्पिनर महीष तीक्ष्णा ने यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच आउट कराया। ईशान के आउट होने के बाद हेड संग ईशान किशन ने मोर्चा संभाला और दोनों के बीच 38 गेंदों पर 85 रनों की पार्टनरशिप हुई। हेड के आउट होने के बाद ईशान संग नीतीश कुमार रेड्डी ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 72 रनों की पार्टनरशिप हुई। नीतीश 30 रन बनाकर महीष तीक्ष्णा की बॉल पर आउट हुए। नीतीश के आउट होने के बाद भी राजस्थान की मुश्किलें कम नहीं हुईं क्योंकि हेनरिक क्लासेन ने जोरदार पारी खेली।

बता दें, ट्रेविस हेड ने IPL का पिछला सीजन जहां छोड़ा था, नए सीजन में वहीं से उठाया है। IPL 2025 का पहला मैच, पहला विरोधी, लेकिन क्या फर्क पड़ता है? हेड को तो सिर्फ गेंद को मारना आता है और वो काम खूब करते दिखे। सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक ओपनर हेड ने राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों का धुन-धुनकर बुरा हाल कर दिया। उन्होंने सीजन की सबसे तेज फिफ्टी जडी। इसी दौरान उन्होंने जोफ्रा आर्चर के खिलाफ एक इतना लंबा छक्का लगाया कि उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हेड के बल्ले से निकले उस छक्के का असर आर्चर के चेहरे पर साफ दिखा। उनके चेहरे पर हवाईयां उड़ी थीं। जोफ्रा आर्चर पावरप्ले का 5वां ओवर लेकर आए, जो कि मैच में उनका पहला ओवर था। उनके पहले ओवर की पहली गेंद को हेड ने चौके के लिए मारा। जबकि दूसरी गेंद पर लगाया वो गगनचुंबी छक्का, जिसके बाद गेंद क्रीज से 105 मीटर दूर जाकर गिरी। इस छक्के का जो वीडियो सामने आया, उसमें आर्चर के चेहरे पर सिकन साफ देखी जा सकती है। जोफ्रा आर्चर के मैच में डाले उस पहले ओवर में हेड ने सिर्फ वो छक्का ही नहीं लगाया, बल्कि उसके बाद और बाउंड्रीज जमाते हुए कुल 23 रन भी टीम के स्कोर बोर्ड में जोड़े।

# टी20 न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को रौंदा

## 115 रनों से मैच जीतकर सीरीज अपने नाम की

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को चौथे टी20 मैच में 115 रनों से हराया। टिम सेफर्ट (44), फिन एलन (50) की धमाकेदार शुरुआत के बाद कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 46 रनों की पारी खेलकर बेहतर फिनिश किया। पाकिस्तान को जीत के लिए 221 रनों का लक्ष्य मिला था लेकिन पूरी टीम 105 रनों पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड ने 115 रनों से बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। पाकिस्तान के कप्तान आगा सलमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। टिम सेफर्ट और फिन एलन ने न्यूजीलैंड को धुआंधार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 4 ओवरों में 59 रन जोड़े। सेफर्ट ने 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 44 रन बनाए। फिन एलन ने 20 गेंदों में 50 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, इसमें उन्होंने 3 छक्के और 6 चौके जड़े। मार्क चैपमैन ने 16 गेंदों में 20 और डेरिल मिशेल ने 23 गेंदों में 29 रन बनाकर मध्यक्रम में महत्वपूर्ण रोल निभाया। अंत में कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 गेंदों में 46 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 2 छक्के और 5 चौके लगाए। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को जीत के लिए 221 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया था।




### पाकिस्तान की बल्लेबाजी धराशायी

पाकिस्तान की आधी टीम पॉवरप्ले के अंदर ही पवेलियन लौट गई थी। ओपनर जोड़ी मोहम्मद हरीस (2) और हस्सन जवाज (1) फ्लॉप रहे। कप्तान सलमान अली आगा भी 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शादाब खान (1) और खुशदिल शाह (6) ने भी निराश किया। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन अब्दुल समद ने भाई, जिन्होंने 30 गेंदों में 44 रन बनाए।

### जैकब डफी का मैच जिताऊ गेंदबाजी

डफी ने पाकिस्तान के टॉप बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाकर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने सलामी बल्लेबाज हस्सन नवाज (1) , कप्तान आगा सलमान (1), इरफ़ान खान नियाजी (24) और हारिस रऊफ (6) के रूप में 4 विकेट लिए। अपने 4 ओवरों के स्पेल में उन्होंने सिर्फ 20 रन दिए।

# आरसीबी की जीत से बना गजब का रिकॉर्ड!

## आईपीएल इतिहास में दूसरी बार हुआ ऐसा

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2025 के पहले मैच में हरा दिया। केकेआर ने पहले बैटिंग करते हुए 179 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। आरसीबी के लिए विराट कोहली ने कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाया। इस मुकाबले में आरसीबी की जीत के साथ एक गजब रिकॉर्ड बन गया।

दरअसल आरसीबी ने अपना ही एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आरसीबी की यह दूसरी ऐसी जीत है, सबसे ज्यादा गेंदें बची हैं। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 24 गेंदें रहते हुए मैच जीत लिया था। यह मुकाबला पिछले सीजन में खेला गया। अब आईपीएल 2025 में 22 गेंदें रहते हुए टीम ने जीत हासिल कर ली है। इससे पहले 2021 में आरसीबी ने 21 गेंदें रहते हुए मैच जीता था। कोलकाता ने बैंगलोर के खिलाफ 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान के साथ 174 रन बनाए थे। इस दौरान अजिंक्य रहाणे ने कप्तानी पारी खेली थी। रहाणे ने 31 गेंदों का सामना करते हुए 56 रन बनाए थे। सुनील नरेन ने 44 रनों की पारी खेली थी। इसके जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवरों में मैच जीत लिया था। कोहली ने 36 गेंदों में नाबाद 59 रन बनाए। फिलिप साल्ट ने 56 रनों की पारी खेली। रजत पाटीदार ने 34 रनों का योगदान दिया। जबकि लिविंगस्टन ने नाबाद 15 रन बनाए। बता दें कि आरसीबी का अगला मैच चेन्नई सुपर किंग्स से है। यह मुकाबला 28 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा। वहीं टीम का तीसरा मैच गुजरात टाइटंस से होगा।

### कोहली को गले लगाने वाला फैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल की शुरुआत शानदार हुई है। पहले मैच में आरसीबी ने केकेआर को 7 विकेट से हराया। विराट कोहली ने इस मैच में 59 रनों की नाबाद पारी खेली। उनके अर्धशतक के बाद एक फैन ईडन गार्डन्स ग्राउंड पर घुस आया था, जो कोहली के पास पहुंच गया। फैन ने पहले विराट कोहली के पैरो में गिर गया उसके बाद उसने कोहली को गले लगाया। सुरक्षाकर्मी आए और उसे पकड़कर मैदान से बाहर कर दिया। फैन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 329 के तहत मामला दर्ज हुआ है।




### आरसीबी ने 7 विकेट से जीता मैच

इस मैच में रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर केकेआर को बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया था। अजिंक्य रहाणे और सुनील नारायण की 103 रनों की साझेदारी से केकेआर की शुरुआत अच्छी हुई थी। क्रुणाल पांड्या ने शानदार स्पेल डालकर आरसीबी की वापसी कराई थी और केकेआर को 174 पर रोक दिया था। क्रुणाल पांड्या ने अपने 4 ओवरों के स्पेल में 29 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे। फिल साल्ट और विराट कोहली ने पहले विकेट के लिए 95 रन बनाकर लक्ष्य को आसान बना दिया था। साल्ट ने 31 गेंदों में 56 रन बनाए थे।

# शार्दूल ठाकुर एलएसजी से जुड़े



**नई दिल्ली।** आईपीएल की शुरुआत हो गई है। इस सीजन में एक टीम को अपने स्क्वॉड में बदलाव करना पड़ा है। दरअसल, लखनऊ सुपर जायंट्स एलएसजी का तेज गेंदबाज चोट के चलते इस सीजन से बाहर हो गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस खिलाड़ी को ऑक्शन से पहले रिटेन किया था। ऐसे में LSG को अपनी टीम में एक नए खिलाड़ी को शामिल करना पड़ा है। बीसीसीआई ने भी इस रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी है।

### लखनऊ सुपर जायंट्स में बड़ा बदलाव

लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान घुटने के लिगामेंट में चोट से जूझ रहे हैं। वह इस चोट की वजह से पिछले तीन महीनों से किसी भी क्रिकेट मैच का हिस्सा नहीं बने हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग कैंप में भी गेंदबाजी करते समय उनकी पिंडली में खिंचाव आ गया था। ऐसे में वह आईपीएल 2025 के सीजन से बाहर हो गए हैं। LSG ने उनकी जगह ऑक्शन में अनसोल्ड रहे मुंबई के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को अपनी टीम में शामिल किया है। बता दें कि लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल के बीच 24 मार्च को मैच खेला जाएगा।

### ठाकुर के लिए शानदार मौका

शार्दूल ठाकुर को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में कोई खरीददार नहीं मिला था। लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें एक बड़ा मौका दे दिया है। बता दें, वह पिछले कुछ दिनों ले ही लखनऊ की टीम के साथ जुड़े हुए थे, ऐसे में माना जा रहा था कि कभी भी उनकी टीम में एंट्री हो सकती है। लखनऊ के अभी भी 2 और गेंदबाजों पर सीजन से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। मयंक यादव और आकाश दीप भी अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं।

# मनोरंजन

## अवनीत कौर का ट्रांसफॉर्मेशन

अवनीत कौर इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं। उनके प्लास्टिक सर्जरी करवाने की अफवाहें आई थीं। अब एक्ट्रेस ने इस पर रिएक्ट किया है। एक्ट्रेस अवनीत कौर ने चाइल्ड एक्टर के तौर पर इंडस्ट्री में कदम रखा था। उन्हें इंडस्ट्री में बहुत प्यार मिला। उन्होंने मर्दानी फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इन दिनों वो अपने ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनके प्लास्टिक सर्जरी करवाने की खबरें आई थीं। अब एक्ट्रेस ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा कि वो कैमरे से सामने बड़ी हुई हैं और उन्हें ये सुनकर अजीब लगता है कि जब लोग कहते हैं कि मैं बदल गई हूं। अवनीत ने कहा कि जब वो पहली बार स्क्रीन पर आई थीं तो वो बिल्कुल बच्ची थीं। वो 7-8 साल की थीं। तो तब से अब में अपीरियंस तो चेंज होगी ही। अवनीत ने प्लास्टिक सर्जरी की खबरों को अफवाह बताया। उन्होंने अपनी ब्यूटी के पीछे के सीक्रेट का खुलासा किया। उन्होंने कहा- 'मैं अपनी स्किन को टाइट रखने के लिए सबकुछ करती हूं। मैंने अपने फीचर चेंज करने के लिए कुछ भी नहीं किया जैसे कि नोज जॉब। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है। मेरे फीचर ठीक हैं।' अवनीत ने 2010 में शो डांस इंडिया डांस से करियर की शुरुआत की थी। वो शो से सेमी फिनाले से पहले आउट हो गई थीं। फिर 2012 में एक्टिंग डेब्यू किया। वो मेरी मां शो में नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म मर्दानी में काम किया। वो करीब करीब सिंगल में भी दिखीं। उन्होंने टीकू वेड्स शेरू में लीड एक्ट्रेस के तौर पर डेब्यू किया। इस फिल्म को कंगना रनौत ने प्रोड्यूस किया था। वो लव की अरेंज मैरिज में भी नजर आईं।



## रॉबिनहुड में दिखेंगे क्रिकेटर डेविड वार्नर



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर क्रिकेट के साथ- साथ एक्टिंग में भी एंट्री कर चुके हैं। इस बात का अंदाजा फैंस तो तब ही लग चुका था, जब वे पुष्पा पर बैक टू बैक रील डालते थे और फिर आखिरकार उन्हें साउथ सिनेमा से फिल्म में काम करने का मौका भी मिल गया। जी हां, वार्नर अब खेल जगत के बाद अब निर्देशक वेंकी कुदुमुला की अपकमिंग एक्शन फिल्म 'रॉबिनहुड' के साथ डेब्यू के लिए तैयार हैं। वार्नर रविवार को आयोजित ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए हैदराबाद पहुंचे। मैत्री मूवी मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर डेविड वार्नर की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'डेविड भाई आज रॉबिनहुड ट्रेलर लॉन्च और ग्रैंड प्री-रिलीज इवेंट के लिए हैदराबाद आ चुके हैं। फिल्म 28 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।' निर्देशक वेंकी कुदुमुला की अपकमिंग तेलुगू एक्शन 'रॉबिनहुड' का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर कर आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर का भारतीय सिनेमा की दुनिया में स्वागत किया।

## भाईजान को मनोज तिवारी ने लगाया गले



सलमान खान 'सिकंदर' ईद के मौके पर 30 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। सलमान फिल्म के प्रमोशन में लग गए हैं। इसमें वह रश्मिका मंदाना के साथ दिखाई देंगे। 'सिकंदर' की रिलीज से पहले, ,सलमान खान को मुंबई में एक क्रिकेट मैच को एन्जॉय करते हुए देखा गया। इस दौरान, सलमान खान ने भोजपुरी एक्टर-सिंगर और पॉलिटिशियन मनोज तिवारी के साथ भी मुलाकात की। इस मुलाकात का वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों की मुलाकात जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो मुंबई के एमसीए क्रिकेट ग्राउंड का है। जिसमें देखा जा सकता है कि जब मनोज तिवारी का नाम पुकारा गया, तो उन्होंने सलमान खान से हाथ मिलाया और दौड़कर उनके पास पहुंचे। वह मैदान में फिल्डिंग कर रहे थे। उनकी प्रतिक्रिया इतनी मजेदार थी कि सलमान समेत सभी हंस पड़े। बाद में, मनोज तिवारी फिर से सलमान खान से मिलने आए और कुछ चर्चा भी की। फैंस ने इस पर प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में दिल वाले इमोजी छोड़ रहे हैं। एक फैन ने लिखा, "सही है सभी लोग अपनी मस्त जिंदगी जी रहे हैं।" एक अन्य ने लिखा, "सलमान खान, आप बहुत खूबसूरत हैं और दाढ़ी में और भी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं।"

बता दें, बीजेपी सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मुंबई के एमसीए क्रिकेट स्टेडियम में टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक फ्रेंडली टी20 क्रिकेट मैच आयोजित किया। इस मैच में अनुराग ठाकुर की कप्तानी वाली लीडर्स XI का सामना सुनील शेट्टी की कप्तानी वाली एक्टर्स XI से हुआ।

## प्रियंका ने वसूली भारी भरकम फीस

भारतीय सिनेमा में एक्टर्स की फीस एक बहुत ही सीक्रेट मिस्ट्री मानी जाती है लेकिन कभी-कभी कुछ खबरें सोर्सेज के जरिए बाहर आ ही जाती हैं और छिपी खबरें सबके सामने आ जाती हैं। भले ही मेल सुपरस्टार अब हर फिल्म के लिए 100 करोड़ से ज्यादा चार्ज कर रहे हैं लेकिन एक्ट्रेसेज भी अब धीरे-धीरे उनसे आगे निकल रही हैं। भारत में सबसे ज्यादा फीस पाने वाली एक्ट्रेस का खिताब हाल ही में बदल गया जब अभिनेत्री ने अपनी वापसी वाली फिल्म के लिए 30 करोड़ की फीस ली। प्रियंका चोपड़ा लगभग छह साल बाद एसएस राजामौली की फिल्म के साथ वापसी कर रही हैं जिसमें महेश बाबू लीड रोल में हैं। प्रियंका 20 से ज्यादा साल के बाद दक्षिण सिनेमा में वापसी कर रही हैं। इस साल की शुरुआत में बताया गया था कि प्रियंका ने इस फिल्म के लिए 30 करोड़ की भारी भरकम फीस ली है, जो किसी भारतीय एक्ट्रेस की एक फिल्म के लिए अब तक की सबसे ज्यादा फीस है। एक सोर्स ने कहा, "इसलिए उन्होंने इस प्रोजेक्ट में उनके शामिल होने की अनाउंसमेंट करने में इतना समय लिया। वह अपनी फीस पर समझौता करने को तैयार नहीं थीं। हमारी फिल्मों में केवल हीरो को ही दोहरे अंकों में सैलरी क्यों मिलना चाहिए?



## दंगल में थे 5 क्लाइमैक्स



आमिर खान की फिल्म 'दंगल' साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उन्होंने पहलवान महावीर सिंह फोगाट का रोल निभाकर लोगों के दिलों को जीत लिया था। दंगल का डायरेक्शन नितेश तिवारी ने किया था और कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी। हाल ही में नितेश तिवारी ने बताया कि 'दंगल' की कहानी को पन्ने पर उतारते समय उनके सामने क्या सबसे बड़ी चुनौती थी और फिर उन्होंने इसका समाधान कैसे निकाला था। कोमल नाहटा के पॉडकास्ट 'गेम चेंजर्स' पर नितेश तिवारी ने बताया कि उन्होंने 'दंगल' का क्लाइमैक्स तैयार करने में बड़ी मुश्किल आई थी। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी बाधा यह थी कि ऑडियंस को पहले से पता था कि गीता फोगाट ही स्वर्ण पदक जीतेगी, इसके बावजूद कहानी को दिलचस्प बनाना मुश्किल था। सस्पेंस को बरकरार रखने के लिए उन्होंने आमिर खान के किरदार को बाहर रखने का फैसला लिया। नितेश ने बताया, 'राइटर लेखक के तौर पर यह हमारे लिए चिंताजनक था कि सस्पेंस के साथ फिल्म के क्लाइमैक्स को कैसे तैयार करें। दर्शकों को पता था कि गीता स्वर्ण जीतने वाली है। अब हम ऑडियंस के लिए इसे थोड़ा मुश्किल या अलग कैसे बना सकते हैं? इसलिए हमने महावीर सिंह फोगाट के किरदार को फाइनल मैच से बाहर रखने का फैसला किया और इसके लिए 5 अलग-अलग वर्जन तैयार किए। हमारी कोशिश रंग लाई और दर्शकों का ध्यान गीता जीतेगी या नहीं की जगह गीता अपने पिता की गैरमौजूदगी में कैसे जीतेगी इस पर चला गया।' साल 2016 में आई इस फिल्म में एक बड़ी गलती भी हो गई थी, जिस पर किसी का ध्यान नहीं गया। लेकिन 'सदी के महानायक' अमिताभ बच्चन ने वो गलती पकड़ ली थी और आमिर खान को इसके बारे में बताया था। बाद में आमिर ने भी माना कि हां वो गलती थी। आमिर ने खुद इसका खुलासा किया है। " बिग बी ने एक्टर से कहा था, "एक शॉट में आप कैरेक्टर से बाहर आ गए।" आमिर ने पूछा, 'कौन सा शॉट?' फिर आमिर ने कहा, फिल्म में कुश्ती के दौरान वो एक शॉट में 'यस' बोलते हैं जो कि उनके फिल्म में निभाए गए किरदार महावीर सिंह फोगाट के लिए ठीक नहीं था। आमिर के मुताबिक उन्हें 'वाह' या 'शाबाश' जैसा कुछ कहना था, लेकिन शॉट एडिट नहीं हो पाया।

सिंहस्थ कुंभ मेला तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

# कुंभ मेला प्राधिकरण कानून जल्द : फडणवीस

## त्र्यंबकेश्वर विकास योजना के पहले चरण के कार्यों की होगी शुरुआत

**नासिक।** देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर मंदिर परिसर के समग्र विकास के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। सिंहस्थ कुंभ मेले के मद्देनजर त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र के धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास के लिए तैयार किए गए विकास कार्यों के पहले चरण के कार्यों को मंजूरी देकर शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह सभी कार्य उच्च गुणवत्ता और बेहतरीन मानकों के अनुसार होंगे। राज्य सरकार की ओर से इन विकास कार्यों के लिए आवश्यक निधी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री फडणवीस शासकीय विश्रामगृह में आगामी सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 के दृष्टिगत त्र्यंबकेश्वर विकास के लिए तैयार किए गए विकास कार्य की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। फडणवीस ने कहा कि त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना अत्यंत सुंदर है। इस क्षेत्र के विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए विकास कार्य को सख्ती से लागू किया जाएगा। उच्चाधिकार समिति और मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति के माध्यम से इस विकास कार्य को मंजूरी दी जाएगी। इसके तहत त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे।




### स्थानीय नागरिकों का रखा जाएगा ध्यान

आगामी सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। कुंभ मेले के दौरान नासिक और त्र्यंबकेश्वर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिकतम उपयोग में लाया जाए और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कचरा प्रबंधन और शौचालय व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए, ऐसी महत्वपूर्ण निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए।

### प्रयागराज की तर्ज पर बनेगा प्राधिकरण

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर जल्द ही कुंभ मेला प्राधिकरण कानून बनाया जाएगा। इससे कुंभ मेले से जुड़े कार्यों को कानूनी ढांचा प्राप्त होगा और भीड़ प्रबंधन को सुचारू रूप से किया जा सकेगा। आयोजन के दौरान विभिन्न सुविधाओं के उत्तम प्रबंधन के लिए यह आवश्यक है। गोदावरी नदी के शुद्धिकरण के लिए मल-निस्सारण परियोजनाओं को शीघ्र प्रारंभ किया जाए और इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

- इस अवसर पर जलसंपदा मंत्री गिरीश महाजन, शालेय शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, विधायक देवयानी फरांडे, सीमा हिरे, डॉ. राहुल आहेर, विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम, पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रय कराळे, पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक, जिलाधिकारी जलज शर्मा, महानगरपालिका आयुक्त मनीषा खत्री, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशिमा मित्तल, नासिक महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. माणिकराव गुरसळ, पुलिस अधीक्षक विक्रम देशमाने, सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



फोटो -सुरेश भंसाली

**मुंबई।** उद्योगपति, समाजसेवी एवं गौभक्त बाबूलाल भंसाली को नवकार दिवस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देने जीतो अपेक्स के अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी 'भंसाली निवास' पहुंचे। आगामी 9 अप्रैल को पूरे भारत भर में नवकार दिवस मनाने का संकल्प लिया गया है। बाबूलाल भंसाली को इस कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहेंगे।

## प्रधानमंत्री की पत्नी ने किए बांकेबिहारी के दर्शन


### ठाकुरजी के लिए खरीदी पोशाक

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जसोदाबेन ने शनिवार को श्रीबांकेबिहारी मंदिर में दर्शन कर ठाकुरजी का आशीर्वाद लिया। ठाकुरजी के दर्शन के बाद उन्होंने स्थानीय बाजार से भगवान की विशेष पोशाक भी खरीदी। उनकी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गुजरात पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस बल भी तैनात रहा। मंदिर सेवायतों ने उन्हें विधिपूर्वक दर्शन कराए और मंदिर की परंपराओं की जानकारी दी। उन्होंने ठाकुरजी के चरणों में शीश नवाया और भक्तिभाव से प्रार्थना की। दर्शन के बाद जसोदाबेन ने वृंदावन के प्रसिद्ध बाजार से ठाकुर जी के लिए सुंदर पोशाक भी खरीदी। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से पोशाक के बारे में जानकारी ली। ठाकुरजी की सेवा के लिए विशेष रूप से पोशाक को चुना। जसोदाबेन के मंदिर आगमन को लेकर गुजरात पुलिस और स्थानीय पुलिस ने मिलकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दर्शन के बाद वह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं।



## नरेंद्र चौधरी को भरतनाथ जी महाराज ने किया सम्मानित

**मुंबई।** मुंबई के आचार्य तुलसी सभागृह में 23 मार्च 2025 रविवार को सांचौर के कमालपुरा में श्री चरणनाथ जी महाराज मंदिर में जमीन खरीदने के लिए आर्थिक सहयोगकर्ताओं का बहुमान समारोह आयोजित किया। इसमें ग्यारह लाख रुपए के आर्थिक सहयोगी भामाशाह भाजपा युवा नेता नरेंद्र चौधरी (मोटानी परिवार) को महंत श्री 108 श्री भरतनाथ जी ने श्रीफल और दुपट्टे से सम्मानित कर आर्थिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आंजणा कलबी समाज संघ मुंबई के अध्यक्ष प्रखाराम चौधरी प्रतापपुरा, पूर्व अध्यक्ष गोवाराम चौधरी, वगताराम आंजणा, डायाराम भुरिया, धवल चौधरी, सांवलाराम हरियाली पंचायत सदस्य सांचौर, T. K. पटेल, हरदाजी काला, नरसीराम धूमबडिया, थानाराम आलपुरा, मफाराम डेलिकेट कमालपुरा, थानाराम पूर्व सरपंच जोधावास, जोराराम आलपुर सहित सैकड़ों प्रवासी बंधु उपस्थित रहे।



राजपुरोहित सेवा संघ, मलाड

## प्रथम होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स**

**मुंबई।** राजपुरोहित सेवा संघ मलाड का प्रथम होली स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ श्री खेतेश्वर भगवान की तस्वीर को माला व दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। उसके बाद पुरुषों ने गेर खेलकर आनंद लिया। महिलाओं ने ढोल की ताल पर गरबा की प्रस्तुति दी। स्नेह मिलन समारोह में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और समारोह को सफल बनाया। स्नेह मिलन समारोह सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्य अतिथि छगन सिंह का संस्था के अध्यक्ष नरपत सिंह राजपुरोहित खांडादेवल ने साफा व माला पहनाकर सत्कार किया। आहोर विधायक राजपुरोहित ने सभी समाजबंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी राजपुरोहित समाज को एकता व अखंडता में रखकर प्रान्तवाद-क्षेत्रवाद से दूर रहना चाहिए क्योंकि हम सब एक हैं। हम सभी एक ही ऋषि की संतान हैं। आहोर विधानसभा व अन्य जिले में उपस्थित व्यक्ति का मेरे लायक कोई भी काम हो तो वह आधी रात को मुझसे सीधा संपर्क कर सकते हैं। उसी कड़ी में संस्था अध्यक्ष नरपतसिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे प्रथम होली स्नेह मिलन समारोह में आहोर के विधायक छगन सिंह राजपुरोहित उपस्थित हुए हैं। यह हमारे समाज के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने सभी समाज बंधुओं से आह्वान किया है कि अगर किसी के मन में द्वेष की भावना या अन्य कोई समाज के प्रति गिला शिकवा हो तो यहीं पर खत्म करके जाएं। ताकि हमारे समाज के प्रति समर्पित भाव रखकर समाज विकास में सहयोग प्रदान करें। इसी कड़ी में उत्तम राजपुरोहित, दिलीप राजपुरोहित जुजाणी, गणपत सिंह राजपुरोहित पातावा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अध्यक्ष नरपत सिंह खांडादेवल, दिलीप जुजाणी, राजू सिंह ऊन, जबर सिंह मायला वास, महेंद्र सिंह ऊन, सवाई सिंह, गणपत सिंह पातावा, रुप सिंह, गणपत सिंह घंटियाला, कमलेश अगवरी, मनोहर सिंह, रमेश बसंत, महेंद्र ओडवाड़ा, उत्तम सिंह कालेटी, गोविंद सरतरा समेत सैकड़ों राजपुरोहित समाजबंधु मौजूद थे।

## हिंदुओं के सभी त्योहारों पर शराबबंदी अभियान

- मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

**जयपुर।** हिंदू धर्म के सभी त्योहारों पर शराबबंदी रोकने के लिए प्रदेशभर में अभियान चलेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर में आयोजित शहर के मंदिरों के महंतों की धर्म सभा में सर्वसम्मति से विक्रम संवत 2082 में दीपावली 20 अक्टूबर को मनाने पर सहमति बनी। धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय ने बताया कि गोविंद देव जी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में हुई धर्म सभा की अध्यक्षता महाराजा संस्कृत कॉलेज के ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष रामपाल ने की। इस मौके पर प्रयाग राज महाकुंभ गोविंद धाम में विशेष सेवा देने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं को मानस गोस्वामी ने दुपट्टा, प्रसाद और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस उत्सव

## सीएम भजनलाल शर्मा प्रदेशवासियों को देंगे सौगात

**जयपुर। राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार वृहद् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंशानुरूप 25 से 31 मार्च तक प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।**



- मरूधरा बाड़मेर में मातृवंदन उत्सव का आगाज
- 75 साल बाद भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस की शुरुआत

### महिलाओं को मिलेगा योजनाओं का लाभ

इस अवसर पर आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन के माध्यम से लाड़ो प्रोत्साहन योजना की लाभार्थियों एवं विभिन्न महिला समूहों को सीआईएफ राशि का हस्तांतरण किया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की महिलाओं को इंडक्शन कुकटाप, कालीबाई भील योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरण एवं विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वितों को स्वीकृति पत्र का वितरण सहित कई सौगातें दी जाएगी।

### विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

गरीब और अंत्योदय समारोह के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों को डीबीटी, डेयरी बूथ अलॉटमेंट, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण एवं विद्युत चालित चाक का वितरण सहित विभिन्न सौगातें दी जाएगी। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए जाएंगे। वहीं सुशासन समारोह के तहत प्रदेश की जनता को विभिन्न कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण की भी सौगात दी जाएगी।

### किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम

राजस्थान दिवस समारोह का आगाज 25 मार्च को मरूधरा बाड़मेर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित मातृवंदन को समर्पित 'महिला सम्मेलन' से होगा। 26 को 'किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम' के मुख्य समारोह का आयोजन बीकानेर तथा 27 को 'गरीब एवं अंत्योदय' का मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' भीलवाड़ा में एवं 29 को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन कोटा में होगा। राज्य स्तरीय 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को एवं राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' 31 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

## महाकाल मंदिर में भक्तों से धोखाधड़ी



- 14 आरोपी, 42 गवाह, 90 दिन चली जांच
- 2360 पन्नों की चार्जशीट पेश

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल मंदिर में करीब से दर्शन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 90 दिन की गहन जांच के बाद शुक्रवार को कोर्ट में 2360 पन्नों की चार्जशीट पेश की। इस चार्जशीट में 14 आरोपियों के नाम और 42 गवाहों के बयान दर्ज है। खास बात यह है कि मंदिर समिति से जुड़े 10 आरोपी जेल में हैं, जबकि 4 आरोपी अब भी फरार है। फरार आरोपियों पर पुलिस ने 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। महाकाल थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार के अनुसार धारा 318(4), 316(2), 316 (5) के तहत केस दर्ज किया गया था। करीब 90 दिन तक चली जांच के बाद पुलिस ने शुक्रवार को अदालत में 2360 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। पुलिस का मानना है कि यह मामला संगठित अपराध से जुड़ा है। इसलिए संभावना है कि जांच के बाद इस पर संगठित अपराध की धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

### ईडी शुरू कर सकती जांच

महाकाल थाना पुलिस ने इस मामले की पूरी जानकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भेज दी है। ईडी ने महाकाल मंदिर में हुए फंड ट्रांजेक्शन की जानकारी मांगी थी। ईडी की टीम जल्द ही उज्जैन पहुंच सकती है। 19 दिसंबर 2024 को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने नंदी हॉल में उत्तरप्रदेश, गुजरात के श्रद्धालुओं को पकड़ा।

### खुला पूरा खेल

20 दिसंबर को सुरक्षा प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, सफाई निरीक्षक विनोद चौकसे, जिला प्रोटोकॉल कर्मचारी अभिषेक भार्गव, सभा मंडप के दर्शन प्रभारी राजेंद्र सिसोदिया, आईटी प्रभारी राजकुमार सिंह, मंदिर कर्मचारी रितेश शर्मा और पूर्व नंदी हॉल प्रभारी उमेश पंड्या को आरोपी बनाया गया।

## अयोध्या को मिलेगी एक और सौगात

### वाटर-वे से पहुंचेंगे हल्दिया घाट

**अयोध्या।** रामनगरी को एक और सौगात मिलने वाली है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ड्रीम सिटी कही जाने वाली अयोध्या को यह सौगात बहुत जल्द मिलने वाली है। इसे लेकर अब तैयारी भी तेज कर दी गई है। जल्द ही पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अयोध्या पहुंचने के लिए एक और मार्ग की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देने वाले हैं। वायु मार्ग, रेल मार्ग, सड़क मार्ग के बाद अयोध्या को पूरे देश से जोड़ने के लिए वाटर मार्ग का खाका का जल्द तैयार होने वाला है। वॉटरवे की सौगात देने की बात सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में मंच से ऐलान भी किया। योगी आदित्यनाथ के मुताबिक अब अयोध्या के सरयू नदी से बलिया होते हुए हल्दिया तक वॉटरवे तैयार किया जा रहा है। अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने मंच से कहा, "निकट भविष्य में हम लोग अयोध्या से बलिया होते हुए हल्दिया घाट तक वॉटरवे की शुरुआत करने जा रहे हैं।" आपको बता दें कि जब भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या आते हैं तो अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और अयोध्या वासियों को कुछ ना कुछ बड़ी सौगात देते हैं।

भारतीय ज्ञान परंपरा

## पर्यावरण और संपोषी विकास विषय पर सेमिनार

### भारत की पारंपरिक पद्धतियों में जलवायु समस्या का समाधान : हर्षा बंगारी

**मुंबई।** भारतीय निर्यात आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने "भारतीय ज्ञान परंपराः पर्यावरण और संपोषी विकास" विषय पर बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मुंबई के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का उद्घाटन प्रबंध निदेशक हर्षा बंगारी और उप प्रबंध निदेशक दीपाली अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि, पद्मश्री चैत्राम पवार सहित अन्य वक्ताओं के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने तो प्रकृति को माता के रूप में सम्मान दिया है। हमारी भारतीय पारंपरिक जीवनशैली में प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करने का सिद्धांत था। आज, जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत की पारंपरिक पद्धतियां और आधुनिक नवाचार प्रभावी समाधान दे सकते हैं।" महाप्रबंधक नवेंदु वाजपेयी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सेमिनार के विषय चयन और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उप प्रबंध निदेशक दीपाली अग्रवाल द्वारा संकल्पतरु और अक्षयपात्र प्रमाणपत्रों से मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री चैत्राम पवार ने कहा कि जल, जंगल, ज़मीन, जन और पशुधन मानव अस्तित्व के लिए सबसे जरूरी हैं और भारतीय पारंपरिक ज्ञान तथा भारतीय गांवों में वो संसाधन हैं, जो संपोषी विकास के स्वप्नस को साकार कर सकते हैं। तामुल प्लेट्स मार्केटिंग प्रा. लि के संस्थापक और सीईओ अरिंदम दासगुप्ता ने कहा कि इस धरती पर जो कुछ भी पर्यावरण को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना सरलता से इसी धरती में मिल जाए, गायब हो जाए, अदृश्य हो जाए, वही संपोषी है। अनूठी की संस्थापक जयमाला गुप्ता ने कहा कि संपोषी विकास में महिलाओं व युवाओं की भूमिका अहम है अतः संपोषी पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए उनका कौशल विकास जरूरी है। वरिष्ठह पर्यावरण पत्रकार निधि जाम्वाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्यावरण और संपोषी पद्धतियों का पहला ज्ञान हमें हमारी मां-नानी-दादी से मिलता है। जलवायु परिवर्तनों से हो रही समस्याओं के समाधान में ग्रामीण महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय है। इस दौरान नराकास अध्यक्ष और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के महाप्रबंधक, गिरीश थोरात विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष शीतला प्रसाद दुबे भी इस सेमिनार में विशेष उपस्थिति रहे तथा सत्र के दौरान इन्होंने अपने विशेष संबोधन से संबोधित किया। इस वर्ष नराकास (उपक्रम) की सदस्य संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा गया। इस सेमिनार में विभिन्नर बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों, मुंबई स्थित नराकास उपक्रम की विभिन्नव सदस्य संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों, मुंबई स्थित विभिन्नों महाविद्यालयों के छात्रों और प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।




## पांच और छात्राओं ने पुलिस को भेजे प्रोफेसर के खिलाफ गुमनाम पत्र

**हाथरस।** छात्राओं के यौन शोषण व दुष्कर्म के मामले में पीसी बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर रजनीश के जेल जाने के बाद उसके पाप लगातार सामने आ रहे हैं। कोतवाली हाथरस गेट में दो मुकदमा दर्ज होने के बाद अब पीड़ित छात्राएं लगातार शिकायतें कर रही हैं। अब तक पुलिस को पांच शिकायती पत्र प्राप्त हो चुके हैं। प्रोफेसर रजनीश कुमार के खिलाफ छात्राओं के यौन शोषण के दो मुकदमे दर्ज किए थे। इन दो मुकदमों के दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर को प्रयागराज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अब पुलिस इस मामले की कड़ियों को जोड़ने में लग गई है। हैरानी की बात यह है कि आरोपी के जेल जाने के बाद भी यौन शोषण की शिकायतों के थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पीड़िताएं बिना नाम के शिकायती पत्रों को भेज रही हैं। सभी शिकायतों में नौकरी दिलवाने के नाम पर, अधिक नंबर देने के नाम पर व मंहगे मंहगे गिफ्ट दिए जाने के बाद यौन शोषण किए जाने की बात लिखी गई है। इन शिकायतों के आने के बाद पुलिस पीड़िताओं की तस्दीक में जुट गई है। हालांकि अभी कोई पीड़िता सामने नहीं आई है।

## परिजनों को जाल में फंसाकर लड़की से रेप, तांत्रिक गिरफ्तार

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा के सोहागी थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बीमार युवती को प्रेत बाधा बताकर झाड़ फूंक करने के दौरान एक तांत्रिक ने उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपी ने परिवार वालों को एक गोला बनाकर उसमें बैठा दिया। फिर दूसरे कमरे में ले जाकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। सोहागी थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सोहागी थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़ित 20 वर्षीय युवती कुछ समय से बीमार चल रही थी, जिसे परिजनों ने समर उर्फ समरेंद्र नाम के तांत्रिक को दिखाया। इसके बाद उसे ठीक करने तांत्रिक उनके घर पहुंचा। घर पहुंचे तांत्रिक ने एक बड़ा गोला बनाया और उसके अंदर सभी घर वालों को बैठा दिया। इसके बाद युवती को झाड़ फूंक के लिए दूसरे कमरे में ले गया और शरीर से भूत निकालने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।